CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मेरठ, सोमवार 3 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 153 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अति आत्मविश्वास से बचें: जस्टिस सूर्यकांत पेज 2



सुंदर की आतिशी पारी ने भारत को दिलाई बराबरी खेल टाइम्स



चुनावी मौसम में देश के पत्रकारों का कर्तव्य सम्पादकीय



ट्रम्प 2.0 में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम 91 प्रतिशत बढ़ा पेज 12

# इसरो ने लॉन्च किया 'बाहुबली' एलवीएम3-एम5 रॉकेट

## जीटीओ तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट, नौसेना की क्षमताओं को करेगा और मजबूत

**श्रीहरिकोटा, वार्ता**



**इसरो ने** 2 नवम्बर को शाम 5.26 बजे बाहुबली रॉकेट से 4400 किलो का सैटेलाइट लॉन्च किया। ये भारतीय जमीन से जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक लॉन्च होने वाला सबसे भारी सैटेलाइट है। ये नौसेना की कम्युनिकेशन क्षमताओं को और मजबूत करेगा। जीटीओ (29,970 किमी) एक अंडाकार ऑर्बिट है। रॉकेट ने इस आर्बिट में सैटेलाइट छोड़ दिया है।

अब 3-4 दिन बाद सैटेलाइट इंजन फायर होगा और ये ऑर्बिट को सर्कुलर कर लेगा। इसे जियोस्टेशनरी आर्बिट (जीईओ) कहते हैं। इसमें सैटेलाइट 24 घंटे कवरेज दे सकता है। इससे पहले इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन में 3900 केजी पेलोड जीटीओ में भेजा था। जीटीओ में भेजा गया दुनिया का सबसे भारी सैटेलाइट इकोस्टार 24 (जुपिटर 3) है। इसका वजन लॉन्च के समय करीब 9,000 किलो था। इसे स्पेसएक्स के फाल्कन हैवी रॉकेट से लॉन्च किया गया था। स्टड3 लॉन्च व्हीकल की ये पांचवीं ऑपरेशनल फ्लाइट (एलवीएम3-एम5) है। व्हीकल ज्यादा वजन ले जा सके इसके लिए इसमें स्ट्रक्चरल चेंजेस किए गए हैं। इसके अलावा थ्रस्ट बढ़ाने के लिए इंजन में भी कुछ बदलाव हुए हैं। स्ट्रक्चरल चेंजेस से इसे थोड़ा हल्का किया गया है। सीएम-03 एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो हिंद महासागर के बड़े इलाके सहित पूरे भारतीय इलाके को सर्विस देगा। ये भारत को कंटीन्यूएस कवरेज देगी। ये एक जीएसएटी-7 आर सैटेलाइट है, जिसका कोडवर्ड सीएमै-03 है। ये श्रीहरिकोटा स्पेसपोर्ट से लॉन्च होगा। ये पुराने हो चुके जीएसएटी-7 (रुक्मिणी) सैटेलाइट की जगह लेगा, जो फिलहाल नौसेना के कम्युनिकेशन्स का मुख्य आधार है। रुक्मिणी ने युद्धपोतों, पनडुब्बियों, विमानों और किनारे पर बने कमांड सेंटर्स के बीच सुरक्षित रीयल-टाइम कनेक्शन मुमकिन किए हैं। सीएईएस-03 आर सैटेलाइट भारत की नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर क्षमताओं को कई गुना मजबूत कर देगा। ये नौसेना के ऑपरेशन्स, एयर डिफेंस और स्ट्रैटेजिक कमांड कंट्रोल के लिए रीयल-टाइम कम्युनिकेशन मुहैया कराएगा, वो भी विशाल समुद्री और जमीन वाले इलाकों में। जियोस्टेशनरी ऑर्बिट (जीईओ) यानी धरती से 36,000 किलोमीटर ऊपर की गोल कक्षा। इस आर्पबिट में सैटेलाइट पृथ्वी को लगातार देख सकता है। ये 24 घंटे कवरेज के लिए जरूरी है। इसी वजह से कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को हमेशा जीईओ में ही रखना पड़ता है। इसरो आमतौर पर भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को फ्रेंच गयाना में यूरोपीय स्पेसपोर्ट से लॉन्च करता है। ये पहली बार है जब ये भारतीय मिट्टी से 4.4 टन का सैटेलाइट लॉन्च हुआ। इसरो ने पहले 5 दिसम्बर 2018 को एरियन-5 रॉकेट की मदद से फ्रेंच गयाना से जीएसएटी-11 लॉन्च किया था, जो 5,854 किलो का था। ये इसरो का अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट है। स्टड3 रॉकेट का सबसे भारी पेलोड लो अर्थ आर्बिट तक पहुंचाने का रिकॉर्ड वन वेब मिशन से जुड़ा है। इसमें 5,800 किलो का पेलोड धरती से 450 किमी ऊपर भेजा गया था। ए 36 छोटे सैटेलाइट्स का ग्रुप था, सिंगल नहीं। ये सिंगल कम्युनिकेशन सैटेलाइट के मामले में नया रिकॉर्ड है। 1999 में हुई कारगिल जंग में कम्युनिकेशन के लिए अमेरिका ने मदद से मना कर दिया था। इसके बावजूद भारत ने इस जंग में पाकिस्तान को हरा दिया था। 1999 में कारगिल की ऊंची-ऊंची चोटियों पर पाकिस्तानी घुसपैठिए छिपे हुए थे। भारतीय सेना को सटीक लोकेशन और सैनिकों की मूवमेंट ट्रैक करने के लिए ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम की सख्त जरूरत थी। भारत ने अमेरिका से मदद मांगी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। कारगिल खत्म होने के बाद भारत ने दो मोर्चों पर काम चालू किया। भारत के पास पहले से इनसैट सीरीज के सैटेलाइट्स थे, जो वाइस काल्स, डेटा ट्रांसमिशन और सिचुएशनल अवेयरनेस में थोड़ी मदद कर रहे थे।

■ **कारगिल जंग से सबक लेकर इसरो ने बनाया अपना सैटेलाइट नेटवर्क, नेवी की ताकत बढ़ेगी**

### डाटा सुरक्षित और तेजी से उपलब्ध होगा

सीएमएस-03 का पूरा नाम कम्युनिकेशन सैटेलाइट मिशन-03 है। यह मल्टी-बैंड संचार उपग्रह कई तरह की रेडियो तरंगों पर काम करेगा। इसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी, वीडियो कान्फ्रेंसिंग और सुरक्षित डाटा ट्रांसमिशन जैसी सुविधाएं होंगी। इससे दूरदराज के इलाकों, जहाजों और हवाई जहाजों तक मजबूत संचार नेटवर्क उपलब्ध होगा और पहले के संचार उपग्रहों की तुलना में तेजी से डाटा उपलब्ध होगा। इसरो ने बताया कि विशेष तौर पर नौसेना के लिए विकसित यह संचार उपग्रह सात साल काम करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तेलंगाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस ऑफिस पर हमला किया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के खम्मम जिले के मनुगुरु इलाके में रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) के स्थानीय ऑफिस पर हमला कर दिया। उन्होंने ऑफिस में तोड़फोड़ की, फर्नीचर जलाया और कांग्रेस का झंडा फहरा दिया। वायरल वीडियो में कांग्रेस के झंडे थामे लोग बीआरएस ऑफिस में घुसते और नारेबाजी करते दिखाई दिए। झड़प के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट हुई और कुछ लोग घायल भी हुए। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हमें हमारा ऑफिस वापस दो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन भी किया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीआरएस शासन के दौरान उनका ऑफिस जबरन कब्जा कर लिया गया था। उनका कहना है कि तब के विधायक ने पुलिस सुरक्षा में कांग्रेस दफ्तर पर कब्जा कर उसे बीआरएस के गुलाबी रंग में रंगवा दिया था। हम इसे फिर वापस लेंगे।

### 'मोन्था' का असर खत्म, अब बारिश नहीं, ठंड बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** मोन्था तूफान का असर लगभग खत्म हो गया है। इसके रूट में आने वाले राज्यों में अब बारिश नहीं होगी। हालांकि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल में बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक पहाड़ी राज्यों और मैदानी इलाकों में अगले 3-4 दिन में तापमान में गिरावट होगी, जिससे ठंड बढ़ेगी। हिमाचल में 4 और 5 नवम्बर को बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। तीन नवम्बर की रात से वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। फिलहाल कुकुमसेरी में तापमान माइनस 1.2 डिग्री सेल्सियस और ताबो में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। इधर, राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई। एम्स और आसपास के इलाकों में एआईक्यू लेवल 420 तक पहुंच गया है।

### SIR नहीं रोका गया, तो अदालत जाएगा तमिलनाडु

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने चुनाव आयोग पर केंद्र सरकार के अधीन काम करने का आरोप लगाते हुए आयोग से तमिलनाडु में 4 नवम्बर से शुरू होने वाले प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को रोकने की मांग की। श्री स्टालिन की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से पारित इस प्रस्ताव में कहा गया कि अगर चुनाव आयोग इस प्रक्रिया को नहीं रोकता है, तो तमिलनाडु के पास देश की शीर्ष अदालत में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। श्री स्टालिन ने एसआईआर को लोगों के मताधिकार छीनने वाली प्रक्रिया कहा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने एसआईआर प्रक्रिया की घोषणा ऐसे समय में की है जब तमिलनाडु में 2026 के अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर मोदी का तंज

**पटना, वार्ता**



■ **कहा: आरजेडी ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रख सीएम पद का ऐलान कराया**

■ **कांग्रेस की पहचान सिखों के कत्लेआम से है, कांग्रेस के लोगों ने सिखों को नरसंहार किया था**

**बिहार विधानसभा** चुनाव में पहले चरण के मतदान से चार दिन पहले आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने पहले राजद और कांग्रेस को देश के मुद्दे पर घेरा और फिर बिहार चुनाव में खींचतान तक लेकर आए।

पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश की सेना की इतनी बड़ी सफलता कांग्रेस और राजद को पसंद नहीं आई। धमाके पाकिस्तान में हो रहे थे और नींद कांग्रेस के शाही परिवार की उड़ी हुई थी। आज तक कांग्रेस और राजद के नामदार ऑपरेशन सिंदूर के सदमे से बाहर नहीं निकल पाए। आज विकसित बिहार के संकल्प के साथ पूरा एनडीए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद के अंदर घमासन मचा हुआ है। अंदर की बात यह है कि नामांकन वापस लेने के एक दिन पहले बंद कमरे में गुंडागर्दी का खेल खेला गया। कांग्रेस कभी नहीं चाहती थी कि सीएम पद पर राजद के उम्मीदवार का नाम तय हो, लेकिन, राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर सीएम पद चोरी कर लिया। फिर जबरन सीएम पद की घोषणा करवाई गई। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राजद और कांग्रेस में झगड़ा भयंकर बढ़ गया।

# जोधपुर में भीषण हादसा, ट्रक से टकराई टैंपो ट्रैवलर, 15 की मौत

■ **पांच से ज्यादा गंभीर घायल, कोलायत मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे हादसे के शिकार लोग**

**जोधपुर।** जोधपुर जिले के मतोड़ा क्षेत्र में रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई। एक टैंपो ट्रैवलर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में पांच से ज्यादा गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

हादसे में मारे गए सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन कर जोधपुर लौट रहे थे। सभी जोधपुर के सूरसागर इलाके के निवासी बताए जा रहे हैं। फलोदी के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने हादसे की पुष्टि की है। मरने वालों में 10 महिलाएं चार बच्चे और एक चालक शामिल हैं। वहीं घायलों को मतोड़ा से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल पहुंचाया गया।

घायलों में एक महिला का नाम फूलवंती बताया गया है। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के फलोदी जिले के मतोड़ा थाना क्षेत्र में ये बड़ी दुर्घटना हुई है। यहां एक टेंपो ट्रैवलर सड़क पर खड़े ट्रक में घुस गया। इस हादसे में लगभग 15 लोगों की मौत हो गई है।

ये सभी लोग कोलायत मंदिर से दर्शन करके जोधपुर लौट रहे थे। बताया जाता है कि सभी मृतक जोधपुर के सूरसागर के रहने वाले थे। इस घटना की खबर मिलते ही जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश मथुरादास माथुर एमडीएम अस्पताल पहुंचे।

# मुझे दबाने के लिए मेरे परिवार पर दर्ज हुए मुकदमे: रमणा

■ **सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अफसरों को भी दबाव व उत्पीड़न का सामना करना पड़ा: पूर्व सीजेआई**

**अमरावती।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमणा ने कहा कि सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि जिन जजों का किसी राजनीतिक मामले में कोई हाथ नहीं था, उनके परिवार को भी राजनीतिक संगठनों ने निशाना बनाया। रमणा अमरावती में वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि मेरे परिवार को कैसे निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए।

# प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **कहा: सभी एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कदम उठाएं**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने प्रदूषण को लेकर चिंता जताई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि पहले वायनाड और फिर बिहार के बछवाड़ा से दिल्ली की हवा में लौटना वाकई परेशान करने वाला है। इस शहर को प्रदूषण ने मानो उस पर एक धुएं और ग्रे रंग का चादर डाल दिया हो।

अब समय आ गया है कि हम सब अपनी राजनीतिक मजबूरियों की परवाह किए बिना एकजुट होकर प्रदूषण के बारे में कुछ कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएंगे, हम सब उनका समर्थन और सहयोग करेंगे।



देहरादून : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उनका स्वागत करते हुए।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में मक्का पर खींचतान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक: भारतीय किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा**

**नई दिल्ली।** मक्का आयात को लेकर अमेरिका की ओर से दबाव के बावजूद भारत अपने किसानों के पक्ष में मज़बूती से खड़ा है और पीएम मोदी और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल दोनों साफ़ कर चुके हैं कि भारतीय किसानों हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

दोनों देशों के बीच इस समय चल रही व्यापार वार्ताओं में अमेरिका की ओर से, खास कर कृषि उपजों के भारतीय बाजार को खोलने का मुद्दा उठता रहा है। हाल ही में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने वाशिगटन पत्रकारों से बातचीत में भारत के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि भारत कहता है कि उसकी आबादी 1.4 अरब की है, तो क्या ये



140 करोड़ लोग अमेरिका का एक बुशल (लगभग 25 किलो) मक्का भी नहीं खरीद सकते? वे हमें भी चीजें बेचते हैं, लेकिन हमारे माल पर भारी भरकम आयात शुल्क लगा देते हैं, क्या यह उचित है? अमेरिकी मंत्री लुटनिक की हताशा के पीछे दो प्रमुख कारण बताए जा रहे हैं। एक तो अमेरिका में इस बार मक्के की बम्पर पैदावार हुई है और दूसरे, चीन ने मक्के का आयात घटा दिया है। अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) ने गत अगस्त में बताया कि 1866 के बाद 2025-26 में वहां मक्के का उत्पादन अनुमानित 16.7 अरब बुशल के साथ एक नया रिकॉर्ड बना सकता है। अमेरिकी मक्के के सबसे बड़ा खरीदार चीन ने इसकी खरीद में भारी कटौती कर रखी है। चीन पहले अमेरिकी सोयाबीन का भी प्रमुख आयातक था, लेकिन हाल के वर्षों में उसने वहां से सोयाबीन का आयात कम कर दिया था। बीते साल अमेरिका के कुल सोयाबीन निर्यात का लगभग 45 प्रतिशत चीन ने खरीदा था, पर इस बार अभी कोई सौदा नहीं हुआ है।

# सबसे ज्यादा कपड़ों व खाने-पीने पर खर्च करते हैं भारतीय

■ **एक अध्ययन से रिपोर्ट आई सामने**

**नई दिल्ली।** शॉपिंग मॉल और शहरों के बड़े बाजारों में भारतीय सबसे ज्यादा पैसा परिधानों पर और उसके बाद खाने-पीने पर खर्च करते हैं।

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, देश में शॉपिंग सेंटरों का कुल कारोबार लगभग 4.9 लाख करोड़ रुपये है जिसमें 30.35 (1,500-1,700 अरब रुपये) प्रतिशत कमाई परिधानों की बिक्री से होती है। इसके बाद मुख्य बाजारों का कारोबार लगभग 3.8 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें 32:35 प्रतिशत पैसा (1,200-1,400 अरब रुपये) लोग परिधानों पर खर्च करते हैं। परिधानों के बाद दूसरे नंबर पर खाने-पीने की चीजें हैं। मॉलों में अपने कुल खर्च का 20:25 प्रतिशत (1,000-1,100 अरब रुपये) लोग खाने-पीने पर खर्च डालते हैं। वहीं, बड़े बाजारों में लोग 800-950 अरब (22-25 प्रतिशत) इस मद में खर्च कर डालते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला व सुनील शेट्टी ने मैराथन में लगाई दौड़

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने रविवार सुबह श्रीनगर में कश्मीर मैराथन 2-0-2025 को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा किया रवाना। दौड़ सुबह छह बजे पोलो व्यू से शुरू हुई, जहां प्रतिभागियों ने खूबसूरत बुलेवार्ड रोड पर दौड़ते हुए शहर की प्रतिष्ठित डल झील के लुभावने दृश्यों का आनंद लिया।इस मैराथन का आयोजन कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा जम्मू और कश्मीर खेल परिषद के सहयोग से किया गया था और इसमें कई श्रेणियां शामिल थीं, जैसे पूर्ण मैराथन (42 किमी), हाफ मैराथन (21 किमी) और शौकिया और स्थानीय प्रतिभागियों के लिए छोटी दौड़। इस वर्ष के आयोजन में देश भर के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1,500 से अधिक धावकों और 11 देशों से 77 विदेशी प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे वैश्विक खेल मानचित्रा पर कश्मीर की बढ़ती उपस्थिति का पता चलता है।

### मायावती की रैली से बिहार में बढ़े टिकट के दाम

**लखनऊ/पटना।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की हालिया लखनऊ रैली ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है। यह रैली मान्यवर कांशीराम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित की गई थी, लेकिन राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं कि इस बार का आयोजन असामान्य रूप से बीज. पी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए किया गया था। रविवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस के पूर्व सांसद डा. उदित राज ने कहा कि बिहार में भाजपा को जिताने के लिए मायावती ने लखनऊ में रैली आयोजित की थी।

# नीतीश सरकार में पक्षपात नहीं, न्याय होता है: केशव प्रसाद मौर्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ/पटना।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बिहार विधानसभा चुनाव के बीच मोकामा में हुई हिसक वारदात और अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है और नीतीश कुमार की सरकार निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है।

रविवार को मीडिया से बात. चीत में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव के दौरान ऐसी घटना होना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन बिहार में कानून-व्यवस्था दुरुस्त है। नीतीश कुमार की सरकार में कोई पक्षपात नहीं होता, न्याय होता है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर गिरफ्तारी की, यह सुशासन की मिसाल है। राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर भी केशव मौर्य ने पलटवार किया। तेजस्वी ने कहा था कि अगर राजद को बहुमत मिला, तो सभी विधायकों को मंत्री बनाया जाएगा।

इस पर मौर्य ने कहा कि अगर तेजस्वी यादव सभी विजई प्रत्याशियों को उपमुख्यमंत्री भी बना दें, तब भी राजद-कांग्रेस गठबंधन का बिहार में कोई भविष्य नहीं है। वे 50 का आंकड़ा पार कर लें, वही बड़ी बात होगी। मौर्य ने कहा कि बिहार की जनता अब परिवारवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति से उब चुकी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन के पक्ष में है। गौरतलब है कि मोकामा में आरजेडी समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के बाद से राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है। इस हत्या को लेकर सियासी बयानबाज़ी तेज़ हो गई है। विपक्ष इस घटना को 'सामाजिक न्याय बनाम मनुवाद' की लड़ाई बता रहा है, जबकि सत्तारूढ़ जेडीयू और भाजपा इसे कानून-व्यवस्था की सख्ती का परिणाम बता रहे हैं।

# यूपी में चक्रवात मोंथा का प्रभाव समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रदेश में शुष्क मौसम, सुबह धुंध और कोहरा पड़ने की संभावना

**लखनऊ।** बंगाल की खाड़ी में बने गंभीर चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का प्रभाव अब समाप्त हो गया है। इसके प्रभाव से बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश में मौसम में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

राज्य के कई हिस्सों जैसे आगरा, इटावा, बाराबंकी, झांसी और फुर्सतगंज (अमेठी) में अक्टूबर महीने में अधिकतम तापमान न्यूनतम स्तर तक दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डा. एके सिंह के अनुसार अब चक्रवात का असर समाप्त होने के साथ ही प्रदेश का मौसम धीरे-धीरे साफ़ हो रहा है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य उत्तर प्रदेश के जिलों में अधिकतम तापमान में 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना व्यक्त की गई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्रा नहीं है। ऐसे में आगामी एक सप्ताह तक मुख्यत: शुष्क मौसम बना रहेगा। हालांकि 4 से 5 नवम्बर के दौरान पश्चिमी हिमालई क्षेत्रा पर सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी भागों में आंशिक बादलों की आवाजाही संभव है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि इस अवधि में न्यूनतम तापमान में पहले 48 घंटों में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट, उसके बाद अगले 48 घंटों में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि, और फिर क्रमिक रूप से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की पुन: गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसके साथ ही, 3 और 4 नवम्बर की सुबह राज्य के पूर्वांचल एवं उत्तरी तराई क्षेत्रों में कहीं-कहीं कम से मध्यम को. हरा और हल्की धुंध पड़ने की संभावना है। यह कोहरा प्रात:काल के समय सीमित रहेगा और सूर्योदय के बाद दिन चढ़ने के साथ समाप्त हो जाएगा। विभाग ने किसानों और आम नागरिकों को सलाह दी है कि इस दौरान दृश्यता कम होने पर सुबह के समय वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई है।

### विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी

# न्याय से बढ़कर कुछ नहीं, अतिआत्मविश्वास से बचें

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विधि स्नातकों को संबोधित किया

**लखनऊ।** डा. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्व. विद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह रविवार को गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के भावी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने विद्यार्थियों को न्याय की मूल भावना को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि किसी भी केस को जीतने से अधिक महत्वपूर्ण है उसमें न्याय मिलना।

विधि स्नातकों से उन्होंने कहा कि जीवन में आत्ममंथन अत्यंत आवश्यक है। क्या मेरी तैयारी पूरी थी? क्या मैंने बहस सही से की? जैसे सवाल खुद से पूछने की आदत सुधार की दिशा में पहला कदम है। जस्टिस सूर्यकांत ने अपने वकालत के दिनों का अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक बार अतिआत्मविश्वास के कारण वह केस हार गए थे। उसके बाद से उन्होंने हर केस के लिए नोटबुक रखना शुरू किया, ताकि हर गलती से सीख ली जा सके। उन्होंने नए विधि स्नातकों को अतिआत्मविश्वास से बचने और विनम्रता बनाए रखने की सलाह दी। समारोह में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने विद्यार्थियों को तीन मंत्रा दिए मेहनत, ईमानदारी और खुशमिजाजी। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति इन तीन बातों का पालन करता है, वह जीवन में अवश्य सफल होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था जितनी सशक्त होगी, सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करना उतना ही आसान होगा। यही वह व्यवस्था है जिसे हमारे पूर्वजों ने रामराज्य कहा था। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि पहले हमारे डीजे के चैम्बर में एसी नहीं था।

आज ये लग्जरी नहीं, जरूरत है, ताकि जब बार को गुस्सा आए, तो एसी से गुस्सा ठंडा हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी उपाधिधारकों के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि सत्य बोलना और धर्म का आचरण करना है।

### मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार: सीएम योगी

**लखनऊ।** डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) का चौथा दीक्षांत समारोह रविवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर बीए-एलएलबी आनर्स, एलएलएम वन इयर, पीजीडीसीएल, पीजीडीआईपीआर पाठ्यक्रमों के मेधावियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य सहित कुल 21 पदक दिए गए। इस दौरान 309 उपाधियां सफल विधार्थियों को दी गईं। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर सुप्रीम के जस्टिस सूर्यकांत की मौजूदगी में मेधावियों ने न्याय की राह पर चलने का संलल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपाधियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश की मजबूत न्याय व्यवस्था ही सुशासन का आधार है।

समारोह में इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण कुमार भंसाली, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, विधायक डा. राजेश्वर सिंह और कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की विभिन्न पाठ्यक्रमों के 309 विद्यार्थियों को उपाधियां और 21 मेधावियों को स्वर्ण, रजत, कांस्य व स्मृति पदक प्रदान किए गए। विशेष स्वर्ण पदक पाने वालों में प्रदीप कुमार अग्रवाल, मुस्कान शुक्ला, दर्शिका पांडेय, धीरज दिवाकर और अभ्युदय प्रताप शामिल हैं। इस वर्ष 24 पीएचडी उपाधियां भी प्रदान की गईं।

# प्रदेश में पर्याप्त खाद उपलब्ध: सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ, वार्ता



उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को आश्वस्त किया कि रबी 2025-26 सीजन के लिए प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है, जिसे किसानों को उनकी जोत के अनुपात में उपलब्ध कराया जा रहा है।

रविवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद की अद्यतन उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि एमएफएमएस पोर्टल के अनुसार 2 नवम्बर 2025 तक प्रदेश में कुल 35.68 लाख मीट्रिक टन उर्वरक प्राप्त हो चुका है, जिनमें से 9.77 लाख मीट्रिक टन की बिक्री की जा चुकी है। इस प्रकार राज्य में 25.91 लाख मीट्रिक टन का स्टॉक किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध है। यह मात्राा गत वर्ष की इसी अवधि में उपलब्ध 24.32 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 1. 59 लाख मीट्रिक टन अधिक है। रबी सीजन के लिए उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 4.35 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.80 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 12.71 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 3.03 लाख मीट्रिक टन एसएसपी तथा 1.02 लाख मीट्रिक टन एमओपी उपलब्ध है। इनमें से डीएपी की उपलब्धता गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में 1.94 लाख मीट्रिक टन अधिक है, जबकि एनपीके की मात्राा 2. 60 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सहकारी समितियों के पास वर्तमान में 5.27 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 1.80 लाख मीट्रिक टन डीएपी तथा 1.13 लाख मीट्रिक टन एनपीके का भंडार मौजूद है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**मुंबई, वार्ता** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू अर्थव्यवस्था के आंकड़े और वैश्विक कारक बाजार को दिशा देंगे। आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े जारी होने हैं।

इसके अलावा अक्टूबर के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और वाहनों की बिक्री से शनिवार को आए आंकड़ों का असर भी सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। वैश्विक स्तर पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता अब भी अटकी हुई है। साथ ही भू-राजनैतिक स्थिति में भी तनाव बना हुआ है। इसका असर भी शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह सोमवार और बुधवार को बाजार में तेजी रही, जबकि शेष तीन दिन गिरावट देखी गई। बीएसई का सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 0. 32 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 83,938.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.28 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में 25,722.10 अंक पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान बुधवार को दोनों प्रमुख सूचकांक अबतक की ऐतिहासिक ऊंचाई पर बंद हुए थे। मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली रहने से एनएसई का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.61 प्रतिशत चढ़कर शुक्रवार को 17,006.30 अंक पर बंद हुआ। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.70 अंक पर आ गया।

### शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 95,447 करोड़ बढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल चार कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 95,447 करोड़ रुपए बढ़ गया, जबकि अन्य छह के संयुक्त एमकैप में 91,686 करोड़ रुपए की गिरावट दर्ज की गई। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का एमकैप सबसे अधिक 47,431 करोड़ रुपए बढ़ी और उसका बाजार पूंजीकरण सप्ताह के दौरान 20 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का एमकैप 30,092 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का 14,540 करोड़ रुपए और भारतीय जीवन बीमा निगम का 3,384 करोड़ रुपए बढ़ा। बाजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 29,090 करोड़ रुपए घट गया।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 6.9 अरब डॉलर की गिरावट फिर भी रिकॉर्ड के करीब

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार यानी फारेक्स रिजर्व में पिछले सप्ताह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 24 अक्टूबर 2025 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 695.355 अरब डॉलर पर आ गया। हालांकि यह आंकड़ा अब भी सितम्बर 2024 के सर्वाधिक रिकॉर्ड स्तर 704.89 अरब डॉलर के करीब बना हुआ है। आरबीआई के अनुसार वो विदेशी मुद्रा संपत्तियां, जो भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा हैं, घटकर 566.548 अरब डॉलर रह गईं। इसमें 3.862 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सोने के भंडार में भी 3.010 अरब डॉलर की कमी आई और यह 105. 536 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह गिरावट वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और निवेशकों द्वारा सोने की मांग में बढ़ोतरी के चलते आई है। भले ही भंडार में गिरावट आई है, लेकिन यह अब भी स्थिर और मजबूत स्थिति में है।

# चावल, दाल, खाद्य तेलों में साप्ताहिक गिरावट रही

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव घट गए। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में भी गिरावट रही जबकि गेहूं और चीनी के दाम कमोबेश स्थिर रहे। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 38 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,826 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 2,859.91 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटे की कीमत छह रुपए गिरकर 3,318.60 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 111 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। पाम ऑयल में 18 रुपए की गिरावट रही। मूंगफली तेल 85 रुपए और सोया तेल 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमखी तेल की कीमत 14 रुपए और वनस्पति की 28 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 29 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 13 रुपए और मूंग दाल की 50 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 11 रुपए और उड़द दाल 62 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गए। वहीं चीनी के भाव में कमोबेश टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7859.91 रुपए, मसूर काली 8071.18 रुपए, मूंग दाल 10078.30 रुपए, उड़द दाल 10338.44 रुपए, तुअर दाल 10513.88 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2859.91 रुपए और चावल 3826 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.43 रुपए और गुड़ 5039.27 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17778.60 रुपए, मूंगफली तेल 17536.92 रुपए, सूरजमुखी तेल 15624.98 रुपए, सोया तेल 13751.96 रुपए, पाम ऑयल 12509.23 रुपए और वनस्पति 14476.94 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



# आढ़ती-मुनीम किसानों का आठ करोड़ लेकर फरार

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत मंडी समिति से लगभग आठ करोड़ रुपए लेकर फरार आरोपी आढ़ती और उसके मुनीम के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। शाहजहांपुर जनपद के दो पीड़ित किसानों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मंडी सचिव प्रवीण अवस्थी के अनुसार आढ़ती का लाइसेंस निलंबित किया जा चुका है। इस बीच आढ़ती संगठन ने भी उनकी सदस्यता समाप्त कर दी है।

शाहजहांपुर जिले के निगोही थाना क्षेत्र के ग्राम संडा खास निवासी संदीप कुमार और हरीश कुमार ने सुनगढ़ी पुलिस को संयुक्त दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीलीभीत की मंडी समिति में बालमुकुंद राममूर्ति आढ़त कृषि मंडी के आढ़ती प्रियांशु अग्रवाल (पुत्र सुरेंद्र कुमार अग्रवाल) और उनके मुनीम अरुण कुमार ने उनके धान की बिक्री का भुगतान नहीं किया। हरीश कुमार ने 7 अक्टूबर को 140 क्विंटल धान 1910 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बेचा था। इसी प्रकार संदीप कुमार ने 17 और 19 अक्टूबर को कुल 1280 क्विंटल धान उसी आढ़त पर बेचा था। इन दोनों किसानों को उनके धान की बिक्री का भुगतान नहीं मिला। भुगतान न मिलने पर किसानों ने आढ़ती से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। जब वे मंडी समिति पहुंचे, तो आढ़त पर ताला लगा मिला। पूछताछ करने पर उन्हें पता चला कि प्रियांशु और मुनीम अरुण कई किसानों के लगभग आठ करोड़ रुपए लेकर फरार हो गए हैं। उनके मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सुनगढ़ी नरेश कुमार त्यागी ने मीडिया को बताया पुलिस ने दोनों किसानों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। धोखधड़ी प्रकरण की विवेचना आसाम रोड चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्र बालियान को सौंपी गई है।

### दो वर्षीय बच्ची को दबोच ले गया भेड़िया, गांव में मचा हड़कंप

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच के फखरपुर थाना क्षेत्रा के ग्राम पंचायत कंदौली में रविवार की सुबह भेड़िए ने एक बार फिर हमला कर दो वर्षीय बालिका को दबोच लिया और खेत की ओर भाग गया। घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल है। लगभग 20 दिन बाद हुई इस दूसरी घटना से ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया है।

# योगी ने नाव हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात पुनर्वास व मुआवजे का दिया आश्वासन



**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बहराइच जिले का दौरा किया और हाल ही में कौड़ियाला नदी में नाव पलटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। इस दु:खद हादसे में एक महिला की मौत हो गई थी, जबकि आठ लोग लापता हो गए थे। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सरकारी मदद का आश्वासन दिया, साथ ही उनके लिए पुनर्वास, आवास और मुआवजे की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर करीब 2:50 बजे मिहींपुरवा तहसील पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से रेस्क्यू ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी ली और नाव दुर्घटना स्थल का हवाई सर्वेक्षण भी किया। पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें सांत्वना दी और एक बड़ी राहत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव वालों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। एक कॉलोनी बनाकर दी जाएगी। इनके लिए सभी प्रकार की सुविधाएं और बाजार उपलब्ध होंगे। इसके लिए जमीन लेकर इनके रहने की व्यवस्था की जाएगी।


मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि नाव हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए जमीन, राशि और आवास की सुविधा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अगले एक महीने में पूरी करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने नाव हादसे में जान गंवाई है, उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदना है। उनकी दु:ख की इस घड़ी में हम परिवार के साथ में हैं। उनकी सारी मदद सरकार करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने इस दौरान वन्य ग्रामों में रह रहे लोगों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि अगर वन्य गांव या कोई ऐसी जगह है, जहां लोग घने जंगलों में रहने को मजबूर हैं। उन्हें वहां से विस्थापित कर सुरक्षित जगह पर रहने की व्यवस्था करेंगे। जिससे आनी वाली पीढ़ियां अपना सुरक्षित जीवन यापन कर सकेंगी। उन्होंने यह कहते हुए पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया कि इस दुख की घड़ी में सरकार और जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैराअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पशु व्यापारी का शव पेड़ पर लटका मिला

## तीन दिन पूर्व घर से हुआ था गायब व्यापारी, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तीन दिन पूर्व गायब हुए पशु व्यापारी का शव एक किसान के खेत में पेड़ से लटका मिला। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी।

बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के मौहम्मदपुर रायसिंह गांव निवासी कृष्ण पाल कश्यप पुत्र भोपाल एक पशु व्यापारी है। बताया जाता है कि फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी गनी के किसान आदेश और रामकुमार रोजाना की भांति रविवार की अल सुबह भी अपने अपने खेतों की तरफ पहुंचे तो उनको रास्ते में गांव के ही एक अन्य किसान ऋषिपाल सिंह के खेत में स्थित एक पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ मिला। दोनों ने इसकी सूचना किसान ऋषिपाल सिंह को दी तो वह मौके पर फुगाना पुलिस को लेकर पहुंचा। कुछ ही देर बाद मौके पर भीड़ जमा हो गयी तो मृतक की शिनाख्त गांव मौहम्मदपुर राय सिंह निवासी कृष्णपाल कश्यप के रुप में की गई। मौके पर आए मृतक के भाई बादल कश्यप ने फुगाना पुलिस को बताया कि उसका भाई बीते तीन दिन से गायब था। उन्होंने पुलिस को इसलिए खबर नहीं दी क्योंकि व्यापार के सिलसिले में अक्सर उसका भाई रात में कभी कभी बाहर भी रुक जाया करता था। मौके पर फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार और फोरेंसिक टीम भी पहुंची और मृतक के परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए मृतक कृष्णपाल कश्यप के शव का पंचनामा करने के बाद शव को पीएम हेतू भेज दिया।

**जब खाप के चौधरी ने मामला संभाला:** जैसे ही परिजनों को कृष्णपाल कश्यप की लाश पेड़ से लटकने की सूचना मिली तो वे रोते बिलखते हुए घटनास्थल पर ही जा पहुंचे और हंगामा खड़ा कर दिया लेकिन मौके पर पहुंचे कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप ने आक्रोशित परिजनों को काफी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर शांत किया और एसपी देहात आदित्य बंसल से फोन पर बात कर केस का सही खुलासा करने की मांग की। उन्होंने घटनास्थल पर मौजूद सीओ फुगाना रुपाली राव और फुगाना थानाधयक्ष विजय कुमार से भी इस बारे में बातचीत की। इस दौरान ऋषिपाल, सुशील मलिकए आशीष मलिक और कपिल कश्यप आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

**आत्महत्या है या हत्या:** प्रथम दृष्टया से तो आत्महत्या का ही मामला लगा क्योंकि जहां कृष्णपाल की लाश मिली है वहीं थोड़ी दूरी पर शराब का ठेका है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में मृतक ठेके से शराब के कई पव्वे भी खरीदता हुआ दिखाई पड़ रहा है। लाश के आसपास भी खाली पव्वे फोरेंसिक टीम को पड़े मिले। अब पोस्टमार्टम व जांच के बाद ही पता लग सकेगा कि कृष्ण पाल की हत्या हुई है या फिर उसने खुद ही मौत को गले लगाया है।

**क्या बोली फुगाना सीओ रुपाली राव:** फुगाना सीओ रुपाली राव ने बताया कि लगभग 45 वर्षीय मृतक कृष्णपाल कश्यप शराब पीने का आदि था। जिसके चलते उसका परिवार के अन्य लोगों से भी झगडा होता रहता था। घटनास्थल से शराब के पाउच, गिलास एवं माचिस आदि सामान भी बरामद हुआ है। अब प्रथम दृष्टया घटना आत्महत्या करने की प्रतीत हो रही है। फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है।

# बेकाबू कार की टक्कर लगने से पशु व्यापारी की दर्दनाक मौत

**परिजनों ने नहीं कराया वृद्ध का पोस्टमार्टम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सड़क पार कर रहे एक वृद्ध पशु व्यापारी की एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया। उधर मृतक के परिजनों ने वृद्ध का पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला कस्साबान निवासी 67 वर्षीय शमीम उर्फ कालू पुत्र मुल्लाह अब्दुल हमीद एक पशु व्यापारी हैं। वह आसपास के गांवों से दुधारु भैंसों की खरीद फरोख्त का काम करके अपने परिवार का गुजर बसर कर रहे थे।

रोजाना की भांति वह आज भी रविवार की सुबह पहले तो किसी की मोटर साइकिल पर बैठकर बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिटावदा के मोड़ पर उतरे। उसके बाद जैसे ही वह गांव बिटावदा में जाने के लिए सड़क पार करने लगे तो अचानक से मेरठ वाया करनाल हाइवे पर किसी दिशा से तेज रफ्तार एक स्कार्पियो कार के अज्ञात चालक ने शमीम को कार की जोरदार टक्कर मार दी और घटना को अंजाम देते हुए कार सहित मौके से फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही शमीम गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी वहीं से गुजर रहे एक व्यक्ति ने घायल की पहचान कर उसके परिजनों को इस घटना की सूचना दी तो परिजन मौके पर पहुंचे।

पुलिस भी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और वृद्ध को सीएचसी बुढ़ाना में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। उधर परि. जनों ने वृद्ध का पीएम कराने से इंकार कर दिया।



बुढ़ाना: पशु व्यापारी का शव मिलने के बाद जमा भीड़ व पूछताछ करती पुलिस।

### पुरकाजी में सरकारी इंटर कॉलेज की स्थापना को मिला बल

# चेयरमैन जहीर फारूकी का शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कदम

**शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा को समाज और क्षेत्र की प्रगति का आधाार मानते हुए पुरकाजी नगर पंचायत के चेयरमैन जहीर फारूकी ने एक सराहनीय कदम बढ़ाते हुए प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से चंदोसी में मुलाकात कर पुरकाजी में सरकारी राजकीय इंटर कॉलेज की स्थापना की मांग उठाते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

चेयरमैन जहीर फारूकी ने शिक्षा मंत्री को बताया कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी पुरकाजी कस्बे में आज तक कोई सरकारी इंटर कॉलेज नहीं बन पाया है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि शिक्षा के प्रसार और जनहित को धयान में रखते हुए उन्होंने स्वयं की करीब 8 बीघा की कीमती भूमि, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये है, सरकारी कॉलेज निर्माण के लिए नि:शुल्क दान कर दी है। उन्होंने कहा कि भूमि के बैनामे के सभी कागजात जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर को पूर्व में ही सौंपे जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने प्रस्ताव को जिला विद्यालय निरीक्षक की संस्तुति सहित शासन को लखनऊ भेज दिया है, परंतु अब तक इस पर कार्यवाही नहीं हो सकी है।

चेयरमैन ने बताया कि पुरकाजी की वर्तमान आबादी लगभग 40 हजार है, और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे एकमात्र राजकीय इंटर कॉलेज में क्षमता से अधिाक संख्या में पढ़ने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अधिाकार और जनहित को ध्यान में रखते हुए पुरकाजी में एक नया सरकारी इंटर कॉलेज बनना अत्यंत आवश्यक है।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने चेयरमैन जहीर फारूकी के इस जनकल्याणकारी एवं प्रेरणादायक कदम की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ठोस सुधाार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुरकाजी में राजकीय इंटर कॉलेज निर्माण के प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि चेयरमैन जहीर फारूकी पिछले कई वर्षों से इस दिशा में लगातार प्रयासरत हैं। वे हाल ही में माधयमिक शिक्षा निद. शक महेंद्र देव सिंह से लखनऊ में मुलाकात कर चुके हैं और बिजनौर सांसद चंदन चौहान को भी पुरका. जी की जनता की ओर से इसी मांग को लेकर ज्ञापन सौंप चुके हैं।चेयरमैन जहीर फारूकी का यह सराहनीय कदम न केवल शिक्षा के प्रति उनकी संवेदनशीलता दर्शाता है, बल्कि यह समाज में शिक्षा के उजियारे की लौ जलाने का एक प्रेरक उदाहरण भी है।



शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देते चेयरमैन जहीर फारूकी।

# प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिखों के गुरू गोविंद सिंह महाराज का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांधी कॉलौनी सहित अन्य गुरूद्वारों के साथ-साथ शहर के बाजारों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

श्री गुरु सिंह सभा के तत्वाधान में श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व पर नगर में शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें पंचप्यारे आकर्षण का केन्द्र रहे। नगर कीर्तन का शुभारंभ गांधी कॉलोनी स्थित गुरुद्वारे से किया गया। इस दौरान श्री गुरु ग्रंथ साहिब को विधिपूर्वक सिर पर उठाकर नगर कीर्तन की सवारी पर प्रस्थान कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को पटका और मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में श्री गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार सतपाल सिंह मान, सेक्रेटरी अजित सिंह, सुखदर्शन सिंह बेदी, धनप्रीत सिंह बेदी, हरप्रीत सिंह



चन्नी, अमरजीत सिंह सिडाना, जसप्रीत सिंह चावला, वजीर सिंह राजा, इकबाल सिंह नारंग, सतनाम हंसपाल, गुरविंदर सिंह कोहली और गुरु मेहर सिंह बाजवा का विशेष सहयोग रहा।

# छह माह से लापता बेटी की तलाश में दर-दर भटक रही मां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** एक मां की आंखों में छह महीने से बस एक ही सवाल तैर रहा है 'मेरी बेटी कहां है बालाजी पुरम' खतौली की गरीब महिला सुमन अपनी लापता बेटी की तलाश में महीनों से कोतवाली के चक्कर काट रही है। लेकिन पुलिस अब तक युवती का कोई सुराग नहीं लगा पाई। रविवार को पीड़िता फिर कोतवाली पहुंची और अधिकारियों के सामने फूट-फूटकर रो पड़ी। सुमन घरों में झाड़ पोंछा लगाकर परिवार का गुजारा करती है। उसकी बेटी भी उसके काम में हाथ बटाती थी। करीब छह माह पहले सुमन की तबीयत खराब हुई तो उसने बेटी को घर जाकर आराम करने को कहाए लेकिन वह उस दिन घर नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने हर जगह तलाश कीए मगर बेटी का कुछ पता नहीं चला। थक हारकर सुमन ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुरुआत में कार्रवाई का भरोसा दिलायाए लेकिन समय बीतने के साथ न तो जांच आगे बढ़ी और न ही बेटी का कोई पता चला। अब हर रविवार को यह मां कोतवाली पहुंचकर अधिकारियों से अपनी बेटी को ढूंढने की गुहार लगाती है। रविवार को भी सुमन कोतवाली में दहाड़े मारकर रोती रही। उसने हाथ जोड़कर अधिकारियों से कहा-'साहब' छह महीने हो गए, मेरी बेटी को ढूंढ दो, उसका कोई हाल बता दो। पुलिस अधिकारियों ने उसे ढांढस बंधाया और जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। मगर छह महीने से खाली हाथ पुलिस पर अब सवाल उठने लगे हैं कि आखिर एक मासूम बेटी का सुराग क्यों नहीं मिल पा रहा है।

# भट्टा मालिकों का भाजपा कार्यालय पर धरना

## मंत्री कपिल ने पीड़ा सुनकर दिया समस्या के निराकरण का आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कई जनपदों के भट्टा मालिक और पदाधिकारी आंदोलन जन कल्याण के संयोजक और ईंट निर्माता कल्याण समिति अध्यक्ष प्रमोद बालियान के नेतृत्व में गांधीनगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचे। जहां उन्होंने बजे से कार्यालय के बाहर बराबर में धरना दिया। अलग-अलग जनपदों से आए पदाधिकारीयों और भटा मालिकों ने राज्य कर मुख्यालय लखनऊ से ईंट भट्टों के मासिक सर्वेक्षण के संबंध में जारी आदेश का मुखर विरोध किया। प्रमोद कुमार ने कहा कि मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमेशा समस्याओं को सुनते भी है और उनका तत्परता के साथ निराकरण भी कराते हैं। उन्होंने कोविड -19 के समय का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के एक जिले से शिकायत मिलने के बाद उन्होंने पूरे प्रदेश की चीनी मिलों और ईंट भट्टों को चलते रहने का आदेश जारी कर दिया था। मंत्री कपिल देव अग्रवाल धरनारत भठा स्वामियों के बीच पहुंचे।प्रमोद बालियान ने मंत्री कपिल देव को कहा कि पूरे प्रदेश का भट्टा स्वामी सर्वों पर तत्काल रोक लगवाने और समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री से बैठक हेतु एक प्रतिनिधि मंडल को समय दिलवाने की अपेक्षा रखता है।

इस पर उन्होंने जवाब दिया कि आप लोगों के बीच में आने से पहले मैंने बीती रात प्रमुख सचिव साहब से बात की थी और आप लोगों की समस्या को बताया था। उन्होंने उपरोक्त दोनों मांगों पर कहा कि आप प्रतिनिधिमंडल के नाम दीजिए मुख्यमंत्री से बैठक करा दी जाएगी और समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप लोगों के बीच



जो लोग कम जीएसटी दे रहे हैं उसमें सुधार करें।मंत्री कपिल देव के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। संचालन महामंत्री बलराम तायल ने किया। बैठक में मेरठ से महामंत्री सतीश गुप्ता, संजय गोदावरी, जितेंद्र सिंह, संजीव करनावल, तूफानी, अनिल, बिजनौर से जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह, अनिल प्रमुख, अजीम नगीना, हरेंद्रसिंह, सुरेंद्र सिंह, राजीव गोयल, अमित कुमार, इजहार, सहारनपुर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सन्तरपाल सिंह, महामंत्री सन्नी चौधरी, बृजभूषण शर्मा, ओमवीर चौधरी, रामवीर, बॉबी चौधरी, बब्लू चौधरी, जमील, रजनीश मेहता, मनोज राठी मुजफ्फरनगर से संरक्षक कृष्ण त्यागी, प्रवक्ता जियाउर्रहमान, वेद प्रकाश आर्य, पूर्व प्रधान करणवीर, अशोक कुमार, पप्पू प्रधान, नईम राणा, सुखेंद्र तोमर, देवेंद्र बडसू आदि काफी संख्या में समिति पदा. धिकारी और भट्ठा मालिक मौजूद रहे।

# टिहरी स्टील में आग, तीन घंटे बाद पाया गया काबू

**मुजफ्फरनगर।** टिहरी आयरन एंड स्टील कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री के फ्यूल टैंक में लगी इस आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। एफएसओ आर.के. यादव ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। आग इतनी भयंकर थी कि फायरकर्मियों को फ्यूल टैंक तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दमकलकर्मियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग बुझाने का कार्य किया। फैक्ट्री प्रबंधन के अनुसार, इस आग में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

College Code- 1491
शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
Admission Open
Session 2025-26
(JEECUP COUNCILING START)
D. Pharma
सरकारी फीस पर प्रवेश
छात्राओं के लिए विशेष छूट एवं सुविधा
अनुभवी शिक्षक
आधुनिक प्रयोगशालाएं
छात्रों के लिए मॉडर्न लाइब्रेरी एंव बुक बैंक की व्यवस्था
SHIVA COLLEGE OF PHARMACY
Contact No.
9690731170, 9411449915, 9927075234
पताः- नियर एनएच-58, जौली रोड़, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
फीस 100/- रुपये मात्र
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लैंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन
मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

# ग्राम प्रधान की लापरवाही से बच्चों की सेहत पर संकट



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के गांव शहबाजपुर तिंगाई में स्थित प्राथमिक विद्यालय के बाहर ग्राम प्रधान की लाप. रवाही से गंदगी और बीमारी का खतरा मंडराने लगा है। विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने ही कूड़ाघर बनवा दिया गया है, जिससे स्कूल के आसपास भयंकर दुर्गंध और गंदगी फैल रही है। प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों और स्कूलों को स्वच्छ रखने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन ग्राम प्रधान ने इस योजना की धज्जियां उड़ाते हुए विद्यालय के बाहर ही कूड़ा फेंकने का स्थान बनवा दिया। अब गांव के लोग भी अपने घरों का कचरा यहीं डाल रहे हैं।विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले दर्जनों छात्र-छात्राएं इस गंदगी और बदबू के बीच पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गंदगी के कारण कई बच्चे बीमार पड़ गए हैं और कुछ का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा है। विद्यालय स्टाफ और बच्चों के अभिभावकों ने ग्राम प्रधान की इस बड़ी लाप. रवाही पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल के बाहर बने इस कूड़ाघर से बच्चों की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जब खतौली बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि हअगर विद्यालय के मुख्य द्वार के पास कूड़ाघर बनवाया गया है, तो यह पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इस संबंध में खतौली के बीडीओ और सचिव को पत्र भेजा जाएगा। कूड़ाघर को तत्काल हटवाने की कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि इससे बच्चों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

## एमएसयू शिक्षक संघ के चुनाव को भरे गए नामांकन

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकंभरी विश्व. विद्यालय (एमएसयू) शिक्षक संघ के आगामी चुनावों के लिए नामांकन स्थल डीएवी कॉलेज मुज़फ्फरनगर मे विभिन्न पदों हेतु प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रक्रिया में उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। इनमे अध्यक्ष के लिए प्रो. अशोक शर्मा, महामंत्री के लिए डॉ. सुभाष चंद्र, कोषाध्यक्ष के लिए डॉ. सचिन कुमार, उपाध्यक्ष के लिए डॉ. शेखर, डॉ. मनु गुप्ता, डॉ. आभा सैनी एवं संयुक्त मंत्री डॉ. सुभाष कुमार, डॉ. अरुण रतन, एवं डॉ. सुरेंद्र पाल फुफुकता प्रतिनिधि में डॉ. टेशू कुमार शर्मा, डॉ. पंकज उप्रेती आदि ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने की इस प्रक्रिया के दौरान चुनाव अधिकारी डॉ. इशपाल सिंह, डॉ. रिशिपाल, डॉ. देवेश त्यागी, डॉ. निर्दोष मित्तल, डॉ मुकेश चंद और अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। नामांकन पत्रों की जांच जारी है, चुनाव नौ नवंबर को होना निश्चित हुआ है। इन चुनावों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों के बीच उत्साह का माहौल है।

# नहीं आई बारात तो हाथों में रची रह गयी मेहंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दुल्हन बनी एक युवती अपने दोनों हाथों में मेहंदी रचाकर अपने दुल्हे के आने का इंतजार ही करती रह गयी पर दुल्हा बारात लेकर नहीं आया क्योंकि उसकी शादी की तैयारियों में उसकी पहली पत्नि ने विध्न जो डाल दिया था। इसमें युवती के परिजनों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया क्योंकि शादी के कार्ड बंट चुके थे। गांव के लोगों पर भी शादी का न्योता जा चुका था। यहां तक कि युवती के परिजनों ने दुल्हे के घर पर एक दिन पहले ही दहेज भिजवा दिया था। अब फेरे होने से चंद घंटे पहले ही पहली पत्नि ने हंगामा कर दुल्हे की शादी उससे होने की बात का भांडा फोड़कर दुल्हे के द्वारा की जा रही दूसरी शादी पर ग्रहण लगा दिया। यह मामला चर्चा का विषय बना है। बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में आज रविवार को एक युवती की बारात गांव जैतपुर गढ़ी से आनी थी। युवती के परिजनों ने बीते कल ही युवक के घर पर दहेज का सारा सामान भिजवा दिया था। युवती के हाथों में मेहंदी भी लग गयी थी। शादी के कार्ड भी रिश्तेदा. रियों में और शुभचिंतकों में बांट दिए गये थे। बीती रात गांव के लोगों को भी बुलावा भिजवा दिया गया था। कुल मिलाकर शादी की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही थी। दुल्हन बनी युवती के घर पर ढोल ढमाके और गीत गाए जा रहे थे। इस शादी के रंग में आज रविवार की अलसुबह उस समय भंग पड़ गया जब युवती के परिजनों को पता लगा कि जो युवक बारात लेकर उनके दर पर आ रहा है। वह पहले से ही शादीशुदा हैं और उसने जिला बदायूं की किसी महिला पुलिसकर्मी से पिछले वर्ष शादी की हुई है और वह गर्भवती भी है। उसको ये पता चलने पर कि उसका पति दूसरी शादी कर रहा है तो वह अचानक से बीती देर रात युवक के घर पर आ धमकी और हंगामा खड़ा कर दिया। इस हंगामे की सूचना भौराकलां पुलिस को मिली तो वह मौके पर जा पहुंची। युवती ने रोते हुए बताया कि उसने उक्त युवक से शादी की हुई है।

अब वह दूसरी शादी कर रहा है उसे इसकी सूचना किसी से मिली तो वह यहां पर आ गयी। इस बात की खबर जैसे ही दुल्हन के परिजनों को मिली तो उनके पैरों तले की धरती खिसक गयी क्योंकि शादी की सारी तैयारियां पूरी थी और बैंकट हाल भी बुक कराते हुए अच्छे से सजा लिया गया था। युवती के परिजन बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। चर्चा थी कि युवक पक्ष ने युवती के परिजनों को 35 लाख का चेक देने की बात कर जान बचाने के प्रयास करने शुरू कर दिए थे। वैसे समाचार लिखे जाने तक मामला फाइनल नहीं हुआ था।

## इंटर की छात्रा मांगेगी बरेली पुलिस की मदद

**बुढ़ाना।** बारात ले जाने की तैयारी कर रहे दुल्हे की शादी आखिरकार उसकी प्रेमिका ने रुकवा ही दी। अब पीड़िता बरेली पुलिस से कार्यवाही की मांग करेगी। दरअसल प्रेमिका इंटर की छात्रा है। फिलहाल उसने आज बुढ़ाना पहुंचकर अपने प्रेमी सिपाही की शादी रुकवा दी है। प्रेमिका का आरोप है कि उक्त सिपाही लगभग तीन वर्षों से शादी करने के नाम पर उसका योन शौषण कर रहा था। दो बार तो उसने उसका गर्भपात भी करवा दिया। आरोपी दुल्हा अक्षय बालियान भौरांकला थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर गढ़ी का है। जो कि जनपद बरेली में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। उधार आरोपी दुल्हे और दुल्हन पक्ष के लोगों का आज देर रात फैसला हो गया था। दुल्हन के पिता ने कहा कि ऐसे लोगों को समाज में रहने का हक नहीं है वह दूसरी लड़की की भी जिंदगी खराब कर रहा है। इस युवती ने सच बताकर मुझ पर बहुत बड़ा उपकार किया है। उधर प्रेमिका अपने प्रेमी कांस्टेबल अक्षय बालियान के विरुद्ध कार्रवाई कराने के लिए बरेली रवाना हो गयी।

# विवादित बयानों पर स्वामी यशवीर को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिले में धार्मिक और साम्प्रदायिक मुद्दों पर विवादित बयान से चर्चाओं में रहने वाले चर्चित स्वामी यशवीर महाराज पर शिकंजा करते हुए पुलिस प्रशासन नेउन्हें विवादित बयान देने से रोकने के लिए औपचारिक नोटिस जारी करने के साथ ही उनकी सुरक्षा में तैनात गनर को भी वापस बुला लिया गया है। प्रशासन का कहना है कि महाराज के बयानों से क्षेत्र की शांति व्यवस्था और साम्प्रदायिक सौहार्द पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। वहीं कहा जा रहा है कि स्वामी यशवीर महाराज ने पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज होकर सुरक्षा के लिए दिया गया गनर भी वापस लौटा दिया है।बताया जा रहा है कि तितावी पुलिस ने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब हाल के महीनों में स्वामी यशवीर महाराज ने सोशल मीडिया पर लगातार कई विवादित बयान जारी किए, जिनसे समुदायों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी रही। प्रशासन का कहना है कि इन बयानों से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा है, इसलिए अब कड़ा रुख अपनाया गया है। हाल ही में कार्तिक गंगा स्नान मेले के दौरान जब प्रशासन ने उन्हें दूसरे समुदाय के लोगों के प्रति भेदभावपूर्ण बयान देने से रोका और निरीक्षण स्थल तक जाने से रोका, तो स्वामी यशवीर महाराज रास्ते में ही धरने पर बैठ गए। इस घटना के बाद स्थिति को संभालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ समय पहले स्वामी यशवीर महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी। इस दौरान खिंची उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं। इसे लेकर भी प्रशासनिक हलकों में चर्चा रही कि धार्मिक और राजनीतिक सीमाएं धुंधली होती जा रही हैं।

तितावी थाना क्षेत्र से जुड़ी यह कार्रवाई उस समय चर्चा में आई, जब योग साधना आश्रम बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज को पुलिस की ओर से औपचारिक नोटिस भेजा गया। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवादास्पद या साम्प्रदायिक बयान से बचें, अन्यथा उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के इस नोटिस की खबर से सनसनी फैल गई है।

स्वामी यशवीर महाराज पहली बार सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान नेम प्लेट को लेकर मुद्दा उठाया था। इसके बाद उन्होंने 'लव जिहाद', 'मूत्र जिहादष् और 'थूक जिहादष् जैसे विवादास्पद विषयों पर बयान देकर कई बार पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती पैदा की। उन पर कई पंचायतों के आयोजन और वहां से उत्तेजक भाषण देने के आरोप भी लग चुके हैं। प्रशासन का कहना है कि इन घटनाओं से स्थानीय कानून व्यवस्था पर दबाव बढ़ा और शांति व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल होता गया। हाल ही में कार्तिक गंगा स्नान मेले के दौरान जब प्रशासन ने उन्हें दूसरे समुदाय के लोगों के प्रति भेदभावपूर्ण बयान देने से रोका और निरीक्षण स्थल तक जाने से रोका, तो स्वामी यशवीर महाराज रास्ते में ही धरने पर बैठ गए।

इस घटना के बाद स्थिति को संभालने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कुछ समय पहले स्वामी यशवीर महाराज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी। इस दौरान खिंची उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुईं। इसे लेकर भी प्रशासनिक हलकों में चर्चा रही कि धार्मिक और राजनीतिक सीमाएं धुंधली होती जा रही हैं।

# अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में श्री राम कॉलेज का कब्जा



**क्रॉस कंट्री (महिला) वर्ग में किया उत्कृष्ठ प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज मैनेजमेंट, मुजफ्फरनगर में खेली गई माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर क्रॉस कंट्री (पुरूष एवं महिला) वर्ग प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग का खिताब जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया वही महिला वर्ग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के विषय में जानकारी देते हुये श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता एसडी कॉलेज आफ मैनेजमेंट, मुजफ्फरनगर में खेली गई। जिसमें माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध कई महाविद्यालयों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। श्रीराम कॉलेज की क्रॉस कंट्री पुरूष वर्ग में रिजवान अली ने प्रथम स्थान, बबलू सिसोदिया ने तृतीय स्थान, अनुज जोन ने चतुर्थ स्थान, तोशिफ अहमद ने पाचवा, आकाश ने सातवा तथा रवि भाटी ने नंवा स्थान प्राप्त किया। वही महिला वर्ग में सब्बु अनसारी ने तृतीय तथा नंवा स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने सभी विजय खिलाडियों को महाविद्यालय आगमन पर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको शुभकामनाये दी।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार ने सभी क्रांस कंट्री प्रतियोगिता के पुरूष एवं महिला खिलाडियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ0 अब्दुल अजीज खान, संदीप देशवाल, अमरद. ीप, प्रशान्त, तरूण तथा विश्वदीप कौशिक आदि का योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### बजाज शुगर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ

**बुढ़ाना।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड यूनिट भसाना में पेराई सत्र 2025 व 2026 के शुभारंभ के अवसर पर कैन कैरियर पर हवन एवं पूजा कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला गन्ना अधिकारी संजय सिसोदिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय सिंह, प्रख्यात किसान नेता नरेश टिकैत, पूर्व विधायक उमेश मलिक, कोऑपरेटिव बैंकों के चेयरमैन ठाकुर रामनाथ सिंह, तथा गन्ना समिति बुढाना के चेयरमैन निर्भय सहरावत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यूनिट हैड चन्द्रवीर सिंह एवं कैन हैड ललित तोमर के कुशल नेतृत्व में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, गन्ना विभाग के समस्त अधिकारीगण एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हवन कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर आगामी पेराई सत्र की सफलता, समृद्धि एवं सुरक्षित संचालन के लिए मंगल कामनाएं की। पूरे परिसर में उत्साह, श्रद्धा और एकता का अद्भुत वातावरण बना रहा। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड यूनिट भसाना परिवार ने उपस्थित सभी किसानों एवं कर्मचारियों को पेराई सत्र 2025 व 2026 के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी। यहां डीसीडीएफ के पूर्व चौयरमेन सुबोध त्यागी, भाजपा नेता रामकुमार सहरावत, पूर्व विधायक उमेश मलिक, किसान तैमूर अली राणा, वकील राणा आदि रहे।

### पंचम श्री श्याम जन्मोत्सव पर निकाली निशान यात्रा

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना में आज रविवार के दिन श्री खाटू श्याम परिवार के द्वारा तीन दिवसीय पांचवीं श्री श्याम जन्म उत्सव को हरनंदेश्वर धाम मंदिर के परिसर में प्रथम दिन बड़ी ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। आज रविवार की देर रात के समय मेहंदी श्याम नाम की कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इससे पहले रविवार को ही हरनंश्वर धाम मंदिर से दोपहर करीब दो बजे श्री श्याम की निशान यात्रा का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल रहे। जिन्होंने अपने कर कमलों के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए निशान यात्रा का शुभारंभ किया। गाजे बाजे के साथ निकाली गयी इस निशान यात्रा का बुढ़ाना कस्बे में कई स्थानों पर स्वागत भी हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने श्री श्याम की निशान यात्रा पर फूलों की वर्षा की। निशान यात्रा में भजनों की धुन पर श्रद्धालु नंगे पैर श्याम बाबा के जयकारों के साथ चले। इस मौके पर अशोक कुमार, पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी, हरेंद्र कश्यप, नरेश कुमार, राजू गोयल, श्याम बिहारी गर्ग व अंशुल गोयल आदि सहित सैंकडों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, संरक्षक सुरेन्द्र नंगला, आयुष गर्ग, शिवम कंसल, रोमी जेन, आशीष संगल व ब्रजेश बंसल आदि व्यापारियों ने भी निशान यात्रा में शामिल श्रदालुओं पर पुष्प वर्षा की।

### एनसीसी शिविर का समापन, पुरस्कार वितरण

**मोरना।** 82 यूपी बटालियन एनसीसी मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में इंटर कॉलेज भोकरहेड़ी में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी शिविर के समापन की पूर्व संध्या पर पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कस्बा भोकरहेड़ी की चेयरमैन सरला देवी वामन, कॉलेज प्रबंधक डॉ. करणवीर सिंह, प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. प्रवीण चौधरी, पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन राजेश कुमार,पुर्व चेयरमैन मदनपाल सिंह, ओमवीर सिंह मौजूद रहे।प्रधानाचार्य कैप्टन डॉ. प्रवीण चौधरी ने कहा कि एनसीसी देश की द्वितीय रक्षा पंक्ति है, जो डिफेंस और सिविल के बीच एक सशक्त कड़ी का कार्य करती है। कैंप कमांडेंट कर्नल प्रवीण भाल ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इसके बाद कैडेट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गर्ल्स कैडेट परी, अनु, मानसी और राधिका ने मेरे घर राम आए हैं, राधिका, अनुष्का व मानवी ने फिर भी दिल है हिंदुस्तानी और विशाखा, पलक पांडे व हिमानी ने ढोलना रंगीलो जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।इस अवसर पर एडम ऑफिसर कर्नल नवीन पाराशर, मेजर अरविंद कुमार, कैप्टन शशांक भारती, लेफ्टिनेंट अमित राणा, सेकंड ऑफिसर राजकमल वर्मा, सेकंड ऑफिसर कपिल, सूबेदार मेजर यशपाल, सूबेदार राज सिंह, सूबेदार संकल्प कुमार, सूबेदार मक्खन सिंह, सूबेदार हरजीत सिंह, बीएचएम प्रवीण, हवलदार जसवीर और हवलदार हरप्रीत सिंह शामिल रहे।

### जानसठ पुलिस ने किया शांतिभंग में एक गिरफ्तार

**जानसठ।** सिखेडा प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र शर्मा के कुशल नेतृत्व में, ग्राम बिहारी निवासी शिवम पुत्र प्रभाश को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवम पर अजय पुत्र भोपाल के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा करने का आरोप था, जिससे क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले को शांत किया और आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया।

### 'देहरादून पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** देहरादून पब्लिक स्कूल हुए वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री आस्था पुनिया ( प्रथम महिला जेट फाइटर), 'मृगांका सिंह', 'शिवेंद्र सिंह' 'सृष्टि सिंह', 'गौरव कसाना' 'अवंतिका सिंह', 'श्रेय बत्रा,' 'भानु सिंह।' गाजियाबाद से 'रेणुका शर्मा', 'प्रियंका चौधरी' एवं 'हिमानी मित्तल' कार्यक्रम में उपस्थित रहे। नन्हें-नन्हें बच्चों के द्वारा प्रस्तुति भारत के रंग एक संग से अलग-अलग राज्यों को दर्शाकर बच्चों ने सबका मन मोह लिया। हमारे पौराणिक ग्रंथ महाभारत को नए रूप में एवं वीर योद्धाओं की गाथा तथा आत्मा और परमात्मा के ज्ञान, प्यार, सम्मान और त्याग को को देखकर अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। प्रधानाचार्या 'ज्योत्स्ना सिरोही' ने भी बच्चों के कार्यक्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गुरुनानक प्रकाश पर्वः भक्ति की सुरभि से महका खतौली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी, गूंजे सतनाम वाहे गुरु के स्वर गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभ बेला पर नगर में श्रद्धा और एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह रेलवे क्रॉसिंग स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, शिवपुरी से पांचवीं प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। यात्रा जानसठ रोड ओवरब्रिज, जीटी रोड होते हुए माता श्री राम मूर्ति गुरुद्वारे तक पहुंची, जहां ज्ञानी सोहन सिंह जी ने गुरु नानक देव जी के जीवन दर्शन और उपदेशों पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं को राज. कुमार ग्रोवर परिवार द्वारा चाय-नाश्ते का प्रसाद वित. रित किया गया। इसके बाद प्रभात फेरी मोहल्ला मिठ्ठूलाल स्थित सरदार वीरेंद्र सिंह के निवास पर पहुंची, जहां अरदास कराई गई। फेरी जब हिटलर मंदिर पहुंची तो विश्व हिंदू परिषद खतौली इकाई ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। दयालपुरम में सरदार इकबाल सिंह बबल के आवास पर भी परिवार ने श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। यहां ज्ञानी जनक सिंह ने



शब्द कीर्तन का पाठ किया और प्रसाद वितरित किया गया। यात्रा का समापन गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा तहसील रोड पर हुआ, जहां बिजेंद्र बागड़ी व देवेंद्र बागड़ी परिवार ने प्रभात फेरी का स्वागत कर भक्ति यात्रा को पूर्ण विश्राम दिया। वही दूसरी और पवित्र कार्तिक मास में चल रही सात दिवसीय प्रभात फेरी परिक्रमा के चौथे दिन भक्ति, संगीत और श्रद्धा के रंग में सराबोर हो उठा। भोर की पहली किरण के साथ ही गलियों में राधे-राधे और हहरि नाम संकीर्तन के जयघोष गूंज उठे, जिनसे पूरा नगर भक्तिरस में डूब गया। श्री कृष्ण संकीर्तन मंडल (गीता भवन) गली घंटाघर से मंदिर पुजारी के शंखनाद के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। भक्ति गीतों और झांकियों से सजी यह यात्रा बड़ा बाजार, तगान शिवाजी मूर्ति, श्रीराम मंदिर मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। भजनों की मधुर धुनों पर भक्तजन नृत्य करते दिखे तो महिलाओं ने हरि नाम संकीर्तन से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिक्रमा में मंदिर प्रधान मनोज अग्रवाल, मंत्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पंकज भटनागर (नि.विधायक प्रतिनिधि) सहित कुलदीप शर्मा, भावेश गुप्ता, मुकेश तायल, संजीव मिश्रा, ललित अग्रवाल, बिट्टू शर्मा, राकेश वर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, विनोद वर्मा, कन्हैयालाल, आतिश गुप्ता, प्रभात राकेश अग्रवाल, राकेश कुमार, अंकुर अग्रवाल, मनोज शर्मा, विनोद शर्मा ने सहभागिता की।

## अत्याचार के खिलाफ अति पिछड़ों का लट्ठ पूजन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति के नेतृत्व में अत्याचार करने वाले दबंगों के खिलाफ चौथा लठ पूजन कार्यक्रम किया गया।

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने लठों को तिलक लगाकर वह कलावा बांधकर पूजन किया और सभी कार्यकर्ताओं को हक अधिकारों के लिए लठ उठाकर हाथ उठाकर शपथ दिलाई जिसमें उन्होंने कहा है कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं किसी पर अत्याचार नहीं करूंगा लेकिन अत्याचार बर्दाश्त भी नहीं करूंगा बहन बेटियों के शोषण करने वालों के खिलाफ हमेशा लत उठाऊंगा अति पिछड़े वे दलितों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ हमेशा लठ उठाऊंगा संविधान पर कूटराघात करने वालों के खिलाफ हमेशा लठ उठाऊंगा। इन दौरान प्रदेश प्रभारी रामपाल सिंह पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश वालिया ,प्रभारी सुखपाल कश्यप, वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर प्रजापति, वरिष्ठ नेता रामनिवास प्रजापति, एडवोकेट वरिष्ठ नेता विजय पाल, कृष्णपाल सेन, राजेश सैन, राजीव पाल, गुरमीत रोधीया , वरिष्ठ नेता इंद्रमल,रजत प्रजापति, अजय सैनी, मनोज सैनी, पूर्ण विश्वकर्मा, सुशील कश्यप, जगदीश कश्यप, विनोद प्रजापति, आकाश वर्मा, प्रवीण कुमार, आदि मौजूद रहे।

## सारंगी वादन आज

**मुजफ्फरनगर।** स्पिक मैके मुजफ्फरनगर इकाई द्वारा 3 नवंबर को सारंगी वादन के दो कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुंबई से पधार रहे उस्ताद फारूक़, लतीफ़ पहला कार्यक्रम एस डी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड कॉमर्स में प्रातः 10 बजे और दूसरा कार्यक्रम जैन कन्या इंटर कालेज नई मंडी में प्रस्तुत करेंगे । तबले पर उनका साथ देने हेतु दिल्ली से अनुराग झा पधार रहे हैं ।

# गोपीचंद गोयल स्मृति अंतरविद्यालयी प्रतियोगिता का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका विद्यालय, मुज़फ्फरनगर में आज श्री गोपीचंद गोयल स्मृति अंतर. विद्यालयी प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन समारोह उल्लास एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि इंदू सिद्धार्थ (एस.पी. क्राइम, मुज़फ्फरनगर) तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय खिलाड़ी कु. आयुषी ने उपस्थिति दर्ज कराई। दोनों अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान सचिन गोयल, सुलभ गोयल, शश्वत गोयल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती डॉ. स्वाति शर्मा व उप प्रधानाचार्या अंजली आनंद जी ने संयुक्त रूप से पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट प्रदान कर किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर प्रतिभा, अनुशासन और रचनात्मकता के रंगों से सराबोर रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया।

मोज़ेक कला प्रतियोगिता के नर्सरी वर्ग में प्रथम स्थान सुभान्या चौधरी,एल.के.जी. वर्ग में प्रथम स्थान अनिका, यू.के.जी. वर्ग में प्रथम स्थान यशिता त्यागी सभी जीडी गोयनका विद्यालय, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता नर्सरी से कक्षा 2 तक सभी वर्गों में प्रथम स्थान- एम.जी. वर्ल्ड विज़न विद्यालय के विद्यार्थी,

शो एंड टेल प्रतियोगिता, कक्षा 1 में प्रथम विहान बंसल (एम.जी. वर्ल्ड विज़न विद्यालय),कक्षा 2 में प्रथम सीरत कौर (एम.जी. वर्ल्ड विज़न विद्यालय),कथा वाचक प्रतियोगिता प्रथम स्थान नायला अहमद खुशहाल (जी.डी. गोयनका विद्यालय), द्वितीय स्थान सान्वी धीमान (एम.जी. वर्ल्ड विज़न),तृतीय स्थान अनिका वर्मा (द दून वैली स्कूल), कला प्रतियोगिता में वर्ग क भित्ति चित्रकला (जूनियर वर्ग)में प्रथम जी.डी. गोयनका विद्यालय, वर्ग ख लिप्पन कला (जूनियर वर्ग)प्रथम, जी.डी.



गोयनका विद्यालय),वर्ग ग मंडला कला (जूनियर कक्षा)में प्रथम एस. डी. पब्लिक स्कूल, समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किंग्स ऑफ गोयनका (जी.डी. गोयनका विद्यालय), द्वितीय स्थान नचिकेता वॉरियर्स (नचिकेता विद्यालय), कविता और लय के परिणाम (केवल प्रथम पुरस्कार) कक्षा - 1 में प्रथम स्थान एस.डी. पब्लिक स्कूल (मेहर गुलाटी), कक्षा - 2 में प्रथम स्थान एम.जी. वर्ल्ड विज़न (विनया जैन), अंतर विद्यालय हिन्दी नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, एम.जी. वर्ल्ड विज़न स्कूल को मिला। कार्यक्रम के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।प्रधानाचार्या ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धी भावना को प्रोत्साहित करते हैं।

# गुडविल सोसाइटी को मिला वर्ष 2025 का बेस्ट चैप्टर अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देश की राजधानी दिल्ली जनपथ स्थित डाक्टर अंबेडकर भवन परिसर में इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ इंडिया का 36 वा वार्षिक सम्मेलन एवं जस्टिस नागेंद्र सिंह शांति सद्भाव पुरस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने की तथा वी. वी आर सुब्रमण्यम अध्यक्ष नीति आयोग इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिनकी देश और दुनिया को शांति सद्भाव प्रेम एकता और अखंडता के साथ एवं निष्पक्ष सामाजिक संरचना के लिए किए गए अभूतपूर्व क्रियाकलापो को दृष्टिगत रखते हुए इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी ऑफ इंडिया ने उन्हें वर्ष 2025 का जस्टिस नागेंद्र सिंह शांति सद्भावना पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों एवं जिलों से पधारे प्रतिनिधियों के बीच गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल एवं सचिव होतीलाल शर्मा को समिति के माध्यम से जनहित में किए गए अभूतपूर्व सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के लिए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह नीति आयोग के अध्यक्ष वी. वी. आर सुब्रमण्यम राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र नारायण माथुर पूर्व मुख्य सचिव डाक्टर आरके भटनागर एवं दिल्ली प्रदेश गुडविल सोसाइटी के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से गुडविल सोसायटी का बेस्ट चौप्टर अवार्ड प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुब्रमण्यम ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते हुए प्रयोग पर व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि विज्ञान की भूमिका को मानव जीवन



या प्राणी जगत के लिए दोनों ही पक्षो से जोड़कर देखा जाता है यह मानव प्रकृति पर आधारित है।

वह ज्ञान विज्ञान द्वारा प्राप्त निर्णय खोज को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं बेहतर हो कि हम इस नई प्रणाली का प्रयोग सर्व सामाजिक विकास की दिशा में करें। मुजफ्फरनगर चौप्टर से सर्वश्री आलोक स्वरूप बी.एम गुप्ता मुकेश लाल एडवोकेट एके अग्रवाल एल. के मित्तल रामकुमार तायल उपस्थित रहे।

अपने अध्यक्ष वक्तव्य में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी आफ़ इंडिया द्वारा शांति प्रेम और सद्भाव के लिए किए जा रहे कार्यों तथा आणविक हथियारों को रो. कने की दिशा में किया जा रहे कार्यों की सरहाना की।

# खतौली की सड़कों पर दौड़ रहे 'मौत के ट्रक'

**खतौली।** गन्ना सीजन शुरू होते ही खतौली क्षेत्र की सड़कों पर ओवरहाइट और ओवरलोड ट्रक जानलेवा खतरा बन गए हैं। चीनी मिलों और क्रशरों की चालू पेराई के साथ किसान बड़े पैमाने पर ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गन्ना लादकर भेज रहे हैं, लेकिन इन वाहनों में निर्धारित सीमा से कई फीट ऊपर तक गन्ना लादने से हादसे का खतरा हर वक्त मंडराता रहता है। सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते ये ओवरहाइट ट्रक नगर और ग्रामीण इलाकों से बेखौफ गुजर रहे हैं। न तो पुलिस और न ही एआरटीओ विभाग इन पर लगाम लगा पा रहे हैं। दोनों विभाग चालान की बात तो करते हैं, लेकिन सड़कों पर कार्रवाई का असर कहीं दिखाई नहीं देता।

**मोहद्दीनपुर में हादसा टला, बिजली का खंभा गिरने से बचा:**शुक्रवार देर रात खतौली तहसील के गांव मोहद्दीनपुर में बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, गन्ने से भरा एक ओवरलोड ट्रक गांव के तंग रास्ते से गुजरते वक्त बिजली के खंभे से टकरा गया। ऊपर तक लदे गन्ने के बंडल खंभे में फंस गए और जोरदार आवाज के साथ खंभा गिरने से बाल बाल बच गया। जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर ट्रक चालक को रोकने की को. शिश की, लेकिन चालक नहीं रुका। कुछ ग्रामीणों ने आगे बढ़कर ट्रक को रोक लिया और चालक को कड़ी फटकार लगाई। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे हादसे अक्सर होते रहते है।

**ग्रामीणों में रोष, बोलेकृकभी भी हो सकता है बड़ा हादसाः** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई ट्रक चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे अनियंत्रित वाहन किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उनका कहना है कि प्रशासन और पुलिस विभाग किसी गंभीर हादसे का इंतजार कर रहे हैं।ग्रामीणों ने जिला. धिकारी और एआरटीओ से मांग की है कि ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जाए तथा जन सुरक्षा हेतु चालकों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## प्रेस विज्ञप्ति

महर्षि कश्यप धर्मशाला एवं शिव मंदिर समिति शुक्रताल, मु.नगर का चुनाव दिनांक 23.11.2025 दिन रविवार को होना तय हुआ है।

अतः आप आजीवन सदस्य एवं सम्मानित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.11.2025 को समय 10 बजे सुबह सभी उपस्थित हो।

**भवदीय**
**प्रबन्धक संजीव कुमार**
**अध्यक्ष मांगेराम**

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा बेटा मुजाहिद हसन व उसकी पत्नी श्रीमती नरगिस मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैने व अन्य परिजनों ने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है तथा मैने दिनांक 15.10.2025 को अपने बेटे मुजाहिद हसन व उसकी पत्नी श्रीमती नरगिस को अपनी समस्त चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। इन दोनों की स्वयं की होगी।

**जाहिद पुत्र ताहिर निवासी म.न. 304, ग्राम बागोवाली थाना नई मंडी जिला-मुजफ्फरनगर**

# सांस्कृतिक कार्यक्रम तक सिमटा गंगा स्नान मेला, रौनक की दरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा के अवसर शुकतीर्थ मे आयोजित किये जाने वाले गंगा स्नान मेले मे शाम के समय आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पुलिस द्वारा पूर्ण सतर्कता बरती जा रही है।

श्रद्धांलुओं के वाहनों को शुकतीर्थ मे जाने से रोक दिया गया है।मुख्य मार्गो पर अनेक स्थानों बेरीकेटिंग लगाकर रास्ते बंद कर दिए गये हैं। जिससे श्रद्धांलुओं मे रोष व्याप्त है।श्रद्धालुओं मे निराशा के चलते मुख्य मार्गो पर वीरानी सी पसर गयी। वहीं दुकानदारों ने आर्थिक नुकसान होने की बात बताई है।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे एक व्यक्ति को विशेष महत्व देने व उसकी सुरक्षा के लिए हज़ारो श्रद्धालुओं को परेशान करने पर साधु संतो ने भारी नाराजगी जताई है।



शुकतीर्थ मे आयोजित होने वाले स्नान मेले का आयोजन जिला पंचायत की ओर से किया जाता है। जिसमे आस पास ग्रामीण अंचल सहित दूर दराज से श्रद्धालू गंगा मैया मे स्नान करने आते हैं। तथा विभिन्न आश्रमो मे विश्राम करते हैं।व आस पास डेरे लगाकर मौज मस्ती करते हैं।।इस बार गंगा स्नान के साथ मोक्ष कुम्भ भी आयोजित किया जा रहा है। तथा रविवार की शाम गंगा घाट पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुरक्षा को लेकर श्रद्धालुओं के डेरे मेला ग्राउंड व गुरु समनदास आश्रम के पास लगवाये गये हैं। गंगा घाट पर बाईक आदि भी नहीं जाने दी जा रही है। इस व्यवस्था का कुछ ने स्वागत किया है। वहीं अनेक श्रद्धालूओं ने नाराजगी जताई। महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास ने बताया की एक व्यक्ति को महत्व देकर हज़ारो को परेशान किया गया है। मेले का स्वरूप ही समाप्त हो गया है। श्रद्धालूओं ने बताया की प्रशासन को मेले के लिए शुकतीर्थ बाहर व्यवस्था करनी चाहिए थी। तथा वाहनों के प्रवेश न होने देने की सूचना 15 दिन पूर्व करनी चाहिए थी।

**मोरना।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने महा मंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज संग श्रद्धांलुओं के डेरो का भृमण किया। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं का हाल चाल जाना। समनदास आश्रम के पास ठहरे श्रद्धालुओं ने पानी की व्यवस्था न होने की समस्या से अवगत कराया।

### न दुकाने लगी न सजा मीना बाजार

मेले के दौरान लगने वाले मीना बाजार मे दुकान तो लगी हैं। किन्तु ग्राहक न होने से बाजार मे रौनक नहीं है। वहीं मेला ग्राउंड पर भी दुकाने लगाई जाती थी। इस बार कोई दुकान अभी तक नहीं लगी है।

### प्रदर्शनी स्टाल के स्थान पड़े खाली

ग्रामीण अंचल के व्यक्तियों के मेले मे आगमन को लेकर पूर्व पर प्रदर्शनी स्टाल लगाये जाते थे किन्तु इस बार कोई भी विशेष प्रदर्शनी स्टाल नहीं लगाया गया है।

### मुफासा घोड़ा बना मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र

गांव करेहड़ा निवासी बाबू राठी सोनू राठी शिवम काकरान आदि मेले में परिवार सहित डेरा लगाए हुए हैं जहां वह अपने घोड़े मुफासा को भी लिए हुए मुफासा को मेले में श्रद्धालुओं के मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

वहीं ऊंट भी बच्चों के लिए सवारी कराकर मनोरंजन का साधन बना है।

### हर गंगे जय मां गंगे से गूँज उठ गंगा घाट

श्रद्धालू हर हर गंगे जय मां गंगे के जय घोष के बीच श्रद्धालू गंगा मे स्नान कर रहे हैं। महिलाओं के लिए घाट पर वस्त्र परिवर्तन शाला की व्यवस्था की गयी है।

# बहरापन से निजात दिलाने की मुहिम में जुटा तनेजा हास्पिटल

**लाइव सर्जरी कर डेलीगेट को दिया प्रशिक्षण**

**मुजफ्फरनगर।** तनेजा हॉस्पिटल में बहरेपन से निजात दिलाने के लिए टेंपोरल बॉन लाइव सर्जरी का आयोजन, 75 कॉलेज और एम्स के डेलिगेट नें किया प्रतिभाग

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मीडिया सेंटर के अध्यक्ष अनिल रॉयल ने फीता काटकर किया। जनपद मुजफ्फरनगर के रेलवे रोड स्थित तनेजा हॉस्पिटल के सभागार में कान से मवाद और बहरापन निवारण के लिए लाइव सर्जरी सेमिनार का आयोजन किया गया। लाइव सर्जरी सेमिनार का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने किया। इस दौरान सेमिनार में 75 कॉलेज और एम्स के डेलिगेट्स ने प्रतिभाग किया। तनेजा हॉस्पिटल के डॉक्टर एम के तनेजा पिछले 25 सालों से लगातार मेडिकल के छात्र-छात्राओं और कॉलेज एवं एम्स के डेलिगेट्स को टेंपोरल बॉन पर लाइव सर्जरी वर्कशॉप का आयोजन कर रहे हैं। इसके तहत डॉक्टर एमके तनेजा छात्र-छात्राओं को विश्व की सबसे कठिन सर्जरी की ट्रेनिंग देते है। डॉ. तनेजा का दावा है कि जो इस ट्रेनिंग में प्रतिभाग करता है। वह इस सर्जरी को आसानी से कर सकता है। उसके बाद सर्कुलर रोड स्थित एक निजी होटल में डॉक्टर और जनपद के गणमान्य लोगों का सम्मेलन कार्यक्रम किया गया। सम्मेलन में मुजफ्फरनगर नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और मीडिया सेंटर के अध्यक्ष एवं रॉयल बुलेटिन के संपादक अनिल रॉयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान डॉक्टर एम के तनेजा ने मुख्य अतिथियों को शॉल एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया।

डॉक्टर डा तनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम आज 30जी टेंपोरल बॉन डस्कशन एंड लाइव सर्जरी वर्कशॉप के उपलक्ष में किया गया है। हम 1995 से इस प्रोग्राम को कर रहे हैं। इसमें हम हैंड्स बॉन ट्रेनिंग देते हैं कि कैसे इयर्स सर्जरी सक्सेसफुल की जाए। एक बात बताना चाहता हूं,एक क्यूबिक सैंटीमीटर के एरिया में हमारी ब्रेन की ब्लड की सप्लाई,ब्रेन की वेनस ड्रेनेज, हमारा बेलेन्स ऑर्गन,हियरिंग ऑर्गन, हमारे फेस की नर सप्लाई सारी सम्मिलित होती है। इन सभी को सम्मिलित करते हुए एक सेंटीमीटर के एरिया में इसकी सर्जरी को समायोजित करते हैं, ट्रेनिंग देते है और यह शायद यह संसार की सबसे कठिन और सबसे कॉम्प्लिकेटेड सर्जरी है इसीलिए इसका टेंपोरल बॉन में लेबॉटरी में ट्रेनिंग आवश्यक होती है और इसकी ट्रेनिंग हमने यहां पर दी है,इसी के द्वारा आने वाली पीढ़ी को लाभ मिलेगा । लगभग 75 डेलिगेट विभिन्न मेडिकल कॉलेज और एम्स से यहां पर भागीदारी कर रहे हैं। उनको



हम हैंड्स बॉन ट्रेनिंग दे रहें है और इसके बाद लगभग हम गारंटी ले सकते हैं जिन्होंने ट्रेनिंग ली है उनके द्वारा करे गए ऑपरेशन जिसमे कान के मवाद के साथ-साथ बहरापन निवारण का भी कार्य होगा और हम समाज से बहरापन को दूर करने में कामयाब होंगे। यह ट्रेनिंग रविवार शाम तक रेलवे स्टेशन रोड तनेजा हॉस्पिटल के सभागार में चलेगी। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप,वरिष्ठ पत्रकार अनिल रॉयल रहे । इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, डॉ. ईश्वर चंद्रा,विनोद कुशवाहा, डी.पी.सिंह, डॉ. विवेक तनेजा,अविनाश रमानी, वरिष्ठ अधिवक्ता तेग़ बहादुर सैनी, एसकेबी हॉस्पिटल के मालिक अभिनव बंसल, ऋषिकेश एम्स के डायरेक्टर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया, सचिन गोयल रहे।

# युवक की हत्या के खुलासे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव

**खेडी फिरोजाबाद के सोनू की कर दी गई थी हत्या**

**मोरना।** खेड़ी फिरोजाबाद निवासी युवक सोनू की हत्या के बाद रविवार को ग्रामीणों ने शव को थाने के सामने रखकर मोरना--जानसठ मार्ग पर जाम लगा दिया सैकड़ो महिलाएं व पुरुष नारेबाजी कर धरने पर बैठ गयी और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटो नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी देव वृत वाजपेयी ने शीघ्र घटना के खुलासे का आश्वासन देते हुवे समझा बुझा कर जाम को खुलवाया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़ी फिरोजाबाद निवासी 29 वर्षीय सोनू पुत्र कंवरपाल का शव लहू लुहान हालत मे शनिवार को रुड़कली मार्ग पर मीरहसन के खेत मे मिला था।

शव के पास ही खून से सना एक चाकू व कोल्ड ड्रिंक्स की दो कैन बरामद हुई थी। व बाईक सड़क पर पड़ी मिली थी। मृतक के सिर व चेहरे पर गहरे घाव मिले थे। शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया था। रविवार की दोपहर बाद सोनू के शव को लाया गया। जिसके बाद सेंकड़ो ग्रामीण शव को लेकर थाने पर पहुँच गये।और घटना के तुरंत खुलासे की मांग करते हुए शव को सड़क पर रख कर मोरना-जानसठ मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सी ओ देव वृत वाजपेयी ने ग्रामीणों को समझाते हुए शीघ्र घटना के खुलासे का आश्वासन दिया। करीब तीन घंटे बाद जिला पंचायत सदस्य संजय रवि ने भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद से सीओ भोपा व मृतक सोनू के परिजनों से वीडियो कॉल पर बात कराई। जिसके बाद जाम खोल दिया गया।

इस दौरान मृतक के पिता कंव. रपाल, माता सुमन देवी व जिला पंचायत सदस्य पति संजय रवि, पाल भाई चारा के जिला संयोजक आसपा दिनेश पाल, रवि प्रकाश बौद्ध,डॉ. सागर, उर्मिला, सविता, सोमपाल, अनीता, नजर मोहम्मद, कदम सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो बाइकों की भिड़ंत में छह लोग हुए घायल

**बुढ़ाना।** अलग अलग 2 बाइकों पर बैठकर अपने अपने गंतव्य की और लौट रहे आधा दर्जन लोग दोनों बाइकों की जोरदार भिडंत होने पर गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को घटनास्थल पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने बुढाना साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था जहां पर चिकित्सकों ने सभी छह घायलों का प्राथमिक उपचार कर सभी को जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया है। उधर बुढाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों बाइकों को कोतवाली परिसर में भिजवाया। उक्त घटना बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना के समीप की आज रविवार के दिन की बताई जा रही है। इनमें से एक की हालत ज्यादा ही गंभीर बताई जा रही है। परिजनों को भी घटना की सूचना मिल गयी थी।

### युवक के साथ मारपीट ,फायरिंग का आरोप

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम कान्हाहेड़ी में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक ने मारपीट के साथ फायरिंग का भी आरोप लगाया है, हालांकि गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। यह विवाद रास्ते से वाहन हटाने को लेकर शुरू हुआ था। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

चरथावल थानाक्षेत्र के गांव कान्हाहेड़ी निवासी कमलकांत शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रास्ते में अपने एक परिचित की जेसीबी रुकवाकर बात कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार युवकों ने उन्हें वाहन हटाने के लिए कहा। कमलकांत ने दो मिनट रुकने को कहा, जिससे बाइक सवार उत्ते. जित हो गए। कमलकांत के अनुसार, बाइक सवारों ने तुरंत अपने पांच अन्य साथियों को बुला लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने तमंचे से तीन बार फायरिंग करने का प्रयास भी किया, लेकिन गोली नहीं चल पाई। घटना के बाद पीड़ित कमलकांत शर्मा ग्रामीणों के साथ चरथावल थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना बताई। चरथावल थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि मौके पर मारपीट की बात सामने आई है, लेकिन फायरिंग की घटना नहीं हुई है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला रिजवान गिरफ्तार

**मीरापुर।** थाना मीरापुर पुलिस एवं मिशन शक्ति की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मीरापुर ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि 08 अक्टूबर 2025 को एक महिला द्वारा थाना मीरापुर में लिखित तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि रिजवान पुत्र जैगम निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना ककरौली, जनपद मुजफ्फरनगर ने उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर पर थाना मीरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की। अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए थाना मीरापुर पुलिस व मिशन शक्ति की संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने अभियुक्त रिजवान को मोंटी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रिजवान पुत्र जैगम निवासी ग्राम दौलतपुर, थाना ककरौली, जिला मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अतिरिक्त दहेज न देने पर ससुरालियों ने किया उत्पीडन

**मीरापुर।** थाना मीरापुर क्षेत्र की एक युवती ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज में कार और नकदी की मांग, शारीरिक उत्पीड़न तथा यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता तनवीर फातिमा उर्फ इरम फातिमा पुत्री सादिक निवासी ग्राम किथोड़ा ने थाना मीरापुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

पीड़िता के अनुसार उसका निकाह 07 नवम्बर 2024 को सलमान हैदर निवासी त्रिलोकपुरी, दिल्ली के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर करीब 15 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं हुआ और विवाह के तुरंत बाद ही दहेज में कार तथा पांच लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगा। तनवीर फातिमा ने बताया कि जब उसके परिवार ने यह मांग पूरी करने से इंकार किया, तो ससुराल पक्ष ने उसके साथ मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और जान से मारने की धमकियां दीं। आरोप है कि उसे कमरे में बंद कर रखा गया और बाद में मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की तहरीर पर थाना मीरापुर पुलिस ने पति सलमान, फिरोज, नजमा, अजरा, बबली और रेशमा के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन लगाएगा नि:शुल्क नेत्र व दंत जांच शिविर

**खतौली।** सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन, खतौली के तत्वावधान में आगामी 9 नवम्बर (रविवार) को नि:शुल्क नेत्र एवं दंत रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर प्रभा पब्लिक स्कूल, होली चौक, खतौली में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।कार्यक्रम में डाद्ध संदीप मित्तल (एम.एस.), डा. कोपल मित्तल (एम.एस.) तथा डा. एस.पी. जिन्दल (एम.एस.) द्वारा अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से आंखों की जांच की जाएगी। जांच में चश्मे का नंबर, मोतियाबिंद, आंखों के पर्दे की समस्या, एलजह्न, सुखेपन और नाखूने जैसी बीमारियों की पहचान की जाएगी। वहीं, डा. पूजा भट द्धबी.डी.एस.ऋ दंत रोग विशेषज्ञ के रूप में दांतों की जांच करेंगी। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबूराम शर्मा और कोषाध्यक्ष अभयराम सैनी ने नगरवा. सियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कैंप का लाभ उठाएं और समय पर पंजीकरण कराकर अपनी आंखों व दांतों की नि:शुल्क जांच अवश्य कराएं।

## वायरल वीडियो खोल रहा दोनों युवकों की मौत की सच्चाई

**चरथावल।** दो दिन पूर्व हुई दो युवाओं की दर्दनाक मौत से जहाँ पुरे क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया था वही यह प्रचार किया गया था की नीलगाय से टकराकर दोनों युवकों की मौत हुई है जबकि बिरालसी चौकी से मात्र कुछ ही दुरी पर हुए इस दर्दनाक हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और दोनों युवकों को एक स्कुल की गाड़ी से कुचलने का साफ साफ वीडियो वायरल होने से क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया, दोनों युवकों जुनेद, नाहिद को एक स्कुल बस द्वारा चरथावल थानाभवन पर कुचलने की घटना साफ साफ दिखाई दे रही हैस जबकि दोनों युवकों की मौत के मामले से नीलगाय से टकराकर होने का प्रचार किया गया था जबकि दोनों युवकों को एक स्कुल बस से साफ साफ कुचलते हुए देखा जा रहा है मामले मे तरह तरह की चर्चाए उड़ रही है।

# गाजियाबाद ट्रेन चेन स्नेचिंग कांड में खतौली के सर्राफ की दुकान पर जीआरपी की दबिश

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गाजियाबाद में ट्रेन के अंदर हुई चेन स्नेचिंग की घटनाओं के तार खतौली से जुड़ने पर रविवार को गाजियाबाद जीआरपी क्राइम ब्रांच टीम ने बड़ा एक्शन लिया। टीम ने खतौली के बड़ा बाजार स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान पर छापेमारी कर एक सुनार को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई के दौरान सर्राफा व्यापारियों ने विरोध जताया, जिससे पुलिस और व्यापारियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

जानकारी के अनुसार, बीते चार माह पूर्व गाजियाबाद रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में कई चेन स्नेचिंग की वारदातें हुई थीं। इन घटनाओं की जांच के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी के जेवर खतौली के एक सुनार को बेचे गए थे। इसी सुराग पर कार्रवाई करते हुए जीआरपी क्राइम ब्रांच टीम रविवार को खतौली पहुंची और बड़ी बाजार क्षेत्र में स्थित एक सर्राफा दुकान पर छापामारी की। दबिश के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने विरोध शुरू कर दिया, जिससे मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। व्यापारियों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने सुनार को गाड़ी में बैठाकर कोतवाली खतौली ले आई। घंटों की पूछताछ के बाद पुलिस उसे अपने साथ गाजियाबाद ले गई। गाजियाबाद जीआरपी अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार स्नेचरों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्होंने चलती ट्रेन में महिलाओं के गले से सोने की चेन और कुंडल छीने थे। बाद में इन जेवरों को खतौली के सुनार को करीब ₹64,000 में बेचा गया था। पुलिस के मुताबिक, लूटा गया सामान अभी बरामद नहीं हो पाया है, इसलिए सुनार से सघन पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद से गिरफ्तार दोनों बदमाशों के संबंध खतौली क्षेत्र से भी जुड़े हुए हैं। इसके चलते जीआरपी टीम ने खतौली के गैस गोदाम क्षेत्र में भी देर शाम तक दबिश दी। वहीं, दूसरी ओर स्थानीय सर्राफा व्यापारियों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर रोष देखने को मिला। व्यापारियों का कहना है कि बिना स्थानीय पुलिस को जानकारी दिए बाहरी जिले की टीम ने दबिश दी, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है।

# युवा रालोद जिलाध्यक्ष ने किया वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**बुढाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर में स्थित एक भव्य मैदान में आज रविवार के दिन शहीद भगत सिंह शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ अपने कर कमलों के द्वारा सैंकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोक. दल युवा के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान ने फीता काटकर किया। यहां पर युवा खिलाड़ियों में खेल के प्रति जोश और उत्साह देखकर सभी ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। यहां पर अपने संबोधन में युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान ने कहा कि खेल भावना और अनुशासन से ही समाज में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने यहां पर ये भी जोर दिया कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता का आयोजन शाम 05 बजे तक चला। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक और खिलाड़ियों की मौजूदगी रही।

# गंगा स्नान के मौके पर महिला ने तीन बच्चियों को दिया जन्म

**ग्रामीणों ने ?आतिशबाजी कर मनाई खुशिया**

**जानसठ।** लड़कियों के जन्म होने पर मां-बाप मानते हैं कि लड़कियों के जन्म होने से सबकुछ अशुभ होता है। सब लोग बेटे की चाहत रखते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं है, लोग लड़कियों को भी बेटा मानते हैं। एक ऐसी घटना गांव भलेड़ी में घटी कि एक महिला ने अपनी कोख से तीन शिशु बच्चियों को जन्म दिया। तीन बच्चियों को जन्म देने के उपरांत गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने खुशी में आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। परिवार के लोगों ने तीनों बच्चियों के नाम भी रख दिए हैं। तीनों के नाम गंगा, जमुना व सरस्वती रख दिए हैं। तीनों बच्चियां स्वस्थ हैं। बच्चियों को देखने के लिए महिलाओं का घर पर तांता लगा हुआ है। गांव भलेड़ी निवासी आकाश सैनी पुत्र अजय कुमार सैनी का विवाह दो वर्ष पूर्व थानाभवन निवासी सोनिया सैनी के साथ हिंदी रीतिरिवाजों के साथ हुआ था। आकाश सैनी की दादी करेशना व मां अनीता का कहना है कि गंगा स्नान के मौके पर परिवार में तीन बच्चियां यानी लक्ष्मी जन्मी हैं। तीनों बच्चियों के जन्म को लेकर गांव में दादा अजय कुमार ने सभी ग्रामीणों को दावत दी। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने खुशी मनाते हुए आतिशबाजी भी की। परिवार के लोगों ने गंगा स्नान के मौके पर बच्चियों के जन्म होने पर उनका नाम गंगा, जमुना व सरस्वती दिया है। गांव में खुशी का माहौल है।

# श्रीराम वनवास का मार्मिक प्रसंग सुन रो पड़े श्रद्धालु



**शाहपुर।** सिद्धपीठ जुढी वाला मंदिर एकांश्वर धाम में चल रही शिवपुराण कथा में रविवार को कथा व्यास पंडित त्रिलोकी नाथ शास्त्री ने भगवान श्रीराम के वनवास का मार्मिक प्रसंग सुनाया। कथा सुनते ही वातावरण भावविभोर हो उठा और कई श्रद्धालुओं की आँखें नम हो गईं। यह आयोजन नोएडा के युवा समाजसेवी एवं व्यापारी विनीत गर्ग द्वारा अपने माता-पिता की पावन स्मृति में कराया जा रहा है। कथा व्यास पं. शास्त्री ने कहा कि राक्षसों का संहार करने के लिए स्वयं भगवान श्रीराम को अपना घर-परिवार छोड़कर जंगलों में भटकना पड़ा। यह इस बात का प्रतीक है कि भगवान भी जीवन की परीक्षाओं से गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि जब ईश्वर स्वयं कष्टों को स्वीकार कर सकते हैं, तो मनुष्य को भी कठिन समय में धैर्य, विश्वास और सत्कर्मों का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। कथा के अंत में भक्ति गीतों से पूरा धाम 'हर हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास पंडित त्रिलोकी नाथ शास्त्री का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने तथा मूल पाठ कर रहे पंडित राम प्रसाद शर्मा का शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा ने माल्यार्पण कर सम्मान किया। कथा आयोजक विनीत गर्ग, विनोद गर्ग, शिवा गर्ग ने बताया कि कल आज सोमवार को कथा को विराम दिया जाएगा। मंगलवार सुबह हवन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कथा की व्यवस्था बनाने में मंदिर समिति के सुनील कुमार, पंकज शर्मा, राजेंद्र मित्तल, राजीव गर्ग, शशांक सिंघल, राजेश सिंघल, राजू नामदेव, रजत बंसल, वीरेंद्र सिंघल, विमल सैनी, सुशील प्रजापत, प्रवीण कुमार, विनय कुमार, राहुल शर्मा, राहुल सैनी, संजीव सिंघल, रितिक गर्ग, सचिन कुमार, कुकू गर्ग आदि मौजूद रहे।


# मां गंगा के पावन तट पर भक्ति गायक कैलाश खैर ने बिखेरी सुर की छटा

## कैलाश खैर के सुरों के सुरूर में डूबे भक्त, भक्तिमय हुई तीर्थ नगरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** रविवार की शाम तीर्थ नगरी भक्ति के संगीत में डूब गई भक्ति गायक कैलाश खैर ने भक्ति संगीत की छटा बिखरते हुए प्रत्येक को भाव विभोर कर दिया, भजन संगीत संध्या कार्यक्रम मे अधिकारी, जनप्रतिनिधि, साधु संत व श्रद्धालू उपस्थित रहे।

पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ मे भागवत मोक्षकुम्भ के अंतर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भक्ति संध्या मे प्रसिद्ध भक्ति गायक कैलाश खैर ने अपनी प्रस्तुति मे कुछ भक्ति संगीत के बाद कहा की शुकतीर्थ की पावन धरा पर आकर वह बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। माँ गंगा के पावन तट यह कार्यक्रम अद्भुत होगा, बेंगलुरु, मुंबई के बाद वह यहां पहुंचे हैं और इसके बाद बनारस का कार्यक्रम है। गंगा मैया से उनका पुराना संबंध है। ऋषिकेश के घाटों पर उनका बचपन






गुज़रा है। जिसके बाद उन्होंने तौबा तौबा तेरी सूरत, माशाअल्लाह तेरी सूरत पहली फ़िल्मी प्रस्तुति दी जिसके बाद केसे तुझको बताएं, क्यूँ तुझको चाहें यारा,पिया के रंग, रंगदी ओढ़नी आदि की प्रस्तुति दी। इस अवसर जिला. धिकारी उमेश मिश्रा,सीडीओ कमल किशोर कण्डारकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, एडीएम गजेंद्र सिंह,एसपी देहात आदित्य बंसल,एस डी एम राजकुमार,अपूर्वा यादव, निकिता शर्मा व महामण्डलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल,मन्त्री कपिलदेव अग्रवाल, विधायक मिथलेश पाल,शहर चेयरमैन मिनाक्षी स्वरुप, ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी, सुप्रिया पाल, भीमसेन कसलं, डॉ.महकार सिंह,गोपाल दास महाराज, मनोहर लाल शर्मा, स्वामी अनंत देव, स्वरुपानदं महाराज, तुलसीदास, संद. ीपदास, भीष्म दास, देवदास, अचल कृष्ण शास्त्री, हर्ष बालियान,अचल कृष्ण शास्त्री, विनोद शर्मा,बिन्नू राठी, अजय कृष्ण, राधा माता, आचार्य उप्रेती,ओमदत्त आर्य, मेघना, प्रदीप निर्वाल, आशीष, कार्यक्रम संचालन राजीव कुमारने किया।

# नवाब इम्तियाज ऑल इण्डिया जमीतुल कुरैश के प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव नवाब इम्तियाज को एक बार फिर से बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है लेकिन इस बार उन्हें राजनैतिक पार्टी में नहीं बल्कि उनके अपने समाज में जिसमें उनको विगत दिवस आल इण्डिया जमीयतुल कुरैश के एक सौ वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में स्थित इस्लामिक कल्चर सेंटर के सभागार में आयोजित किए गये एक भव्य कार्यक्रम में बड़ी जिम्मेदारी दी गयी।

इससे पहले कुरैश के हालात पर चर्चा करते वकूत सदर सिराजुद्दीन कुरैशी भावुक हो गये। उनकी आवाज भर्रा गई आंखे नम हो गई ज़ब उन्होंने कुरैश के हालात का जिक्र किया कि जिस कुरैशी बिरादरी के लोग करोडों रूपये की शादियां करते हैं। करोडों



रूपये के लेन देन करते हैं उस बिरादरी की समाजिक संस्था का एकाउंट खाली है। आज कोम की मदद को तैयार रहनी वाली, बिरादरी के मसलों को उठाने वाली, बिरादरी के हक की लड़ाई लड़ने वाली संस्था आज माली तोर से कमजोर हो रही है। उसे आज खुद मदद की जरूरत है। तब कुरैश के इस हालात का जिक्र सुनकर बुढ़ाना कस्बे के सपा नेता नवाब इम्तियाज़ ने एक शेर की तरह सभागार में अपनी सीट से खड़े होकर ऐलान किया कि मै नवाब इम्तियाज कुरैशी आल इण्डिया जमीयतुल कुरैश के लिए पांच लाख रूपये देने का ऐलान करता हूं। में कुरैश को अपनी तरफ से 5 लाख रूपये दूंगा इंशाल्लाह और फिर देखते ही देखते कुरैश के लिए ताऊन करने वालो की कोने कोने से आवाज बुलंद होने लगी। चंद मिनटों में करोड़ो रुपयों के ताउन का ऐलान हुआ। इसके बाद सबकी सहमति से नवाब इम्तियाज को अखिल भारतीय जमीयतुल कुरेश उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया और आशा जताई कि आप इस पद की गरिमा व सम्मान बनाये रखते हुऐ संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे और समाज की तरक्की में अपना पूर्ण योगदान देकर संगठन को सक्रिय कर कुरैश समाज की सेवा करेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## नगर पालिका में मानकों की अनदेखी

# ठेकेदारों की मनमानी से उड़ाई गई गुणवत्ता की धज्जियां

### सड़क नहीं, भ्रष्टाचार की इबारत लिखी गई कैराना में




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर पालिका परिषद कैराना में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। करोड़ों रूपए की लागत से बनी सड़कों की हालत कुछ ही दिनों में बदहाल होने लगी है। कहीं सड़कें धंस गई हैं, तो कहीं नालियां टूटकर बहाव रोक रही हैं। विकास की आड़ में सरकारी धन की बंदरबांट का सिलसिला जारी है।

मोहल्ला खैलकलां वार्ड नंबर 8 के बाद अब मोहल्ला राजेंद्र कॉलोनी वार्ड नंबर 6 में भी घटिया निर्माण की पोल खुल चुकी है। जुबेर के मकान से लेकर नौशाद के प्लॉट तक सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स रोड व नाली निर्माण कराया गया, जो कुछ ही दिनों में टूटने लगा है। मदरसे के पास बनी सड़क कई जगहों से धंस चुकी है। मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि ठेकेदारों ने मानकों की धज्जियां उड़ाकर घटिया सामग्री का प्रयोग किया। लोगों का आरोप है कि पालि. का अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी धन का जमकर दुरूपयोग किया जा रहा है। शिकायत करने पर जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। इस सड़क का निर्माण राज्य वित्त आयोग योजनांतर्गत किया गया है।

#### मानकों की अनदेखी पर खामोशी क्यों

कस्बे में सड़कों का निर्माण कराकर वाहवाही लूटने वालों की परतें अब खुलने लगी हैं। भ्रष्टाचार का जाल इतना गहरा है कि मानकों का कहीं नामोनिशान नहीं। गुणवत्ता के नाम पर लीपापोती की गई है। ठेकेदारों ने सड़कों के नीचे भ्रष्टाचार दफन करने की कोशिश की, मगर इंटरलॉकिंग टाइल्स के नीचे छिपे कारनामे अब बाहर आ रहे हैं।राजेंद्र कॉलोनी वार्ड 6 में सड़क का धंसना ही इस बात का सबूत है कि निर्माण में जमकर गड़बड़ी की गई।

#### गुणवत्ता की कसौटी पर खरे नहीं उतरे ठेकेदार

भ्रष्टाचार की गूंज अब शासन स्तर तक पहुंच चुकी है। शिकायतों के बाद प्रशासन ने जांच टीम गठित की, जिसने निर्माण से जुड़े अभिलेख मांगे। जांच शुरू होते ही ठेकेदारों में हड़कंप मच गया। माना जा रहा है कि सड़कों के इस घोटाले में कुछ जिम्मेदार अधिकारी भी जांच दायरे में आ सकते हैं।

फिलहाल यह साफ हो गया है कि ठेकेदार निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और मानकों की कसौटी पर पूरी तरह असफल रहे हैं।

#### जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें, ठेकेदारों ने की लीपापोती

कस्बे में विकास के नाम पर चल रहे कामों के पीछे भ्रष्टाचार की मोटी दीवार खड़ी है। सवाल उठता है कि इतने बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के बावजूद अधिकारी खामोश क्यों रहे? क्या लालच ने ईमानदारी को निगल लिया, या फिर सांठगांठ का जाल इतना मजबूत था कि कोई कुछ बोल ही नहीं सका?

#### ज्यादातर कार्यालय से बाहर नहीं निकलते अधिकारी

नगर पालिका परिषद के अधिकारी केवल कागजों में विकास दिखा रहे हैं। वास्तविकता यह है कि सड़कों की गुणवत्ता की जांच के लिए कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचता।

कार्यालय में बैठकर ही रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेज दी जाती है। ठेकेदारों के दबाव में अधिकारी मानो 'सरेंडर' कर चुके हैं।

जनता का सवाल है क्या यही है विकास का चेहरा, जिसमें सड़कों के साथ जनता का विश्वास भी धंसता जा रहा है?

## 10 दिन बाद भी नहीं खुला हरियाणा बॉर्डर, धान पर रोक से किसान बेहाल, नेताओं की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच धान विवाद अब दसवें दिन में प्रवेश कर चुका है, लेकिन अब तक हरियाणा सरकार ने यूपी के धान पर लगी रोक नहीं हटाई है। इस पूरे मामले ने किसानों के बीच गुस्सा और निराशा दोनों को बढ़ा दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर दोनों ही राज्यों में और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार होने के बावजूद किसानों की इस गंभीर समस्या पर समाधान क्यों नहीं हो पा रहा है? केंद्र सरकार बार-बार यह दावा करती है कि किसान अपनी उपज को देश के किसी भी राज्य में बेच सकते हैं, लेकिन हरियाणा सरकार इस नीति का समर्थन करने के बजाय धान आने पर रोक लगाकर खुद अपने ही दल की नीतियों को कमजोर कर रही है।

किसानों का कहना है कि यह सिर्फ धान का नहीं बल्कि उनके हक और आजीविका का मामला है। वे पूछ रहे हैं कृ जब केंद्र और दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार है, तो क्या किसानों की तकलीफों को अनदेखा किया जा रहा है? इधर, किसानों के मसीहा कहलाने वाले कई यूनियनों के नेता भी अब सवालों के घेरे में हैं। किसानों का कहना है कि जो नेता किसानों के वोट से सांसद और विधायक बने, वे आज इस संकट में चुप क्यों हैं? न किसी ने बॉर्डर पर जाकर किसानों से वार्ता की, न ही किसी ने राज्य या केंद्र सरकार को पत्र लिखकर दखल की मांग की। बॉर्डर पर अब भी सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और ट्रक धान से भरे खड़े हैं। चालक और व्यापारी खुले आसमान के नीचे परेशान हैं। खाने-पीने से लेकर सुरक्षा तक की दिक्कतें लगातार बढ़ रही हैं। किसानों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो उन्हें मजबूर होकर अपनी फसल यहीं औने-पौने दामों में बेचनी पड़ेगी, जिससे भारी नुकसान होगा। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर कब तक सरकारें और किसान नेता इस विवाद पर बातचीत शुरू करेंगे और कब किसानों को उनकी मेहनत की सही कीमत मिल पाएगी।

## धर्म से विमुख न हों युवा



**शामली।** शहर के जैन धर्मशाला में रविवार को 108 विव्रत सागर मुनि. राज ने प्रवचन में युवा पीढ़ी का धर्म से विमुख होना और धर्म के वास्तविक उद्देश्य की कमी जैसे गंभीर विषय पर विस्तारपूर्वक विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी का मंदिरों, जिनालयों और धार्मिक गतिविधियों से दूर होना समाज के लिए चिंता का विषय है। युवा यह प्रश्न करते हैं कि मंदिर जाने, जिनवाणी पढ़ने या गुरुओं की सेवा करने से क्या लाभ होगा। क्या इससे धन मिलेगा या परीक्षा में सफलता मिलेगी, लेकिन परिवार और समाज से अक्सर उन्हें इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर नहीं मिलते। गुरुदेव ने कहा कि धर्म का उद्देश्य केवल अगला जन्म सुधारना नहीं, बल्कि वर्तमान जीवन में शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त करना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे किसान अनाज के लिए खेती करता है, भूसे के लिए नहीं कृ वैसे ही धर्म का लक्ष्य केवल बाहरी उपलब्धियां नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे केवल भौतिक सफलता पर केंद्रित रहते हैं, वे असफलता में टूट जाते हैं। जबकि धर्म की सही शिक्षा उन्हें मानसिक बल और स्थिरता प्रदान करती है। धर्म करने से मनुष्य को आत्मिक संतोष मिलता है, जो किसी भी भौतिक उपलब्धि से बड़ा है। इस अवसर पर सुशील जैन, सुधा जैन, मोहित जैन, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### गली में अवैध निर्माण करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी निवास शर्मा पुत्र जनेश्वर शर्मा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही बिट्टू का परिवार पीड़ित के रंजिश रखता है। पीड़ित का आरोप है कि जब पीड़ित अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था इसी बीच पड़ोसी बिट्टू ने अपने परिवार के मोनू, राजवीर व मांगा के साथ मिलकर गली में तिरछी दीवार खड़ी कर दी। जिससे पीड़ित को आने-जाने में परेशानी हो रही है। पीड़ित ने विनम्रता से दीवार को सीधी करने को कहा तो आरोप है कि चारों लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने मामले की सूचना डायलॉग 112 पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। 112 पुलिस जाने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को गांव से निकलने की धमकी देते हुए फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर गली में हो रहे अवैध रूप से निर्माण कार्य को बंद कराने और कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पुलिस की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पड़ोसी युवक पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पड़ोसी युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रविवार को पीड़िता किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। महिला का आरोप है कि मौके का फायदा उठाते हुए पड़ोस में रहने वाला युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी देर तक जब बेटी वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला ने अपने परिजनों के साथ मिलकर आसपास के क्षेत्रों में बेटी को खंगालने के साथ ही रिश्तेदारों तक फोन मिलाकर जानकारी जुटाई, मगर घंटों तलाश के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चल सका।पीड़िता का कहना है कि युवक के अलावा उसकी मां तथा भाई भी इस मामले में संलिप्त हैं। पीड़ित महिला ने आरोपी युवक सहित तीनों के खिलाफ तहरीर दी है। महिला ने किशोरी की सुरक्षित बरामदगी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने नाबालिग को शीघ्र बरामद करने व दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस ने किए दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


**शाह टाइम्स संवाददाता**




**कांधला।** पुलिस ने एसपी के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तको को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को वांछित, अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के निर्देश दे रखे हैं। कस्बे के शिवालय मार्ग निवासी खुर्शीद के विरुद्ध कई बार स्कूल गया थाने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया था। आरोपी जमानत पर आने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी हाजिरी नहीं लग रहा था कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी वांछित अभियुक्त राशिद को भी गिरफ्तार किया है पुलिस ने दोनों वांछितों को रविवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

## सपा ने मीडिया के लिए बनाया एक पैनल, प्रो. सुधीर बने राष्ट्रीय प्रवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय मीडिया में पार्टी का पक्ष प्रभावी रूप से रखने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठ नेताओं का एक पैनल तैयार किया है। इसमें शामली के गांव भैंसवाल निवासी प्रोफेसर सुधीर पंवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। प्रो। पंवार अखिलेश यादव सरकार में राज्य योजना आयोग के सदस्य रहे हैं और किसानों एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़ी योजनाओं में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राजनीति, खेती-किसानी और शिक्षा के मुद्दों पर उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें एक बार फिर पार्टी का पक्ष राष्ट्रीय मीडिया में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर सुधीर पंवार को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि उनके अनुभव और विचारधारा से पार्टी की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगी।

## अखिल भारतीय व्यापार मंडल की इकाई का गठन

### राजकुमार वर्मा बने जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला शामली इकाई का गठन रविवार को सहारनपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित समारोह में किया गया। समारोह में जिलेभर से व्यापारी सम्मलित हुए।

कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें राजकुमार वर्मा को जिला अध्यक्ष तथा शशांक वर्मा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। अंकित जैन को जिला प्रभारी बनाया गया। यह गठन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री संदीप बंसल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग देश की आर्थिक रीढ़ है और संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

मुजफ्फरनगर के जिला प्रभारी राजेन्द्र सिंगल, युवा जिलाध्यक्ष पुनीत सिंगल, डॉ। अर्जुन वर्मा, रमेश चंद सोनी, आकाश गुप्ता, अनुज सोनी, सुशील चौहान, विकास वर्मा, सागर जुनेजा, शमीम अहमद, अमित चौधरी, सागर, विनीत कर्णवाल, विपिन आत्री सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

### सांड की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी राहुल पुत्र राज. कुमार की बहन गुडिया की शादी के लिए रविवार को बारातघर आनी थी। सवेरे जब बहन की शादी के लिए इंतजाम कर रहा था और घर के बाहर खडा साफ सफाई कर रहा था तो इसी दौरान सांड ने आकर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके हाथ में फैक्चर आया है। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसको जिला अस्पताल में भर्ती किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा सांड का आतंक सडकों पर बढ़ गया है। आए दिन लोगों पर हमला कर घायल कर रहे है। जिला प्रशासन को चाहिए कि उक्त सडकों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकडकर गौशालाओं में छोडा जाए, जिससे लोगों का जान का खतरा न रहे।

### गर्भवती बहू समेत परिवार पर लाठी-डंडों से हमला, घर में घुसकर की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना निवासी सोनू पुत्र समय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे वह अपने घर के अंदर परिवार के साथ खाना खा रहे थे। तभी गांव के रोहताश, शिब्बू, रुकमेश व जो. गिंदर पुत्र अर्जन लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग भी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन हमलावर नहीं माने। सोनू ने बताया कि हमलावरों ने उसकी गर्भवती बहू कोमल पत्नी अजय के साथ भी मारपीट की, जिससे उसकी स्थिति चिंता. जनक बनी हुई है। परिजन उसका इलाज करा रहे हैं। जाते-जाते आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### रेत से भरा अनियंत्रित डंपर पलटा, बड़ा हादसा टला



**शामली।** रविवार सवेरे झिंझाना की ओर से एक डंपर चालक ओपर लोड रेत भरकर शामली बाईपास सहारनपुर रोड सांई मंदिर के निकट से जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही डंपर चालक ने डंपर को मोडने का प्रयास किया तो वजन अधिक होने के बाद उसका संतुलन बिगड गया और डंपर असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने चालक को डंपर से बाहर निकाला, जिसको मामूली चोटे आई थी। बाद में जेसीबी मशीन बुलाकर डंपर को सीधा किया गया। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि ओवरलोड सडकों पर दौड रहे है, जिससे हादसे हो सकते है। ऐसे में जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है।

## श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में विशेष पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** ओम बाबा श्याम परिवार शामली एवं मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला की ओर से चल रहे श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 3 नवम्बर को भव्य नगर परिक्रमा निक. ाली जाएगी। इससे पूर्व रविवार को मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना की गई।

शहर के सती मंदिर में पूजा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। मुख्य यजमान नितिन जिंदल एवं उनकी धर्मपत्नी रुचि जिंदल रहे, जिन्होंने वास्तु पूजन एवं गर्भगृह पूजा विधि-विधान से पूर्ण कराई। महोत्सव समिति के अध्यक्ष विकास गर्ग ने बताया कि सभी यजमान परिवार एक साथ बैठकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सोमवार को मंदिर परिसर से बाबा श्याम की मूर्तियों की परिक्रमा प्रातः 10 बजे सती मंदिर स्थल से प्रारंभ होकर गौशाला रोड, मोहल्ला गुजरातीयान, बड़ा बाजार, शिव चौक, रेलवे रोड, मंडी गांधी गंज, भिक्की मोड़, माजरा रोड, सैनी चौक, ब्लॉक रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। नगर परिक्रमा में देश के प्रसिद्ध बैंड, ढोल-नगाड़े, भजन पार्टी एवं प्राण प्रतिष्ठा मूर्तियों के विग्रह शामिल होंगे। धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना से परिपूर्ण इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। कार्यक्रम में बाहर से अनेक अतिथियों एवं संतों के आने की भी संभावना जताई गई है। बताया कि 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे सती वाला मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा।मौके पर अध्यक्ष विकास गर्ग, सचिन जिंदल, अखिल तायल मौजूद रहे।

### बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गत रात्रि कस्बे में बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। भजनो पर श्रद्धालु रातभर नाचते रहे। बाबा के नारों से वातावरण गुंजयमान हो गया। सांवरे बिन तुम्हारे ठिकाना नहीं और मेरे शाम को कोई प्यार से सजा दो नामक कई भजनों पर श्याम प्रेमीगण जमकर नाचे। सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार की रात्रि श्याम प्रेमियों द्वारा थाने के पास में बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर सुंदर दरबार लगाया, जिसमें गायक कलाकार आशीष मित्तल ने गणेश स्तुति, मां सरस्वती स्तुति और हनुमान जी की स्तुति से जागरण का शुभारंभ किया। प्रदीप भारद्वाज राम रिंकी सचिन सिंध्यान पिंकी गोस्वामी कलाकारों ने सिक्का मेरे खाटू का आ जाओ सांवरिया आ जाओ। तेरे बिन सूनी है मेरी यह गलियां। कीर्तन की है रात। सांवरे बिन तुम्हारे ठिकाना नहीं और मेरे शाम को कोई प्यार से सजा दो नामक कई भजनों पर श्याम प्रेमी गण जमकर नाचे। बाबा के नारों से वातावरण गुंजयमान हो गया। मध्य रात्रि बाबा खाटू श्याम के जन्म उत्सव पर केक काट कर खुशियां मनाई। वही कलाकारों को बाबा खाटू श्याम की तस्वीर देकर सम्मानित किया। खाटू श्याम प्रेमी मनीष संघल, गौरव, अंकित, तुषार मित्तल, विकास सैनी, अरुण धीमान, अमित शर्मा, आशीष मित्तल, विकास गोयल, अंकित प्रजापत, विशाल गोयल, नवीन गुप्ता, नितिन गोयल, अंशु, कन्हैया, तुषार, राजा, मनस्वीर, वरुण सहित समस्त श्याम प्रेमी सैकड़ों लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### झिंझाना में सम्राट रोड पर दो पक्षों में मारपीट, दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के सम्राट रोड पर रविवार शाम दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें दो युवक घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ गया है। झिंझाना निवासी बिल्लू राणा पुत्र महेंद्र सिंह ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में बताया कि 28 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे उनके पुत्र आकाश राणा व वंश राणा दुकान से घर लौट रहे थे। रास्ते में सामने से आए प्रहलाद पुत्र रणबीर निवासी लक्ष्मणपुरा और गोलू पुत्र वीरेंद्र निवासी चरथावल ने वंश राणा के बैग पर झटका मारा। विरोध करने पर प्रहलाद ने लोहे की धारदार वस्तु से सिर पर वार किया। दोनों का इलाज सीएचसी ऊन में कराया गया, जहां गंभीर चोटें पाई गईं।

## कलेक्शन ऑफिसरों ने अपने हैड को धोया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि डिजेटी मयकोफिन्स प्राइवेट लिमिटिड के दो कलेक्शन ऑफिसरों ने अपने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोनल हैड को उस समय बेहरमी से मारपीटकर घायल कर दिया, जब वह रिकवरी के लिए दबाव बना रहा है। घायल जोनल हैंड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पश्चिमी बंगाल के जनपद बाकुंड निवासी मनोज कुमार पुत्र लेक शांति मोय मुखर्जी डिजेटी मयकोफिन्स प्राइवेट लिमिटिड में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोनल हैड के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि गत शनिवार देर रात्रि शहर के गुरूद्वारा तिराहा स्थित अपने कार्यालय पर उसने कलेक्शन ऑफिसर अरुण राणा, दुष्यंत कुमार निवासी खतौली पर मार्केट से कलैक्शन एकत्रित करने का दबाव बनाया। जिसके बाद उक्त दोनों कलेक्शन ऑफिसर ने बिना कुछ कहे सुने जोनल हैड पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसको इतना पीटा गया कि जोनल हैड बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया तो उक्त दोनों युवक मौके से फरार हो गया। घायल मनोज कुमार शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां मेडिकल उपचार के बाद पीडित ने थाना आदर्शमंडी पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम ताहिर TAHIR से बदलकर मोहम्मद ताहिर (MOHAMMAD TAHIR) रख लिया है भविष्य में मुझे मोहम्मद ताहिर के नाम से जाना जाए।

**मोहम्मद ताहिर**
**पुत्र मोहम्मद असगर**
**गांव गंगेरू जिला शामली**

# पुलिस ने कराई सुलह, खुशी से घर लौटा परिवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के गांव रसूलपुर कला में आपसी मनमुटाव से उपजे सास-बहू और मां-बेटे के बीच तीखे झगड़े को महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर ने अपनी सूझबूझ व समझदारी से शांत करा दिया। दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुनकर समझौता कराया, जिससे पूरा परिवार हंसी-खुशी साथ रहने को राजी हो गया।



घटना की शुरुआत विमला देवी पत्नी स्वर्गीय अजमेर सिंह की ओर से थाने में दिए प्रार्थना पत्र से हुई। विमला ने अपने बेटे प्रदीप व बहू सो. निका पर घरेलू कलह, मारपीट व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। मामला बढ़ता देख थाना प्रभारी विनय शर्मा ने महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर को जिम्मेदारी सौंपी। मिथलेश ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया। अलग-अलग बातचीत कर मन-मुटाव की जड़ समझी। सास विमला की व्यथा सुनी कि बहू घर का काम नहीं करती, जबकि बहू सोनिका ने सास के ताने व

**■ सास-बहू व मां बेटे के बीच हुए विवाद का कराया निपटारा**

बेटे की पक्षपाती भूमिका की शिकायत की। प्रदीप ने भी मां-बहू के बीच फंसे होने की पीड़ा जताई।लंबी काउंसलिंग के बाद मिथलेश ने परिवार की एकता, बुजुर्गों का सम्मान व घरेलू जिम्मेदारियों का बंटवारा समझाया। सभी ने गलतियां स्वीकारीं। लिखित समझौता हुआ कि अब कोई झगड़ा नहीं होगा, सभी मिल-जुल कर रहेंगे।समझौते के बाद विमला देवी ने मिथलेश का आशीर्वाद लिया, जबकि सोनिका व प्रदीप ने धन्यवाद दिया।

थाना प्रभारी ने कहा, "परिवार टूटने से बचाना पुलिस की प्राथमिकता है।" यह कार्यवाही मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा व सुलह की मिसाल बनी।

# गांगनोली मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल गांगनौली के वर्ष 25-26 पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत गणेश पूजन , रामायण पाठ एंव अतिथियों द्वारा परंपरागत रीति से केन कैरियर पर प्रथम गन्ना डालकर किया गया।

इस अवसर पर यूनिट हेड रामव. ीर खोखर ने कहा कि किसानों एंव मिल प्रबंधन के हित एक दूसरे से जुडे है। मिल प्रबंधन को लाभ होगा तो किसानों को भी कहीं न कहीं उससे लाभ होगा। उन्होने कहा कि गत सत्र के बकाया गन्ना भुगतान का शीघ्र ही कराने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पूर्व मिल में सर्वप्रथम गन्ना लाने वाले किसान का मिष्ठान भेंट कर व शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। मुख्य रूप से विधायक देवेंद्र नीम, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिजेंद्र चौधरी, गन्ना चेयरमैन मनोज पुंडीर, सुशील चौधरी अंबोली, नवाब सिंह, कंवर सिंह, राजेंद्र सिंह, पपिन चौधरी, रणवीर सिंह, सतेंद्र वैदिक, डॉ. इसम सिंह, चौ. राजवीर सिंह, लोकेश राणा, विनय राणा , योगेंद्र राणा, सुभाष प्रधान, सोनी चौधरी, ईशांत चौधरी सहित मिल इंजिनियरिंग हेड नवीन कुमार, कार्यवाहक गन्ना हेड चौधरी सिताब सिंह, प्रोडक्शन हेड महकार सिंह, लीगल हेड रूपेश पुंडीर, एकाउंट हेड सुभाष बहुगुणा, सिक्योरिटी हेड महेश्वर शर्मा उपस्थित रहे।

# देवउठानी एकादशी पर सजाया मंदिर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी पर श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण को आकर्षक रूप से सजाया गया।भगवान शालिग्राम और तुलसी माता का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ अत्यंत हर्षोल्लास से संपन्न कराया गया।

मौहल्ला कायस्थान स्थित श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण में हवन-यज्ञ हुआ और भक्तों ने श्रद्धापूर्वक कन्यादान की रस्म निभाई। विवाह की रस्मों के साथ ही मंगल गीत और भजन गूंजते रहे। जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन गया। कई श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान से परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की।

विवाह के पश्चात मंदिर से बारात मंदिर प्रांगण में ही निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए।प्रबंधक अनुज चौधरी ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, प्रेम और पारस्परिक सद्भाव का संद. ेश देते हैं। समिति सदस्यों ने बताया कि देवउठनी एकादशी का यह पर्व सनातन परंपरा और आस्था का प्रतीक है, जो जीवन में शुभता और समृद्धि का संदेश देता है।

इस दौरान संरक्षक साहब सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबली देवी, सचिन सैनी, प्रधान अमित सैनी, जसवीर सैनी, पुजारी ब्रह्मदत्त शास्त्री तथा भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# 360 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने के निर्देश

**सहारनपुर।** केंद्रीय गृह मन्त्रालय द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रत्येक नागरिक सुरक्षा जनपद में कुल 360 स्वयसेवकों को प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

उक्त के अनुपालन में जिलाधिकारी/नियन्त्रक मनीष बंसल के निर्देशन में जनपद 1 से 7 नवम्बर तक महाराज सिंह डिग्री कालेज में आयोजित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन नगर विधायक राजीव गुम्बर, महाराज सिंह डिग्री कालेज के सचिव रवि सिंघल, प्राचार्य डा. अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, डिप्टी कन्ट्रोलर कश्मीर सिंह एवं चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन द्वारा किया गया।

# आत्मा में परमात्मा बनने की शक्तिः विमर्श सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज ने कहा कि प्रत्येक आत्मा में परमात्मा बनने की शक्ति है। इसे तथ्य को हम सभी जानते हुए भी अपने भीतर की शक्ति को छुपाये बैठे हैं।




श्री दिगम्बर जैन कन्या इंटर कालेज में ससंघ पधारे आचार्य श्री 108 विमर्श सागर महाराज ने अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कहा कि हमारी आत्मा ही ईश्वर स्वरूप है जो हमें अच्छे बुरे कर्मों से दूर रहने का संकेत देती है।मात्र उसे समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम जो भी कर्म करते हैं उसके अच्छे या बुरे फल हमें ही भोगने पड़ते हैं। इसके अलावा हम जो भी धर्म करते हैं वह हमारे ही काम आता है किसी दूसरे का किया धर्म किसी अन्य के काम नहीं आता। धर्म के बिना मनुष्य की जीवन यात्रा अधूरी है। उन्होंने कहा कि धर्म ही मोक्ष मार्ग का साधन है। महाराज श्री ने प्रवचनों के बीच बीच में भजनों के माध्यम जीवन का सार समझाया। महाराज श्री ने कहा कि मनुष्य अच्छे या बुरे कर्म करने से पहले उसके परिणाम भली भांति समझता है लेकिन फिर भी वह इसके परिणाम की चिंता किये बिना ही कर्म करता चला जाता है चाहे वे बुरे ही क्यों न हो। इसी को मानव प्रवर्ति कहते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव अपने जीवन की नैया पार करने के लिए अच्छे कर्म करने चाहिए तभी मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सकेगी।

# बाबा शिखा श्याम जन्मोत्सव मनाया



**चिलकाना।** नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाबा शिखा श्याम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

रविवार को मंदिर में सर्वप्रथम ग्रुप अध्यक्ष योगी अमित नाथ ने पूजन आरती कराई। तत्पश्चात श्याम कुमार सैनी तथा संजय गुप्ता तथा योगी अमित नाथ ने ष्जब भक्तों ने रूधन मचाया मेरा स्याम सलोना आयाष भजन प्रस्तुत किया। सभी भक्तगण भजन पर झूमते हुए नजर आये।

इस अवसर पर बालकृष्ण शर्मा, अशोक छाबड़ा, डॉ कुलदीप चौधरी, यशपाल रोहिला, रमेश कश्यप, राक. ेश ऐरन, राजेश रोहिला, रामपाल रों. हला, राजेन्द्र भटनागर, संदीप सिंघल आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# एसएएम इन्टर कालेज का स्थापना दिवस मनाया

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था एसएएम इंटर कॉलेज का 96वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में कॉलेज प्रबंधक सी एस माथुर, उपाध्यक्ष सी एम एंडले एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डॉ बृजबिहारी लाल की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया। तत्पश्चात विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन विधिवत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कॉलेज प्रबंधक सी. एस माथुर ने कॉलेज संस्थापक के त्याग एवं संयमित जीवन पर प्रकाश डाला गया। प्रधानाचार्य डॉ अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि सम्पूर्ण विद्यालय परिवार इस संस्था की पावन स्थापना के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे और उनके सिद्धांतों का अनुसरण करेंगे। कार्यक्रम के सहभागी सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों द्वारा शपथ ली गई कि हम सभी इस पावन संस्था के उत्थान के लिए हमेशा समर्पित भाव से अथक प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर संस्थापक स्वर्गीय डॉ बृज बिहारी लाल जी द्वारा जीवन के अमूल्य अनुभवों को संचित कर स्वलिखित ष् चेतावनी ष् सार का वाचन भी किया गया। इसके साथ ही इस पावन संस्था की स्थापना के लिए सामूहिक रूप से कृतज्ञता भी ज्ञापित की गई। इस सुअवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।



# सर सय्यद की जयंती मनाई

**सहारनपुर।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (ए.एम.यू) एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक सर सैयद अहमद खान की 208वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।

एक होटल के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नागालैंड सरकार के भूतपूर्व सचिव (आई.ए.एस.) डॉ. जाने आलम ने कहा कि सर सैयद अहमद खान द्वारा प्रज्वलित दीप सदैव हमारा मार्गदर्शन करेगा। उन्होंने शिक्षा, परिश्रम और नैतिक उद्देश्य की शक्ति को पहचान दिलाई। एक जागरूक व्यक्ति समाज की दिशा बदल सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम समाज अब भी पिछड़ा हुआ है, जिस पर गंभीरता से काम किए जाने की आवश्यकता है। रामपुर से पधारे अल्लामा सैय्यद अब्दुल्ला तारिक ने कहा कि सर सैयद केवल शिक्षाविद नहीं, बल्कि महान समाज सुधारक भी थे, जिन्होंने आधुनिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अलीगढ़ से आए विशिष्ट अतिथि डॉ. आजम मीर ने कहा कि मुस्लिम समाज में प्राथमिक शिक्षा के बाद छात्रों के ड्रॉपआउट की दर बहुत अधिक है, इसे रोकने के लिए जागरूकता एवं कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता है। पूर्व प्राचार्य इस्लामिया बॉयज इंटर कॉलेज, जलाल उमर ने कहा कि सर सैयद ने समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विक. सित करने हेतु साइंटिफिक सोसाइटी की स्थापना की, जो उस दौर में एक क्रांतिकारी कदम था। डॉ. शाहिद जुबैरी ने कहा कि सर सैयद अपनी सोच और दृष्टि से अपने समय से बहुत आगे थे।

# सर्दी शुरू होते ही प्रदूषण का स्तर बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही शहर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को सुबह से ही आसमान पर कोहरे की हल्की चादर छाई रही, वहीं दिनभर धुंध और प्रदूषण का असर बना रहा। हवा में धूल और धुएं के कणों की मात्रा बढ़ने से शहर की वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई।



प्रदूषण नियंत्रण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शामली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 120 दर्ज किया गया, जो संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्तर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए खतरे का संकेत है।

प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, आंखों में जलन और चुभन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। सुबह सड़कों पर वाहन चालकों को कोहरे और धुंध के कारण .श्यता में भी कठिनाई हुई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सर्दी के मौसम में पराली जलाने, वाहनों के धुएं और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने और सड़कों पर नियमित पानी छिड़काव कराने की मांग की है। डॉक्टरों ने नागरिकों को सुबह के समय बाहर निकलने से बचने, मास्क का प्रयोग करने तथा घरों में पौधे लगाने की सलाह दी है, जिससे वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाया जा सके।

# प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन प्रथम

**नजीबाबाद।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान 2025 के तहत आयोजित प्रतियोगिता में मिस्बाह परवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय दहीरपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसका जनपद स्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा मिस्बाह परवीन तथा ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 200 व 400 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कैफिया मुश्ताक को सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान मौ. राशिद ने उक्त छात्राओं को पांच-पांच सौ रुपये का नकद इनाम भेंट किया। मुख्य अध्यापक इकबाल अहमद ने कहा कि अभिभावक को अपनी बेटियों को बेटों की तरह तालीम के बराबर अवसर देने चाहिए।

# देव उठानी एकादशी पर शादी की शहनाई से गूंजा क्षेत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलेभर में देवउठानी एकादशी पर शादी की शहनाई बजी। शुभ मुहूर्त होने के चलते इस दिन बड़ी संख्या में शादियां हुई। शहर का कोई बैंकट हॉल खाली नहीं था। यहां तक कि खुले मैदानों में भी टेंट लगाए गए थे। शहर में ही लगभग एक हजार से ज्यादा शादियां होने का अनुमान है। दिन के साथ ही रात में भी सड़कों पर बरात की चढ़त से काफी चहल-पहल रही। दिन में कई स्थानों पर जाम के हालात भी बने।

देवउठानी एकादशी पर शादी के लिए शहर और आसपास के सभी बैंकट हॉल बुक थे। दो-तीन दिनों से हलवाई लगे हुए थे और शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थी। रविवार को दिन और रात में कई शादियां हुई।

दिल्ली रोड, टंकी रोड, कैराना रोड स्थित, माजरा रोड, मुजफ्फरनगर रोड, सहारनपुर रोड, करनाल रोड समेत शहर में स्थिति बैंकट हॉल में से किसी में दिन में तो किसी में रात की शादी रही। दिन में भी एमकेएस रोड, कैराना रोड और टंकी रोड पर बरात की चढ़त के दौरान जाम के हालात बने।

रात होते ही बैंकट हाल लाइटों से जगमगा उठे और जगह-जगह बरात की चढ़त शुरू हो गई। सबसे ज्यादा बैंकट हाल कैराना रोड पर है। इसलिए इस रोड पर ही सबसे ज्यादा चहल-पहल रही। रात में शादियों का साया होने के चलते शहर की सडकों पर जाम लगा रहा। जिसमें फंसे बारा. तियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। भीषण जाम के कारण कई बारात देरी से पहुंची है। जाम को खुलवाने में ट्रेफिक पुलिसकर्मियों को मशक्कत करनी पडी।

# भड़ी में यमुना किनारे जमीन की जुताई को लेकर भिड़े दो पक्ष, छह घायल

**चौसाना।** क्षेत्र के ग्राम भडी में रविवार सुबह यमुना नदी में पड़ी विवादित जमीन की जुताई को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठियां चलीं। बताया गया कि दोनों पक्षों के तीन-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही चौसाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया, लेकिन मामला हरियाणा क्षेत्र का होने पर जांच करनाल पुलिस को सौंप दी गई। जानकारी के अनुसार, यमुना किनारे पड़ी एक जमीन पर भडी निवासी खलिल और युनूस दोनों अपना-अपना दावा करते हैं। रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे दोनों पक्ष अपने-अपने ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने पहुंच गए। देखते ही देखते दोनों के बीच बहस शुरू हो गई और एक-दूसरे के ट्रैक्टरों में टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों ओर से लाठियां निकल आईं और देखते ही देखते खेत पर हिंसक झड़प शुरू हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों ओर से पत्थर और लाठियां चलने लगीं। मारपीट में दोनों पक्षों के तीन-तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों ने किसी तरह छुड़वाकर बाहर निकाला। सूचना पाकर चौसाना चौकी प्रभारी खूब सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी खूब सिंह ने बताया कि विवादित जमीन हरियाणा क्षेत्र की है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि जमीन करनाल जिले की सीमा में आती है। इस पर हरियाणा पुलिस को सूचना दी गई और दोनों पक्षों की तहरीर वहीं सदर थाना करनाल में दर्ज की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह विवाद कई महीनों से चल रहा है और यमुना में पड़ी इस उपजाऊ भूमि पर दोनों पक्षों का कब्जे को लेकर लगातार तनातनी बनी रहती है।

# शिव मंदिर से निकली प्रभात फेरी

**धामपुर।** सनातन धर्म सभा पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया।

शिव मंदिर से प्रातः प्रभात फेरी निकाली जिसे नगर परिक्रमा करते हुए रोडवेज बस स्टैंड पर चेतराम सैनी परिवार के द्वारा स्वागत किया गया। प्रभात फेरी का पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में चेतराम सैनी, अजय सैनी, हरिश्चंद्र सैनी, बलराम सैनी, महेंद्र सैनी, धीरज सैनी, बाबूराम, मीनाक्षी देवी, कुमकुम देवी आदि शामिल रहे। प्रभात फेरी में जितेंद्र मोहन कपूर, डीके सलूजा, पंडित अश्वनी शर्मा, जगदीश अरोड़ा, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, निखिल अरोड़ा, पूनम सचदेवा, निर्मल दुआ, बबीता छाबड़ा, सुनीता, अनीता, मुस्कान आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर चलाया चेकिंग अभियान, 150 वाहनों के हुए चालान

**जाति आधारित शब्द लिखे, ट्रिपल राइडिंग व बिना हेलमेट वाहन चालकों के खिलाफ हुई कार्यवाही**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने नगर एवं क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर वाहन चें. कंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाकर सड़कों पर दौड़ रहे करीब 150 वाहनों के चालान काटे गए। रविवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने कस्बे के कांधला तिराहा, चौक बाजार, शामली बस स्टैंड, पंजीठ अंडरपास, यमुना ब्रिज व कोतवाली के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। गांव तीतरवाडा में चौकी प्रभारी एसआई विपिन शर्मा ने भी टीम के साथ में वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कोतवाली पुलिस के द्वारा करीब 600 वाहनों के कागजात आदि चेक किए गए। पुलिस टीमों ने जाति सूचक शब्द लिखे, बिना हेलमेट वाहन चलाने व ट्रिपिल राइडिंग के लगभग 150 वाहनों के चालान काटे। साथ ही, यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों को जमकर फटकार लगाई। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों के विरुद्ध चल रहे 150 वाहनों के चालान काटे गए है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कार्यवाही जारी रहेगी।



# हाईवे की मरम्मत की मांग बदहाली पर उठाई आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पश्चिमांचल विकास परिषद के अध्यक्ष नितिन स्वामी ने रविवार को संगठन पदा. धिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग.709बी सहारनपुर.शामली. बागपत मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह राजमार्ग पश्चिमांचल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाला प्रमुख जीवनमार्ग है, किन्तु वर्तमान में इस पूरे मार्ग पर गहरे ग्ल्ग होने से राहगीर परेशान हैं तथा वाहन चालकों को प्रतिदिन जोखिम झेलना पड़ रहा है। विशेष रूप से जनपद शामली के एलम क्षेत्र के समीप सड़क की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो चुकी है, जहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। नितिन स्वामी कहा कि जब शासन टोल कर वसूल कर रहा है तो आम जनता को टूटी.फूटी मार्गों पर क्यों चलना पड़ रहा है। यदि रात्रि के समय इन ग्ल्गों के कारण किसी की दुर्घटना में मृत्यु हो जाए तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।पश्चिमांचल विकास परिषद की ओर से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को औपचारिक चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों के भीतर मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तो परिषद स्वयं इस मार्ग पर मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर देगी तथा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब पश्चिमांचल की जनता चुप नहीं बैठेगी। परिषद आम जनमानस के अधिकारों एवं हितों के लिए प्रत्एक स्तर पर अपनी आवाज बुलन्द करती रहेगी। इस दौरान उनके साथ संगठन के कई लोग मौजूद रहे।



# निखिल व चंचल ने की आत्महत्या

## मृतक युवक की मां ने युवती के परिजनों पर लगाया हत्या का सनसनीखेज आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लक्खीवाला में प्रेमी युगल ने पेड़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। हालांकि मृतक निखिल के परिजनों ने उसकी प्रेमिका चंचल के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गंज मार्ग पर स्थित ग्राम लखपतनगर उर्फ लक्खीवाला के समीप नाभा फार्म है। इस फार्म में एक बाग है। जिसमें बीती देर शाम दो लाशें मौजूद होने की सूचना पुलिस को मिली थी। युवती की लाश नीचे पड़ी थी। उसके शरीर के एक हिस्से को जंगली जानवरों ने खा भी लिया था। लाश मिलते ही सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लाश तीन से चार दिन पुरानी लग रही थी। मौके पर देख कर लग रहा था कि प्रेमी युगल ने आत्महत्या की होगी। इस बीच सूचना मिली कि ग्राम







दारानगर गंज के युवक-युवती 28 अक्टूबर से रहस्यमय ढंग से गायब है। पुलिस ने गायब युवक-युवती के परिजनों को लाशों की शिनाख्त कराने के लिए जिला अस्पताल बुलाया। मोर्चरी में पहुंचते ही दोनों के परिजनों ने उनकी शिनाख्त निखिल व चंचल के तौर पर कर दी। दोनों के परिजन रोने लगे।

बताया जाता है कि दोनों ही परिवार आपस में पड़ौसी है। निखिल व चंचल के बीच पिछले लगभग डेढ़ साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। वह चोरी छिपे नहीं मिलते थे, बल्कि अपनी मोहब्बत का इजहार डंके की चोट पर करते थे। लेकिन दोनों ही परिवारों के सदस्यों को उनकी यह मोहब्बत पसंद नहीं थी। आयेदिन उनके बीच टकरार होती रहती थी। निखिल व चंचल पर इसका कोई असर नहीं पड़ता था। जैसे-जैसे वक्त बीतता गया, उनकी मोहब्बत परवान चढ़ती गई। निखिल का चंचल के घर आना-जाना था। चंचल के परिजन उसे कुछ नहीं कहते थे। उन्होंने उसे स्वीकार कर लिया था। अपनी बेटी की जिद के आगे वह हार गए थे।

बताया जाता है कि निखिल मजदूरी करता था। वह राज-मिस्त्री के साथ काम करता था। निखिल की मां लाडो का कहना है कि वह 28 अक्टूबर को लिंटर डालने के लिए नजीबाबाद गया था। लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। लाडो ने आरोप लगाया कि निखिल की हत्या की गई है। लेकिन मौके के हालात देख कर लग रहा था कि प्रेमी युगल ने आत्महत्या की है। बहरहाल पुलिस लाडो के आरोपों के मद्देनजर जांच कर रही है। जांच में पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। लेकिन प्रेमी युगल की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और चर्चाओं का बाजार भी गर्म है। सवाल यह उठ रहा है कि ऐसी क्या वजह हो गई थी, जो प्रेमी युगल के द्वारा आत्महत्या की गई। दोनों परिवारों के बीच न तो इस तरह का कोई टकराव था और न ही उनके परिजन प्रेमी युगल को मिलने से रोक रहे थे।

## एक नजर

### शहजाद को पांच वर्ष का कारावास

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल पॉक्सो एक्ट ने किरतपुर के मौहल्ला शीशग्रान निवासी शहजाद पुत्र अजीम अहमद को धारा 10 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 506 आईपीसी में पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा 25 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। पांच जून 2023 को वादिनी ने थाना किरतपुर में तहरीर दी कि शहजाद पुत्र अजीम अहमद निवासी मौहल्ला शीशग्रान ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।

### चोरी हुई दो गाय बरामद

**नजीबाबाद।** स्थानीय पुलिस ने एसपी सिटी के आदेश पर कार्यवाई करते हुए चोरी हुई दो गाय को पीड़ित की मदद से बरामद कर लिया। दो माह पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा निवासी मौहम्मद शाकिर अंसारी की दो गाय चोरी हो गई थी। पीड़ित ने जलालाबाद पुलिस चौकी पर तहरीर देकर चोरी की गायों को ढूंढने का काम शुरू कर दिया था। कुछ पता न चलने पर पीड़ित ने एसपी सिटी से चोरी गई गायों को बरामद कराने की गुहार लगाई थी। एसपी सिटी ने नजीबाबाद पुलिस को तत्काल चोरी गई गायों को बरामद करने के आदेश दिए थे। पुलिस ने पीड़ित के साथ एक गाय को कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम लकड़ा से तथा दूसरी गाय को नगीना देहात क्षेत्र के कुरैशी बिरादरी के एक व्यक्ति के यहां से बरामद कर लिया।

### पट्टे को लेकर आक्रोश भड़का



**अफजलगढ़।** ग्राम पंचायत जाब्तानगर में भारतीय किसान यूनियन सामाजिक की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने की तथा संचालन अब्दुल बारी ने किया। ज्ञानचंद के 25 वर्ष पूर्व से चले आ रहे एक जमीन के पट्टे को लेकर वार्ता हुई। इस संबंध में धामपुर की उप जिलाधिकारी से भी वार्ता की गई। ज्ञानचंद प्रजापति ने कहा कि मैं अपने जमीन के पट्टे पर 25 साल से काबिज हूं। उन्होंने कहा कि मैंने ही अपने पट्टे की जमीन में यूकेलिप्टिस के पेड़ लगवाए थे और मैंने ही काट लिए हैं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष भूदेव सिंह, नहटौर नगर अध्यक्ष अमजद, अहसान शाही, अफसर अली, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इकरार, नत्थू सिंह, कोमल कुमार, हरि सिंह, शेर सिंह, पवन कुमार आदि काफी संख्या में भाकियू सामाजिक के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छह जुगाड़ वाहनों के चालान

**बिजनौर।** यातायात पुलिस ने विशेष अभियान के अंतर्गत बाइकों को जुगाड़ बना कर उससे सामान ढोने वाले अवैध वाहनों एवं ई-रिक्शाओं के खिलाफ कार्यवाही की है। अभियान के दौरान 18 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। छह जुगाड़ वाहनों को सीज किया गया। जिन ई-रिक्शा चालकों के द्वारा सवारियों की जगह सामान ढोया जा रहा था, उनके खिलाफ की कार्यवाही की गई। इस तरह के सैकड़ों वाहन जनपद में मौजूद है। चोरी की बाइकों को काट कर उनसे जुगाड़ वाहन बनाया जा रहा है। इनसे सवारियां भी ले जाई जा रही है। सामान को लाने व ले जाने में भी इन वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# जैन फार्म में युवक का शव मिलने से हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली के जैन फार्म में आज देर शाम एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान हिमांशु (23 वर्ष) पुत्र करन सिंह, निवासी आदमपुर के रूप में हुई है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हिमांशु आज दोपहर एक बजे घर से बाहर निकला था। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा। इसी बीच जैन फार्म के पास बाग में युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली।

### परिजनों में मचा कोहराम

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त कराने के प्रयास किया। बाद में युवक की पहचान हिमांशु के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था। प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारण का पता चल सकेगा।

# विधायक डॉ. नीरज बोरा का भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा का जनपद बिजनौर के नजीबाबाद आगमन पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. के नेतृत्व में भारी संख्या में वैश्य समाज, व्यापारियों और महाकाल भक्त मंडल परिवार द्वारा फूलमालाओं के साथ जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया।

जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एड. एवं प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल के आवास पर जलपान की व्यवस्था की गई तथा उनके आवास पर कई संगठनों द्वारा डॉ. नीरज बोरा को फूल माला, अंग वस्त्र एवं भगवान की प्रतिमाएं भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। इसके पश्चात डॉ. नीरज बोरा गीता भवन मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने सभी देवी देवताओं को नमन किया। पंडित भोला शंकर शास्त्री ने विधायक डॉ. नीरज बोरा को प्रसाद दिया।



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार ने विधायक डॉ. नीरज बोरा को जल्द ही कैबिनेट में महत्वपूर्ण स्थान देने की भी मांग की। इस अवसर पर प्रधान जिला महामंत्री तुषार अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल, नगर अध्यक्ष तनु गोयल, सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, ऋषभ, आकाश भटनागर, अमित चौहान, लक्ष्मण, विपिन अग्रवाल, अनिल कुमार सिंघल, शुभम अग्रवाल, विकल्प अग्रवाल, सागर आदि रहे।

# बिजनौर में गुंडागर्दी का नंगा नाच

## मामा व भांजे पर मदन मोहन के चौराहे पर जानलेवा हमला





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दिन दहाड़े गुंडागर्दी का नंगा नाच करते हुए मदन मोहन के चौराहे पर गुंडों ने खारी के युवक को बेरहमी से पीटा। सरियों व धारदार हथियारों से उसके ऊपर हमला किया गया। वहां से गुजरने के दौरान पीड़ित को बचाने आए उसके मामा पर भी हमला बोलते हुए एप्पल का मोबाइल फोन तोड़ दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खारी निवासी मौहम्मद जावेद अहमद पुत्र अली हसन निवासी ग्राम खारी अपने घर से मदन मोहन के चौराहे के समीप स्थित एक चिकित्सक के क्लीनिक पर दोपहर लगभग 12.40 बजे दवाई लेने के लिए आया था। इस दौरान वहां पर बाइक को हटाने को लेकर डॉ. ब्रजवीर के क्लीनिक के सामने मिंटू नामक युवक ने अपने साथियों के साथ मिल कर उसके ऊपर धारदार हथियारों व पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर गया। इस दौरान उसके मामा नौशाद अहमद पुत्र रफीक अहमद वहां से जा रहे थे। उनसे भी जावेद ने सहायता मांगी, तो मिंटू व उसके साथियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह घटना वहां के सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गई। मौहम्मद जावेद के द्वारा शहर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि हमलावरों ने उसके मामा के पास मौजूद एप्पल कम्पनी का मोबाइल भी तोड़ दिया। हमलावर वहां से गुजर रहे लोगों को धमकाने लगे कि इनकी सहायता कोई नहीं करेगा। मौहम्मद जावेद ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

गौरतलब है कि जिस तरह से दिनदहाड़े आरोपियों के द्वारा हमला बोला गया और किसी ने भी पीड़ितों की मदद नहीं की, यह चिंताजनक स्थिति है। इस तरह से तो कोई भी कभी भी गुंडागर्दी करते हुए किसी के भी ऊपर हमला बोल सकता है। इस तरह की घटनाओं से माहौल खराब होता है। समाज के जिम्मेदार लोगों को सामने आना चाहिए और पुलिस को भी इस तरह की वारदात को अंजाम देने वालों के खिलाफ निष्पक्षता के साथ कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। ताकि माहौल खराब होने से बचाया जा सके।

### चोर गौरव व रोहित अरेस्ट

**बिजनौर।** धामपुर थाने में ग्राम सुहागपुर निवासी टीकम सिंह पुत्र झंडू सिंह ने कल तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों के द्वारा उसकी बाइक संख्या यूपी 20 बीएल 8967 को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 417/25 धारा 303 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। इस मामले में पुलिस ने थाना बढ़ापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इनायतपुर निवासी गौरव पुत्र सुमेर सिंह एवं थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम नारायणवाला निवासी रोहित कुमार पुत्र रमेश सिंह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद की गई है।

### मौअज्जम बने व्यापार संगठन के नगर उपाध्यक्ष

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी की संस्तुति पर नवाब नजीबुद्दौला मार्केट के शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने स्टेशन रोड यंग कलेक्शन के स्वामी मौअज्जम खान को उनके प्रतिष्ठान पर नगर उपाध्यक्ष पद का प्रमाण पत्र उन्हें सौंपा। इससे आशा व्यक्त की गई कि वह संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# सहसपुर नगर पंचायत स्वच्छता अभियान में बना रही रिकार्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वैसे तो स्वच्छता अभियान में जनपद की सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों के द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन नगर पंचायत सहसपुर के द्वारा अभियान को सफलतापूर्वक चला कर नया रिकार्ड बनाया जा रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सहसपुर नगर पंचायत की गिनती प्रदेश की सबसे स्वच्छ व सुंदर नगर पंचायतों में होती है। सहसपुर नगर पंचायत क्षेत्र में जनसमस्याओं के समाधान के प्रति गंभीरता दिखाते हुए उनको प्राथमिकता दी जाती है। पूर्व की तुलना में सहपुर नगर पंचायत में रिकार्ड विकास कार्य हुए है। वर्तमान में भी विकास कार्य जारी है। लेकिन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल स्वच्छता अभियान को भी नगर पंचायत सहसपुर में गंभीरता से लिया जा रहा है। चेयरपर्सन नाहिद परवीन, चेयपर्सन पति व समाजसेवी अमजद अली एवं युवा अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार के प्रयासों से नगर में स्वच्छता अभियान कामयाब स्थिति





### ईओ दीपक कुमार व चेयरपर्सन पति अमजद अली के कुशल नेतृत्व में तेजी से हो रहे विकास कार्य

में है। जिसकी नागरिक भी तारीफ कर रहे है। हर गली मौहल्ले से कूड़ा उठाया जा रहा है और प्रतिदिन सफाई की जाती है। जिम्मेदार नागरिकों से भी इसमें सहयोग लिया जाता है। ताकि गंदगी न फैले।

दूसरी तरफ विकास कार्यों में भी सहसपुर नगर पंचायत का अपना रिकार्ड है। यहां पर गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य कराए जा रहे है। मानक से कोई समझौता नहीं किया जाता है। जिसकी वजह से सड़के व नालियां नहीं टूटती है। नागरिकों का कहना है कि चेयरपर्सन नाहिद परवीन के नेतृत्व में नगर में रिकार्ड विकास कार्य हो रहे है।

# मॉडर्न एरा में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का समापन

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई दी 'अनेकता में एकता' की झलक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में वार्षिक Annual Sports Meet बड़े उत्साह, उमंग और जोश के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री कुणाल रस्तोगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी, अध्यक्ष ठाकुर गजेन्द्र सिंह, नमन चौधरी, श्रीमती अनीता चौधरी, श्रीमती प्रभा ठाकुर उपस्थित रहे।

विद्यालय का खेल मैदान आकर्षक सजावट से सुसज्जित था। चारों ओर गुब्बारे, सूरजमुखी के फूल, मोर की आकृतियाँ एवं भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थीं। मुख्य द्वार से लेकर खेल मैदान तक उल्लास और उत्साह का अद्भुत माहौल था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डायरेक्टर प्राचार्या डॉ. सीमा विश्वास, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं शांति और





समृद्धि के प्रतीक सफेद कबूतरों को उड़ाकर खेलकूद समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। हेड बॉय मुनेंद्र सिंह ने घोड़े पर सवार होकर शक्ति एवं साहस का परिचय दिया। वहीं अजन्ता, नालंदा, तक्षशिला एवं उज्जैन हाउस के विद्यार्थियों ने बाइक राइड के माध्यम से अपने-अपने हाउस का ध्वज लहराया। स्कूल बैंड एवं एसपीसीएस की टुकड़ियों ने अनुशासनपूर्वक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में 'अने. कता में एकता' की झलक दिखाई दी। गणेश वंदना, दुर्गा स्तुति, कृष्ण स्तुति, शिव स्तुति, योग, वेलकम ड्रिल और वंदे मातरम् जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स, जिला टॉपर्स और 90% से अधिक अंक एग्रीगेट में प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 95% से ऊपर अंक प्राप्त करने वालों को रुपए 10,000 व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया तथा 90% से 95% अंक प्राप्त करने वालों को रुपए 5,000 व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

विद्यालय की छात्रा ख्याति चौधरी, वैष्णवी शर्मा, आकृति और श्रेया को सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होने के नाते अपने देश का नाम और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया। मनिंदर सिंह एवं रणदीप कौर को ऑल राउंडर, बेस्ट स्पीकर, वेल डिसिप्लिन स्टूडेंट के रूप में तथा केशव एवं आयत नाज को बेस्ट स्पीकर के रूप में प्रोत्साहित किया गया।

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन में नालंदा हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस का खिताब प्राप्त हुआ, जबकि अजन्ता हाउस द्वितीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक अनिल चौधरी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की सफलता में सभी के परिश्रम और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# मंडावर में शातिर बाइक चोर अजय व रितिक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने शातिर बाइक चोर अजय व रितिक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उनके साथी आदित्य व लिटिल मौके से फरार हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना मंडावर में ग्राम दयालवाला निवासी बंटी पुत्र घसीटा ने 12 जुलाई को तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों ने बाइक संख्या यूपी 12वी 5394 एवं यूपी 20 एएफ 0988 को चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 145/2025 धारा 303 (2) बीएनएस में पंजीकृत किया था। इसके अलावा 12 जुलाई को ही मौहम्मद नासिर पुत्र मौहम्मद नाजिम निवासी मौहल्ला कस्साबान ने भी थाना मंडावर में तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्तों ने बाइक संख्या यूपी 20 बीयू 8269 व एचआर 26

### आदित्य व लिटिल मौके से फरार

बीएल 1124 को चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 146/2025 धारा 303(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस के द्वारा चोरी की गई चोरों बाइकों को बिना रिम व टायर के 12 जुलाई 2025 को ही बरामद कर लिया गया था। पुलिस ने आज इस मामले में थाना मंडावर के ग्राम लक्खूवाला निवासी अजय पुत्र जगदीश एवं रितिक उर्फ माना पुत्र अशोक को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चोरी की दो बाइकों के चार टायर बरामद किए गए है। जबकि ग्राम लक्खूवाला का आदित्य पुत्र रामपाल एवं ग्राम कम्भौर का लिटिल फरार हो गया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

### मंडावर में दो बुलेट सीज

**बिजनौर।** मंडावर पुलिस ने स्टंटबाजी करने पर दो बुलेट सीज की है। बताया जाता है कि बुलेट संख्या एचआर 51बीई 8361 का चालक अनस पुत्र इजहार निवासी ग्राम ईनामपुरा एवं बुलेट संख्या सीएच 01 बीडब्ल्यू 6632 का चालक अब्दुल्ला पुत्र अय्यूब निवासी सैक्टर 29बी, चंडीगढ़ सड़क पर स्टंटबाजी कर रहे थे। इनके द्वारा बिजनौर रोड पर स्टंटबाजी करते हुए पटाखें छोड़ते हुए रेस की जा रही थी। पुलिस ने दोनों बुलेट को सीज कर दिया है।

# सुंदर की पारी ने भारत को दिलाई बराबरी

## तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया




**होबार्ट, वार्ता।** वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 49) की आतिशी पारी के दम पर भारत ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली।

ऑस्ट्रेलिया के 186 रनों के जवाब में भारत ने 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सुंदर ने 23 गेंदों पर नाबाद 49 रनों की मैच विजयी पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए। जितेश शर्मा ने मात्र 13 गेंदों में तीन चौकों की मदद से नाबाद 22 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जितेश ने भारत के लिए मैच विजयी चौका मारा।

मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 33 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 16 गेंदों में (25) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके लगाए। उन्हें नेथन एलिस ने आउट किया। छठे ओवर में एलिस ने शुभमन गिल (15) को भी अपना शिकार बना लिया। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तेजी के साथ रन बरओरे। आठवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर भारत को तीसरा झटका दिया। सूर्यकुमार यादव ने 11 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए 24 रन बनाये। अक्षर पटेल 12 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल का विकेट गिरने के बाद मैदान पर आये सुंदर ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। तिलक वर्मा 26 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन उसके बाद सुंदर ने जितेश के साथ भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नेथन एलिस ने 36 रन देकर तीन विकेट लिए। मार्कस स्टॉयनिस और जेवियर बार्टलेट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में तीन विकेट लेने वाले अर्शदीप सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने आज यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए टिम डेविड (74) और मार्कस स्टॉयनिस (64) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 186 रन बनाये थे। ऑस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह) और जॉश इंगलिस एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों को अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये टिम डेविड ने कप्तान मिचेल मार्श के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल मार्श (11) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। वरुण ने इसी ओवर में मिचेल ओवेन (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया।

# विदेश में होगी आईपीएल की नीलामी!

● **हमेशा की तरह संभावित स्थल खाड़ी क्षेत्र में कहीं माना जा रहा है**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल नीलामी स्थल को लेकर सोच में बदलाव होता दिख रहा है, जिसके अब विदेश में आयोजित होने की संभावना है। हालांकि फ्रेंचाइजियों को अभी तक आधिकारिक तौर पर शहर के बारे में सूचित नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें इसके बारे में संकेत जरूर दिए गए हैं। हमेशा की तरह, संभावित स्थल खाड़ी क्षेत्र में कहीं माना जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी एक मजबूत संभावना है, लेकिन ओमान और कतर जैसे अन्य मध्य पूर्वी स्थानों पर भी विचार किया जा रहा है। यह घटनाक्रम पहले की योजना से बिल्कुल अलग है, जब ऐसा लग रहा था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत में ही नीलामी आयोजित करने का इच्छुक है। हालांकि, अब एक आदर्श स्थान हासिल करने में चुनौतियां नजर आ रही हैं, क्योंकि निर्धारित समय देश में त्योहारों और शादियों के मौसम से टकरा रहा है। जैसा कि पहले बताया गया था, नीलामी दिसंबर के मध्य में होने की संभावना है - कुछ दिन कम या ज्यादा - संभवतः महीने के दूसरे भाग में। बीसीसीआई द्वारा 15 नवम्बर से पहले तारीख और स्थान की औपचारिक घोषणा करने की उम्मीद है, जो कि आईपीएल 19 से पहले फ्रेंचाइजियों के लिए अपने रिटेंशन और रिलीज की सूची जमा करने की अंतिम तिथि है। समय सीमा बमुश्किल दो हफ्ते दूर है, खिलाड़ियों के रिटेंशन और रिलीज को लेकर चर्चाएं तेज हो रही हैं, और संजू सैमसन के संभावित व्यापार की चर्चा - जिसकी रिपोर्ट सबसे पहले क्रिकबज ने दी थी - मुख्य चर्चा का विषय बनकर उभर रही है। कई फ्रेंचाइजी भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज को लगातार उच्च दर्जा दे रही हैं, भले ही वह हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## संजीव-मानसी ने जीता मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंस का खिताब

**मैंगलोर, वार्ता।** भारत के ऋत्विक संजीव और मानसी सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रविवार को मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्ग के खिताब जीते। यहां उरवा इंडोर स्टेडियम में 22 वर्षीय ऋत्विक संजीव ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में हमवतन रौनक चौहान को 14-21, 21-19, 21-19 से हराया। यह इस सीजन में ऋत्विक संजीव का पहला खिताब है। इस भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने पिछले साल दिसंबर में तेलंगाना इंटरनेशनल चैलेंज जीतने के बाद ओडिशा मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 स्पर्धा भी जीता था।

## सचिव को सीसीआई के आदेश पर कार्रवाई करने का अधिकार

**चेन्नई, वार्ता।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) ने सचिव देव ए पटेल को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा कई साल पहले जारी किए गए आदेश के संबंध में आगे की कार्रवाई तय करने के लिए अधिकृत किया है।

यह जानकारी एक शीर्ष अधिकारी ने दी। यह बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 30 अक्टूबर को गोवा के एक पांच सितारा होटल में आयोजित की गई, जिसमें राज्य शतरंज संघों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हैरानी की बात यह है कि बैठक बुलाने वाले नोटिस में समय या स्थान का उल्लेख नहीं था। सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि बैठक शाम 6:30 बजे शुरू हुई, जिसमें अध्यक्ष नितिन नारंग व्यक्तिगत और ऑनलाइन दोनों ही रूप से अनुपस्थित रहे।

## नैशविले ने मेसी के हमले से बचकर प्लेऑफ मे सीरीज बराबर की

● **नैशविले ने इंटर मियामी के खिलाफ अपने आप को तीसरे मैच में पहुंचा दिया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** नैशविले ने इंटर मियामी के खिलाफ अपने पहले दौर की एमएलएस प्लेऑफ सीरीज को निर्णायक तीसरे मैच में पहुंचा दिया, जब उसने इंटर मियामी को 2-1 से हराया। इंग्लैंड के स्ट्राइकर सैम सुरिज ने शनिवार को गोलकीपर रोक्को रियोस नोवो द्वारा गिराए जाने के बाद पेनल्टी स्पॉट से मेजबान टीम को बढ़त दिलाई।

जोश बाउर ने हनी मुख्तार के कॉर्नर पर दूर पोस्ट पर शॉट मारकर बढ़त दोगुनी कर दी। मेहमानों ने कप्तान लियोनेल मेसी के जरिए एक गोल किया, जिन्होंने 90वें मिनट में 18 गज की दूरी से ऊपरी दाएं कोने में एक गोल किया। इस नतीजे के साथ सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है, और निर्णायक मैच 8 नवम्बर को इंटर मियामी के चेज स्टेडियम में खेला जाएगा। नैशविले के कोच ब्रायन कैलाघन ने कहा कि यह एक ऐसी टीम थी जो आक्रामक और तीव्र खेल के लिए प्रतिबद्ध थी और लंबे समय तक ऐसा करने में सक्षम थी।

यह एक चुनौती थी जो हमने खुद के लिए तय की थी और हम अपनी योजना को अंजाम देने में कामयाब रहे। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने अपनी टीम की गोल करने के मौके न बना पाने पर, खासकर मैच के शुरुआती दौर में, अफसोस जताया। माशेरानो ने कहा कि हम पहले हाफ में लियो (मेसी) को अच्छी पोजीशन में नहीं पा सके और आखिरी तीसरे हिस्से में हमारी सटीकता की कमी रही।हमारे विरोधी पूरी तारीफ के हकदार हैं।

# पीएम ने एशियाई युवा खेलों में भारत के प्रदर्शन की सराहना की



**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के युवा एथलीटों को एशियाई युवा खेल 2025 में उनके ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए आज बधाई दी।

जहां देश ने रिकॉर्ड 48 पदक हासिल किए। अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर मोदी ने उनके जुनून, धैर्य और समर्पण की सराहना की और उन्हें निरंतर सफलता की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि हमारे युवा एथलीटों ने एशियाई युवा खेल 2025 में अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ 48 पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने आगे कहा कि दल को बधाई। उनका जुनून, दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत साफ दिखाई दे रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। भारत की पदक तालिका में विभिन्न खेलों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक शामिल हैं, जो देश के बढ़ते प्रतिभा भंडार और मजबूत होते खेल पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाता है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि से नई पीढ़ी के एथलीटों को ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने और अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत में भारत के बढ़ते कद में योगदान देने की प्रेरणा मिलने की उम्मीद है। एशियाई युवा खेल 2025 युवा खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुए हैं और भारत का एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरना एथलेटिक प्रतिभाओं को निखारने पर बढ़ते जोर को दर्शाता है।

# बाबर-शाहीन ने पाक को जिताया

● **बाबर आजम ने 47 गेंदों में 68 रनों की जबरदस्त पारी खेली**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के घरेलू दर्शकों को आखिरकार वो मिल गया जिसकी उन्हें लम्बे समय से तलाश थी: बाबर आजम की जबरदस्त पारी और सीरीज जीत। 47 गेंदों में उनकी 68 रनों की तेज पारी - टी20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में उनका 40वां 50 स्कोर-लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मेजबान टीम के 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने की नींव थी, जिसकी बदौलत पाकिस्तान ने एक ओवर शेष रहते चार विकेट से जीत हासिल की और टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। रात की शुरुआत शाहीन अफरीदी के अपने विस्फोटक अंदाज के साथ हुई, जिन्होंने पहले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया और मेहमान टीम को चौंका दिया। जब बाबर खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैदान से बाहर गए, तब तक गद्दाफी स्टेडियम में दर्शकों ने अपने दोनों सबसे बड़े सितारों को पूरी लय में देख लिया था। पाकिस्तान द्वारा पहले ही ओवर में क्विंटन डी कॉक और लुआन-ड्रे प्रीओरियस को आउट करके शाहीन ने शुरुआत से ही लय बना ली। डी कॉक को आखिरी मूवमेंट में गेंद वापस उनके पास आई और अंदरूनी किनारा लेकर स्टंप्स पर जा लगी, इससे पहले कि प्रीओरियस को पहली गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच कर लिया। शाहीन लगभग तीसरा विकेट ले ही लेते जब एक तेज इन-डकर गेंद डेवाल्ड ब्रेविस के घुटने पर लगी, लेकिन डीआरएस से पता चला कि गेंद बहुत ऊपर उछल गई थी। पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 22/2 था, जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय इतिहास में उनका तीसरा सबसे कम स्कोर था।



# केन विलियमसन ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 से लिया संन्यास

## मैं टीम का बहुत आभारी हूं, यह मेरे और टीम के लिए सही समय

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन ने आगामी टी20 विश्वकप से पहले अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

विलियमसन ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि मैं लंबे समय से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और इसके लिए बहुत आभारी हूं। यह मेरे और टीम दोनों के लिए सही समय है। इससे टीम को आगे की सीरीज और टी-20 विश्व कप के लिए स्पष्ट दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मिच शानदार कप्तान हैं और टीम को आगे ले जाने का यह उनका समय है। मैं अब दूर से उनका समर्थन करूंगा। न्यूजीलैंड के कोच रॉब वॉल्टर ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह समझ में आता है। क्रिकेट बहुत कुछ मांगता है और केन ने काफी योगदान दिया है। वह एक शानदार टीम मैन हैं और उनका अनुभव व शांत स्वभाव टीम के लिए अमूल्य है। अक्टूबर 2011 में पदार्पण करने के बाद से उन्होंने 93 टी-20 मैचों में 33-44 की औसत से 18 अर्द्धशतक लगाते हुए 2575 रन बनाए, इसमें 95 का सर्वोच्च स्कोर शामिल है। विलियमसन ने न्यूजीलैंड को 2021 टी-20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाया था, लेकिन उस दौरान उनका बेहतरीन 85 रन का योगदान भी टीम को जीत नहीं दिला सका। उन्होंने 75 मैचों में कप्तानी भी की। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज से स्वयं को अलग रखा था और इंग्लैंड के खिलाफ 1-0 की हार में भी जांघ की चोट के कारण नहीं खेले। टी-20 से संन्यास के बाद अब उनका पूरा ध्यान दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज पर रहेगा। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बयान में कहा कि विलियमसन अब संभवतः 26 नवम्बर से शुरू होने वाला है।




# उन्नति हुड्डा सेमीफाइनल में हारी

**जर्मनी, वार्ता।** उन्नति हुड्डा के महिला एकल के सेमीफाइनल मैच में इंडोनेशिया की दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी पुत्री कुसुमा वरदानी से हारने के बाद हाइलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में 18 साल की उन्नति हुड्डा को वरदानी से 21-7, 21-13 से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 34वें नंबर पर मौजूद उन्नति हुड्डा की शुरुआत धीमी रही जबकि वरदानी ने शुरू में ही लय पकड़ ली, जिससे भारतीय खिलाड़ी नेट पर कई अनफोर्स्ड गलतियां करने पर मजबूर हो गई। ब्रेक में 11-4 से पिछड़ने के बाद लंबी रैलियों में शामिल होने के बावजूद, हुड्डा 23 साल की वरदानी की स्पीड और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाईं। दूसरा गेम भी कुछ ऐसा ही रहा। हालांकि उन्नति हुड्डा ने छह लगातार अंक लेकर गैप को 18-13 तक कम करने के लिए थोड़ी वापसी की, लेकिन वरदानी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण करते हुए 35 मिनट में मुकाबला जीत लिया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अब मंगलवार से ग्वांगजू में शुरू होने वाले कोरिया मास्टर्स बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# पंत की पारी से इंडिया 'ए' जीता

● **कप्तान ऋषभ पंत 90 की जबरदस्त पारी और तनुष कोटियान के दम पर द. अफ्रीका 'ए' को तीन विकेट से हराया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान ऋषभ पंत (90) की जबर्दस्त पारी और तनुष कोटियान (चार-चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को दक्षिण अफ्रीका ए को तीन विकेट से हरा दिया। इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 119 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया।

सुबह के सत्र में ऋषभ पंत के साथ आयुष बदोनी ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्कोर आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी हुई। टियान वैन वुरेन ने शतक की ओर बढ़ रहे ऋषभ पंत को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। ऋषभ पंत ने 113 गेंदों में 11 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 90 रन बनाए। 53वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने आयुष बदोनी (34) को भी अपना शिकार बना लिया। तनुष कोटियान (23) सातवें विकेट के रूप में आउट हुए। इसके बाद इंडिया ए ने 73-1 ओवर में सात विकेट पर 277 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। मानव सुथार और अंशुल काम्बोज के बीच आठवें विकेट के लिए 62 रनों की अविजित मैच विजई साझेदारी हुई। दक्षिण अफ्रीका ए के लिए टियान वैन वुरेन ने तीन और शेपो मोरेकी ने दो विकेट लिए। ओकुहले सेले और लुथो सिपामला ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी में 309 रनों का स्कोर बनाया था। भारत की ओर से तनुष कोटियान ने चार, गुरनूर बरार और मानव सुथार ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया था। इंडिया ए की टीम अपनी पहली पारी में 234 के स्कोर पर सिमट गई थी।

# इगा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पहला मुकाबला जीता

**रियाद, वार्ता।** इस साल की विबलडन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के पहले एकल ग्रुप मैच में ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता मैडिसन कीज को सीधे सेटों में आसानी से हरा दिया। यह मुकाबला एकतरफा रहा क्योंकि शानदार फॉर्म में चल रही स्वियाटेक ने अपनी पहली सर्विस पर 82-1 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि कीज को अपनी सर्विस में दिक्कत हुई, उन्होंने सात डबल फॉल्ट किए और पांच बार सर्विस गंवाई। स्वियाटेक ने अंततः 6-1, 6-2 से जीत हासिल की और शनिवार को ग्रुप चरण में अपनी पहली जीत दर्ज की। स्वियाटेक और कीज इस सीजन में पहले दो बार आमने-सामने हुई थीं, दोनों ने एक-एक बार जीत हासिल की थी, और दोनों ही मैच तीन-तीन सेट तक चले थे। ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में, अमे. रिकी कीज ने तीसरे सेट के सुपर टाईब्रेक में अपनी पोलिश प्रतिद्वंद्वी को हराया और फिर खिताब अपने नाम किया। हालांकि, यूएस ओपन में पहले दौर में बाहर होने के बाद, कीज ने दो महीने से ज्यादा समय तक कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था। स्वियाटेक ने बाद में कहा कि लगभग हर चीज में, लेकिन ज्यादातर अपनी सर्विस और पूरे ध्यान के साथ,मैं शुरू से अंत तक अपने जोन में थी, और सचमुच इसी तरह बनाए रखना चाहती थी। इस साल के फाइनल्स के दो एकल ग्रुप डब्ल्यूटीए की दिग्गज स्टेफी ग्राफ और सेरेना विलियम्स के नाम पर हैं। स्वियाटेक और कीज को सेरेना विलियम्स ग्रुप में कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना और संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा के साथ रखा गया है। शनिवार को भी, रिबाकिना ने सात ऐस लगाए और अनिसिमोवा को 6-3, 6-1 से हराने में उन्हें सिर्फ 57 मिनट लगे। इससे पहले, बेलारूसी स्टार आर्यना सबालेंका ने डब्ल्यूटीए से साल के अंत की विश्व नंबर 1 ट्रॉफी प्राप्त की, जिन्होंने टूर्नामेंट से पहले ही शीर्ष रैंकिंग हासिल कर ली थी। यह लगातार दूसरा साल है जब सबालेंका ने डब्ल्यूटीए की साल के अंत में एकल वर्ग में विश्व नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में सीजन का समापन किया है।



सबालेंका ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। हमने इस साल बहुत मेहनत की है, और मेहनत रंग लाती है। हर फाइनल और हर मैच अविश्वसनीय था। मुझे इस सीजन पर बहुत गर्व है और उम्मीद है कि मैं रियाद में बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ सीजन का समापन कर पाऊंगी। स्टेफी ग्राफ समूह के मैच, सबालेंका की अगुवाई में, रविवार को शुरू होंगे, जिसमें शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी का सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा। उसी शाम, गत विजेता कोको गॉफ एक ऑल-अमेरिकन मुकाबले में जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी।

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए जैमीसन और सोढ़ी को वापस बुलाया

● **मिशेल सेंटनर की अगुवाई में बुधवार को ऑकलैंड में सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा**

**वेलिंग्टन, वार्ता।** कई अहम खिलाड़ियों के चोटिल होने के कारण न्यूजीलैंड ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। ऑलराउंडर मिशेल सेंटनर की अगुवाई में बुधवार को ऑकलैंड में इस सीरीज का पहला मैच खेलना जाएगा। फिन एलन (पैर), लॉकी फर्ग्युसन (हैमस्ट्रिंग), एडम मिल्ने (टखना), ग्लेन फिलिप्स (ग्रो. इन) और बेन सियर्स (हैमस्ट्रिंग) चोट के कारण बाहर हैं। इसके अलावा पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने भी रविवार को टी-20 से संन्यास की घोषणा कर दी है। इसे देखते हुए चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर ईश सोढ़ी को इस सीरीज के लिए टीम में शामिल किया है। टीम में अनकैप्ड तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ को जगह दी गई है। टीम चयन को लेकर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि वेस्टइंडीज जैसी खतरनाक टीम का सामना करने के पांच मौके मिलना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि टीम पूरी सीरीज की लय में आने और गर्मियों की शुरुआत में बारिश से प्रभावित सीरीज के बाद कुछ मोमेंटम बनाने के लिए उत्सुक है। वाल्टर ने कहा कि टी-20 विश्व कप करीब आ रहा है और मुझे पता है कि यह लोगों के दिमाग में होगा, लेकिन हमारा ध्यान घर पर इस सीरीज पर है।

# शुआई जियाओ चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

## मेयर डा. अजय सिंह ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ, कहा- ऐसे आयोजन खेल के विकास मे मील का पत्थर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला शुआई जियाओ एसोसिएशन की जिला स्तरीय शुआई जियाओ चैंपियनशिप में खिलाडियों ने जमकर पसीना बहाया और पदक जीते।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित चैंपियनशिप का उदघाटन मेयर डा.अजय कुमार सिंह ने फीता काटकर व खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया। डा.अजय सिंह ने कहा कि शुआई जियाओ जैसे अनुशासन और परिश्रम पर आधारित खेल युवाओं में आत्मविश्वास, फिटनेस और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजन हमारे शहर के खेल विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप त्यागी एवं सचिव प्रदीप त्यागी ने आये अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। रेफरी के रूप में सुश्री सुषमा, पुष्पेंद्र, पूनित वर्मा, पियूष, हर्षित, हर्ष अरोड़ा, अमित कपिल, श्रुति, पायल, विभा, मानसी, कनिका एवं आराधना ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के बालक वर्ग अंडर 11 के 18 किग्रा में कियान खन्ना ने प्रथम, दिव्यम ने द्वितीय, शिवान ने तृतीय, 20 किग्रा में शिवांश कठपाल ने प्रथम, चार्विक गुप्ता ने द्वितीय, कनिष कठपाल ने तृतीय, 25 किग्रा में विराज ने प्रथम, विहान वालिया ने द्वितीय, यर्थाथ व प्रत्युष ने तृतीय, 30 किग्रा में उदभव ने प्रथम, मौ.इब्राहिम ने द्वितीय, 35 किग्रा में अतिश ने प्रथम, तेजस्व ने द्वितीय, मौ.उसैद व निकुंत ने तृतीय, 40 किग्रा में अन्वय सिंह ने प्रथम, देवांश ने द्वितीय, 45 किग्रा में उराजीता पंवार ने प्रथम, याकी मलिक ने द्वितीय, तन्मय चावला ने तृतीय, 45 प्लस में रूद्र वालिया ने प्रथम, कनक ने द्वितीय व विवान ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग के 20 किग्राम में नंदिनी सिंघल ने प्रथम, वरन्या ने द्वितीय, अदविका ने तृतीय, 25 किग्रा में वर्शिता गुप्ता ने प्रथम, जीनल पंवार ने द्वितीय, 30 किग्रा में रिबिका राव ने प्रथम, द्वितीय विधि सिंह, अविष्का त्यागी व प्रियांशी ने तृतीय, 35 किग्रा में अर्चिता शर्मा ने प्रथम, अकिंता सैनी ने द्वितीय, नव्या चौधरी व सृष्टि सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया।



# ईसाई समाज ने याद किए पूर्वज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आज पूरे विश्व में ईसाई समाज ने अपने मृतक पूर्वजों को याद किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

ईसाई समुदाय के लोगों ने जैन कॉलेज रोड स्थित ईसाई समाज के कब्रिस्तान और चर्च कंपाउंड सेंट थॉमस स्थित कब्रिस्तान में विशेष प्रार्थना सभा की गई। इस मौके पर जैन कॉलेज रोड पर बने कब्रिस्तान में फादर एंटो जोसेफ और सेंट थॉमस कब्रिस्तान में फादर जॉन चिमन और फादर संत टियागो ने प्रार्थना सभा में बताया कि आज के दिन पूरे विश्व में ईसाई समाज अपने मृतक पूर्वजों को याद करता है और उनके लिए प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शांति मिले और उनकी आत्मा हमारे परिवार को लिए प्रभु से प्रार्थना करें। फादर एंटो जोसेफ ने ईसाई समुदाय के लोगों से अपील की कि हमारे साथ हमारे माता-पिता एवं अन्य बुजुर्ग रह रहे हैं, हमें उनकी सेवा और उनका ध्यान रखना चाहिए। जिस तरह आज हम अपने मृतक पूर्वजों को याद कर रहे हैं और दु:ख मना रहे हैं। इसलिए हमें जीते जी अपने पूर्वजों का सम्मान और उनकी इज्जत करनी चाहिए और उनकी सेवा करना प्रभु की सेवा करने के बराबर है। करीब एक सप्ताह से लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर साफ-सफाई कर रहे थे और उन्हें मोमबत्ती और अगरबत्तियों से और फूलों से सजाया हुआ था, ईसाई समुदाय के लोगों ने अपने-अपने पूर्वजों की कब्र पर प्रार्थना की। इस मौके पर सिस्टर प्रधानाचार्य शीला सोलंकी, प्रधानाचार्य जीवन लता, सिस्टर उषा, अर्चना जॉय, जॉय केमिस्टर, लुईजा, माइकल सोलोमन, मास्टर अजय, सरोज मसीह, एवलिन मेसी, ऑनेस्ट मेसी आदि मौजूद रहे।



# कम्पनी गार्डन में मनाया प्रकाश पर्व



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** धन-धन साहिब गुरु नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में राधा कुंज मॉर्निंग परिवार द्वारा श्री गुरुसिंह सभा के सहयोग से कम्पनी गार्डन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभातफेरी और स्त्री सत्संग सभा के शब्दी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन से हुई। इसके पश्चात आनन्द साहिब पाठ, अरदास (रंजीव सिंह हरजी द्वारा) तथा परंपरागत कड़ाह प्रसाद एवं गुरु का लंगर वितरित किया गया। कार्यक्रम में विधायक राजीव गुम्बर एवं पूर्व विधायक लाजकृष्ण गांधी ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राधा कुंज मॉर्निंग परिवार के प्रधान भागीरथ सेठी, महामंत्री अमन तनेजा, मोनू ग्रोवर, गोपाल, मुरली खन्ना, परवीन आहूजा, बलवीर छाबड़ा, नंदलाल मदान, रम्मी धवन, संजीव गर्ग, विनोद चुग, हरीश डंग, हरीश इशपुजानी, विनोद बावा, शेठी राठी, दीपक छाबड़ा, योगेश मिगलानी, मनोज चौहान, राजेश अरोड़ा, विक्की चावला, गुरमीत सिंह शन्टी, अजेंद्र सिंह चावला, रंजीव प्रेमी आदि की प्रमुख भूमिका रही। सहयोग में फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष एम. पी. सिंह चावला एवं सदस्यगण, संभाल परिवार के अध्यक्ष सुपनीत सिंह एवं सदस्य, कुलदीप धमीजा, अनिल अरोड़ा, मुरली खन्ना, सतीश कुक्कड़, महेश पाहवा, कुलदीप गिन्नी, मंजीत सिंह, गुरजीत सिंह, बॉबी गुम्बर सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मेडिकल क्विज में डा.आंचल प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल मैडिकल कालेज में आयोजित इंटर स्टेट मेडिकल क्विज प्रतियोगिता में पंजाब की डा.आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश से आए चिकित्सकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने तत्काल मेडिकल चार्ट प्रस्तुत कर उसका व्यावहारिक विश्लेषण एन.एम.सी. के विशेषज्ञ स्टाफ को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में डॉ. कुमारी आंचल ने प्रथम स्थान, डॉ. मंदीप सिंह ने द्वितीय स्थान और डॉ. एस. के. सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अध्यक्षता पूर्व ज्वाइंट हेल्थ डायरेक्टर एवं पूर्व सीएमओ डॉ. गुरबख्श लाल पाहुजा ने की। निर्णायक मंडल में डॉ. सफीना तबस्सुम, प्राचार्य डॉ. असलम, डॉ. एस. पी. सिंह और डॉ. भरत सिंह शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. असलम ने घोषणा की कि अब एन. एम.सी. कॉलेज के छात्र-छात्राएं विदेशों में भी रोजगार के लिए आवेदन कर सकेंगे, क्योंकि वर्ल्ड स्किल काउंसिल, लंदन द्वारा एन.एम.सी. के विद्यार्थियों को रजिस्टर्ड प्रमाणपत्र एवं वीजा कार्ड प्रदान किया जाएगा। यह पहल भारतीय युवाओं को वैश्विक मंच पर अवसर प्रदान कर भारत को "स्पिरिचुअल वर्ल्ड गुरु" बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगी।




# शराब तस्कर दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा एक शातिर शराब तस्कर को दबोचकर उसके कब्जे से 12 बोतल अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का बरामद कर ली।

जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी आशीष तिवारी के निर्देश पर मादक/नशीले पदार्थों की तस्करी एवं इस धंधे में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक धीरसिंह के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर नशा तस्कर शहबाज खान उर्फ अरबाज पुत्र सलीम निवासी एकता कालोनी निकट शकूरी मस्जिद थाना कुतुबशेर को माल गोदाम निकट रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 बोतल नाजायज अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का बरामद कर ली।

# परिवहन मंत्री से मिले मांगेराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी मांगेराम ने केंद्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नाग. पुर में भेंट कर जनपद के विकास कार्यों को लेकर चर्चा कर दिल्ली देहरादून एलीवेटीट राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की।

भेंट वार्ता की जानकारी देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने उन्हे आश्वासन दिया कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद जैसे ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम मिलेगा वैसे ही उनके द्वारा इस राष्ट्रीय राजमार्ग का लोकार्पण उनके हाथों द्वारा करा दिया जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने परिवहन मंत्री के नेतृत्व में देशभर मे सडकों का जाल बिछाये जाने और सहारनपुर जनपद मे विकास कार्य कराये जाने पर आभार व्यक्त किया।



# डा. अशोक ने जताया शिक्षकों का धन्यवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ की द्वारा 25 अक्टूबर को जनमंच के सभागार में भारतीय शिक्षा बोर्ड की मंडलीय शिक्षा संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए शनिवार को धन्यवाद सभा का आयोजन किया।

गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि गत 25 अक्टूबर को जनमंच के सभागार में भारतीय शिक्षा बोर्ड की मंडलीय शिक्षा संगोष्ठी को सफल बनाने के लिए धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया है। संगठन से जुड़े सभी लोगों का सहयोग असमरणीय रहा। संगठन औमान्यता प्राप्त स्कूलों के हितों के लिए संघर्ष करता रहेगा। वर्तमान सरकार ने मान्यता के मानक बहुत कठोर कर दिए हैं। आरटीई के गरीब दुर्बल वर्ग के बच्चों का 2016 से अब तक सरकार आधा अधूरा फीस प्रतिपूर्ति दे रही है। करीब उत्तर प्रदेश का 1000 करोड रुपए बकाया भूगतान अविलंब दिया जाए हम सरकार से लंबे समय से मांग कर रहे हैं। सभा में प्रवेश सैनी को सर्व सम्मति से जिला प्रभारी मनोनीत किया गया। नवनियुक्त जिला प्रभारी ने कहा कि मैं इमानदारी कर्तव्य निष्ठा से संगठन के लिए काम करूंगा जिस उम्मीद से मुझे जिम्मेदारी संगठन ने दी है।

सभा को ब्लॉक अध्यक्ष विक्रांत शर्मा व महिपाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, गौरव, संजय गुप्ता, यामिन भारती, विनोद कुमार आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर राजेश्वर वर्मा, सुशील कुमार, सचिन जिंदल, पंकज कुमार, संजय कुमार, रामपाल सिंह, वाजिद हसन, रजनी सैनी, योगेश कुमार, जावेद राजा, संजीव शर्मा, तपस्या रानी, सोनिया सैनी, शारदा गुप्ता, आंचल गुप्ता श्रीमती, अनीता, सुषमा मौजूद रहे। सभा की अध्यक्षता यामीन भारती व संचालन संजय गुप्ता ने किया।



# महाराजा अग्रसैन चौक पर पुष्पांजलि व आरती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा महाराजा अग्रसेन चौक, रेलवे स्टेशन पर रविवार भगवान अग्रसेन की पुष्पांजली एवं आरती की गई।

**पिछले 12 वर्षों से निरंतर किया जा रहा आरती का आयोजन**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महावीर प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष, समन्वय समिति एवं पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गोयल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। आईवीएफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि पिछले लगभग 12 वर्षों से प्रत्येक माह के पहले रविवार को आरती कार्यक्रम का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की। इस अवसर पर वी.के. गुप्ता, राकेश जैन, डी.के. बंसल, बृजमोहन सिंगल, नरेश गुप्ता, डॉ. ए.के. गुप्ता, डॉ. अशोक गुप्ता, कर्मेन्द्र गुप्ता, रमेश बंसल, विकास बंसल, सुभाष बंसल, पल्लव गर्ग, आकाश अग्रवाल, रविन्द्र गर्ग, कन्हैया सिंगल, मोहन गोयल, अरविन्द बंसल, मनोज शर्मा, श्याम बिहारी मित्तल, अनिल गुप्ता, पार्थ सिंगल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने पुष्पांजली अर्पित कर आरती में सहभागिता की। कार्यक्रम में समाज की एकता एवं संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए उपस्थित पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया।

# आर्य समाज खालापार में मनाया वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आर्य समाज खालापार में आज वार्षिक उत्सव एवं आर्य समाज की 150वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

मटिया महल स्थित आर्य समाज खालापार में कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार हवन यज्ञ से किया गया, जिसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आर्य समाज खालापार के प्रधान संजय शर्मा ने कहा कि आर्य समाज कोई संस्था नहीं, बल्कि एक क्रांति है जो समाज को संगठित करने का कार्य कर रही है। वहीं मंत्री अशोक कुमार ने उपस्थित जनसमूह से वेद मार्ग पर चलने का आह्वान किया। भजन संध्या में संगीता आर्या व उनके सहयोगियों ने संगीत के माध्यम से वेदों की महिमा का व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वेद मार्ग पर चलकर ही देश को शक्तिशाली बनाया जा सकता है और स्वामी दयानंद सरस्वती के बताए मार्ग पर चलकर ही भारत निरंतर प्रगति कर रहा है। संजय शर्मा ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 150वीं जयंती पर 150 रूपए और 200 रूपए के स्मारक सिक्के जारी किए हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेंद्र योगी ने नारी सशक्तिकरण और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं कृ सलोनी, सवीना, अर्चना, इरम, वंशिका प्रजापति, सुहाना, गौरी, प्राची और निहारिका को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में संजय शर्मा एडवोकेट, अशोक कुमार, प्रवीण कुमार, प्रेम कुमार शर्मा, आनंद प्रकाश शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष आदि उपस्थित रहे।




# माता तुलसी व शालीग्राम का विवाह संपन्न कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के तत्वावधान में शक्ति महिला मंडल द्वारा भगवान शालिग्राम और माता तुलसी के पावन विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

**मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उमड़ी रही भीड़**

भगवान शालिग्राम की बारात पटेल नगर से धूमधाम के साथ निकाली गई, जो नगर की परिक्रमा करते हुए सनातन धर्म मंदिर, सुभाष नगर पहुँची। यात्रा के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक रीति से बारातियों का स्वागत किया और भक्तों ने भजनों व नृत्य के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या में शालिनी चावला, मालती और सुमन पटपटिया ने मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिनसे वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। इस पावन अवसर पर निधि अरोरा, संजय अरोड़ा, रुचि अरोड़ा और शिवम अरोड़ा ने कन्यादान का कार्य किया। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी भक्तों ने अपने घरों में सुख-समृद्धि, धन-धान्य और शांति की कामना की। तुलसी विवाह के इस अवसर पर पूरे परिसर में आस्था और आनंद का वातावरण व्याप्त रहा। भक्तों ने भगवान शालिग्राम और माता तुलसी के विवाह में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# स्वास्थ्य जागरूकता को निकाली साईकिल रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** साइकिल मोटिवेशन ऑफ इण्डिया ने स्वास्थ्य प्रदूषण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से साइकिल रैली निकाली।

मोटिवेटर प्रेम सिंह तोमर के नेतृत्व में साइकिल रैली हसनपुर चौक से शुरू हुई जो दिल्ली रोड दीवानी कचहरी, अस्पताल चौक, घंटाघर, अम्बाला रोड होते हुए डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न हुई। प्रेम सिंह तोमर ने कहा कि सुबह एक घंटा साइकिल चलाने से इंसान बीमारियों से बच सकता है। साइकिल चलाना स्वास्थ्य की गारंटी है। भागदौड की इस जिन्दगी में साइकिल चलाने से शरीर में फूर्ती रहती है और दिमाग भी बेहतर तरीके से काम करता है। हर इन्सान को पश्चिमी देशों की तरह सुबह की दिनचर्या में साइकिलिंग को शामिल करना चाहिए।

इस दौरान विजेन्द्र तोमर, अरविन्द मलिक, पंकज कुमार, राकेश सिंह, सतीश कुमार, अनुभव, शबाना खान, डा. काजल, आंचल, शगुन, संतोषी, अमित, आदर्श, करण, विकास आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।




# भजन संध्या में झूम उठे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के पावन तत्वावधान में सिद्धिविनायक कॉलोनी में एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में सराबोर वातावरण का आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता साध्वी बहन राधिका भारती, जो नूरमहल (पंजाब) से अपनी टीम के साथ विशेष रूप से पधारी थीं, ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों में श्रद्धेय अशुतोष महाराज की दिव्य शिक्षाओं का सार प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियाँ नहीं, बल्कि आत्मज्ञान प्राप्त कर ईश्वर से साक्षात्कार करना होना चाहिए। साध्वी बहन राधिका भारती जी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण भजनों ने संपूर्ण वातावरण को दिव्यता और शांति से परिपूर्ण कर दिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर शोभित, दीपांशु, मेहरा, अरुण वालिया परिवार, गुलशन, सौरव, गौरव, सुरेश गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।



# दो वाहन चोर पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने एक वाहन चोर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक शातिर वाहन चोर उदय जोशी पुत्र राजकुमार निवासी लेबर कालोनी थाना कुतुबशेर को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक चाकू अवैध भी बरामद कर लिया। इसी थाना पुलिस ने उपनिरीक्षक नितिन कुमार व उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी आशु उर्फ मौ. शाहिद पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर को एक नाजायज चाकू सहित दबोच लिचा। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 3 नवम्बर 2025**

## इच्छाशक्ति का अभाव

राजधानी दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में प्रदूषण गंभीर होता जा रहा है। रविवार को हवा क्वालिटी और बिगड़ गई। एम्स और आसपास के इलाकों में एआईक्यू लेवल 420 तक पहुंच गया है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए सीएक्यूएम के आदेश को लागू करते हुए दिल्ली सरकार ने बीएस-3 और उससे पुराने मानक वाले सभी ट्रांसपोर्ट व कमर्शियल वाहनों ट्रक, टेम्पो, लोडर आदि डीजल चालित वाहनों को दिल्ली में एंट्री पर बैन लगा दिया है। सवाल है कि दशकों से मीडिया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग तथा संगठन, जिस प्रदूषण संकट के प्रति चेताते रहे हैं, उसके घातक परिणाम अब साफ सामने नजर आने लगे हैं। विडंबना यह है कि देश की राजधानी व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ही नहीं, अब देश के तमाम बड़े-छोटे शहरों से भी जानलेवा प्रदूषण की खबरें आ रही हैं। इस घातक व मारक संकट की पुष्टि बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट की हालिया रिपोर्ट करती है। रिपोर्ट दावा करती है कि देश की हवा में 2010 की तुलना में साल 2022 तक प्रदूषणवाहक पीएम 2.5 कणों की मात्रा में 38 फीसदी तक का बढ़ावा हुआ है। जिसका घातक प्रभाव यह है कि करीब सत्रह लाख लोग असमय काल-कवलित हो चले हैं। इससे होने वाला आर्थिक नुकसान अलग है। यह कहना कठिन है कि अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका के आंकड़े कितने विश्वसनीय हैं। बहुत संभव है कि सरकारें इन आंकड़ों पर सहमति न जताएं, लेकिन दीपावली के बाद दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत देश के विभिन्न शहरों में प्रदूषण जिस घातक स्तर तक पहुंचा है, वह हालात के गंभीर होने की ओर इशारा तो करता ही है। एक अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी ने दिल्ली को दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर का खिताब भी दिया है। इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि अस्पतालों में प्रदूषणजनित रोगों का उपचार कराने वाले लोगों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई है। जीवन के संघर्ष में रोजी-रोटी की कवायद में जुटे लोगों को यह अहसास भी नहीं होता है कि वे दिन में कितनी जहरीली हवा निगल रहे हैं। हमारे शहर केंद्रित विकास की विसंगितयां भी शहरों में प्रदूषण का दायरा बढ़ा रही हैं। शहरों में उगते कंक्रीट के जंगल न केवल हवा के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित कर रहे हैं, बल्कि वाहनों के सैलाब को भी बढ़ावा दे रहे हैं। विडंबना यह है कि इसके बावजूद राजनीतिक दलों व सरकारों में वह इच्छाशक्ति नजर नहीं आती, जो इस संकट के कारगर समाधान की राह दिखाती हो। निश्चित तौर पर प्रदूषण संकट की यह जानलेवा स्थिति हमें शर्मसार करने वाली है। यह हमारी सामूहिक विफलता की तसवीर भी उकेरती है। सर्दियों का मौसम आते ही दिल्ली व निकटवर्ती शहरों में जो प्रदूषण का बड़ा संकट दिखायी देता है, आखिर उसे साल भर सतर्कता के साथ क्यों नहीं देखा जाता। देश में आर्थिक असमानता व गरीबी के चलते लाखों लोग व बच्चे उन अस्वस्थकारी परिस्थितियों में काम करने को बाध्य हैं, जो कालांतर जानलेवा रोगों का सबब बनती हैं। देश में करोड़ों बाल श्रमिक पटाखा, कालीन और अन्य सांस के रोगों का संकट बढ़ाने वाले उद्योगों में काम कर रहे हैं।

### न्यायालय और कानून का शासन स्थिरता के आधार



सांविधानिक सिद्धांतों की रक्षा करने वाले न्यायिक अधिकारियों को भी दबाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन जजों का किसी राजनीतिक मामले में कोई हाथ नहीं था, उनके परिवार को भी राजनीतिक संगठनों ने निशाना बनाया, आप सभी जानते हैं कि मेरे परिवार को कैसे निशाना बनाया गया और उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए, यह सब केवल मुझे दबाने के लिए किया गया, उस कठिन समय में जो लोग किसानों के मुद्दे के पक्ष में थे, उन्हें भी धमकाया गया और दबाया गया, जब कई राजनेता अपनी स्थिति लेने में हिचकिचाते थे या चुप रहते थे, उस समय इस देश के न्यायविद, वकील और न्यायालय अपने सांविधानिक वादे के साथ खड़े रहे, सरकार बदलती हैं, लेकिन न्यायालय और कानून का शासन स्थिरता का आधार बने रहते हैं।

**-एनवी रमणा, पूर्व मुख्य न्यायाधीश**

## बदलते बिहार का रण: क्या बदलेगा 2025



**योगेश कुमार गोयल**

बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने के बाद से ही राज्य की सियासत उबाल पर है। दो चरणों में मतदान और 14 नवंबर को परिणाम, इन दो तिथियों के बीच अब हर बयान, हर गठबंधन, हर रैली और हर अपराध की खबर चुनावी हवा की दिशा तय करेगी। इस बार मुकाबला केवल नीतीश बनाम तेजस्वी या एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन का नहीं है बल्कि अनुभव बनाम उम्मीद, सुशासन बनाम बदलाव और भरोसे बनाम मोहभंग की त्रिकोणीय लड़ाई बन गया है। बीस वर्षों से सत्ता के शिखर पर बैठे नीतीश कुमार का राजनीतिक भविष्य अब जनता की अदालत में है और इस फैसले में बिहार का आने वाला दशक छिपा है। बिहार में इस बार 7.43 करोड़ से अधिक मतदाता वोट डालेंगे, जिनमें 3.50 करोड़ महिलाएं और 3.92 करोड़ पुरुष शामिल हैं। इनमें से करीब 14 लाख युवा ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। यही नई पीढ़ी अब इस चुनाव की दिशा मोड़ सकती है क्योंकि वह जातीय समीकरणों से अधिक रोजगार, शिक्षा, पलायन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित है। इस बार का चुनावी रण बिहार की पारंपरिक राजनीति की जड़ों को चुनौती दे रहा है। जातिवाद, परिवारवाद और गठबंधन की राजनीति के बीच अब विकास, सुरक्षा और रोजगार की गूंज पहले से अधिक मुखर हो चुकी है।

राज्य की राजनीतिक पटकथा पिछले दो दशकों में अनेक बार बदली लेकिन एक चेहरा स्थाई रहा, नीतीश कुमार। 2005 में उन्होंने लालू यादव के शासन से 'सुशासन' की ओर संक्रमण का नारा दिया और जनता ने उसे हाथों-हाथ लिया लेकिन बीस वर्षों में वही चेहरा अब थकान का प्रतीक बन गया है। सत्ता विरोधी लहर स्पष्ट दिख रही है और विपक्ष इसे 'नीतीश थकान सिंड्रोम' कहकर प्रचारित कर रहा है। तेजस्वी यादव की आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों के साथ गठित महागठबंधन इस बार जोर-शोर से मैदान में है। वहीं एनडीए, जिसमें जेडीयू, भाजपा, लोजपा द्धरामविलासत्र और हम जैसे सहयोगी हैं, अपने पुराने समीकरणों पर भरोसा कर रहा है। मगर इन समीकरणों की जमीन पहले जैसी ठोस नहीं रही। भाजपा और जेडीयू के रिश्तों में तनाव है, सीट बंटवारे को लेकर खींचतान हुई है और नीतीश कुमार की उम्र और स्वास्थ्य पर लगातार चर्चा हो रही है।

भाजपा ने रणनीतिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव का मुख्य चेहरा बनाया हुआ है। राज्य में मोदी फैक्टर अब भी प्रभावी है लेकिन स्थानीय असंतोष इसे सीमित कर सकता है। बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा के ढ़ांचे की बदहाली, लगातार पलायन और अपराध के बढ़ते ग्राफ ने सुशासन की कहानी को कमजोर किया है। पटना से लेकर मुजफ्फरपुर और गया तक अपराध की घटनाएं आम होती जा रही हैं। हाल ही में मोकामा में हुई हत्या ने राज्य की कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। चुनावी माहौल के बीच खुलेआम गोली चलना और जन सुराज के प्रत्याशी का खुलकर समर्थन कर रहे बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या यह संकेत देती है कि बिहार आज भी अपराध के साए से मुक्त नहीं है। विपक्ष इसे 'सुशासन का पतन' और 'जंगल राज' कहकर प्रचारित कर रहा है। जनता के मन में यह सवाल गूंज रहा है कि क्या बिहार का 'जंगल राज' कभी 'मंगल राज' बन सकेगा?

इन सबके बीच भ्रष्टाचार भी इस बार बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। प्रशांत किशोर, जो पहले चुनावी रणनीतिकार थे और अब जन सुराज पार्टी के नेता हैं, उन्होंने एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं पर भ्रष्टाचार और परिवारवाद के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनके आरोपों ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक बना दिया है। भाजपा ने पलटवार किया लेकिन जन धारणा में पीके की 'साफ-सुथरी राजनीति' का प्रभाव देखा जा सकता है। जन सुराज पार्टी का जनाधार भले सीमित हो लेकिन वह कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति पैदा कर सकती है। युवाओं और पढ़े-लिखे वर्ग में पीके की अपील बढ़ रही है, खासकर उन लोगों के बीच, जो जातिगत राजनीति से ऊब चुके हैं और नए विकल्प की तलाश में हैं। एनडीए सरकार ने इस बार मतदाताओं को लुभाने के लिए कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं, महिलाओं को 10 हजार रूपए की सहायता राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता, किसानों को फसल बीमा राहत और मुफ्त बिजली जैसी योजनाएं। भाजपा और जेडीयू दोनों इस बात पर दांव लगा रहे हैं कि महिलाओं का वर्ग, जो बिहार के चुनावों में अब निर्णायक बन चुका है, इन योजनाओं से प्रभावित होकर वोट करेगा। 2020 के चुनाव में महिला मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक था और इस बार भी यह रुझान कायम रह सकता है। महिला मतदाताओं की नब्ज इस बार निर्णायक हो सकती है, वे ही तय करेंगी कि स्थायित्व बेहतर है या परिवर्तन की शुरुआत।

दूसरी ओर, विपक्ष भी अपनी रणनीति पर आक्रामक है। तेजस्वी यादव ने रोजगार, शिक्षा और पलायन के मुद्दे को केंद्र में रखकर युवाओं को आकर्षित करने की कोशिश की है। राहुल गांधी के साथ उनकी साझा रैलियों में भीड़ उमड़ रही है लेकिन भीड़ को वोट में बदलना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और वोट चोरी का मुद्दा उठाया, यह नैरेटिव खासकर शहरी मतदाताओं और पढ़े-लिखे वर्ग में कुछ हद तक असर डाल सकता है। राज्य का जातीय गणित भी बदला है। 2022 के जाति आधारित सर्वेक्षण ने यह स्पष्ट किया कि बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग अब सबसे बड़ा समूह है, करीब 36 प्रतिशत। ओबीसी करीब 27 प्रतिशत, एससी 1996 प्रतिशत और मुस्लिम लगभग 17 प्रतिशत हैं। यही वर्ग अब चुनाव का निर्णायक चेहरा बन गया है। एनडीए इन वर्गों में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है जबकि इंडिया गठबंधन यादव-मुस्लिम समीकरण को सहेजकर साथ ही पिछड़ों और दलितों को जोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। सवाल यह है कि क्या जातीय पहचान अब भी वोट का आधार बनी रहेगी या फिर मतदाता अपनी प्राथमिकताएं बदल चुका है? दिलचस्प तथ्य यह है कि बिहार के ग्रामीण इलाकों में एनडीए की पकड़ मजबूत है जबकि शहरी इलाकों में विपक्ष को समर्थन बढ़ता दिख रहा है। लेकिन भाजपा सत्ता विरोधी भावना को संगठनात्मक ताकत से काउंटर करने की कोशिश कर रही है। मोदी फैक्टर और केंद्र की योजनाओं का लाभ एनडीए को मिला है पर यह लाभ तभी टिकेगा, जब नीतीश सरकार की छवि 'थकी हुई व्यवस्था' से उबर सके। भाजपा के भीतर भी यह चिंता है कि नीतीश अब वोट खींचने वाले नहीं रहे पर वे गठबंधन के लिए 'अनिवार्य चेहरा' हैं, उन्हें हटाना जोखिम भरा कदम होगा। विपक्ष के पास मौका है लेकिन उसके भीतर नेतृत्व का असंतुलन एक बड़ी कमजोरी भी है। तेजस्वी यादव की लोकप्रियता सीमित क्षेत्रों में केंद्रित है और कांग्रेस की पकड़ कमजोर पड़ चुकी है। यदि विपक्षी गठबंधन एकजुट रह सका और भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, अपराध जैसे मुद्दों को जनता के बीच जीवंत बनाए रख सका तो मुकाबला बेहद करीबी हो सकता है अन्यथा एनडीए सत्ता-विरोधी लहर को भी 'स्थायित्व और सुशासन' की ढ़ाल से झेल लेगा।

एक और बड़ा प्रश्न यह है कि क्या बिहार में इस बार महिला मतदाता कोई निर्णायक बदलाव ला पाएंगी? यह प्रश्न इसलिए अहम है क्योंकि 2005 से लेकर 2020 तक हर चुनाव में महिला मतदाताओं का रुझान उस दल की जीत से जुड़ा रहा है, जिसने उन्हें सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सुविधा का भरोसा दिलाया। यदि महिलाएं एनडीए की योजनाओं से प्रभावित हुई तो यह गठबंधन को बढ़त दिला सकता है लेकिन यदि उन्हें लगे कि उनके जीवन में वास्तविक सुधार नहीं हुआ तो वे बदलाव का विकल्प चुन सकती हैं। बिहार का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं बल्कि राजनीतिक संस्कृति के संक्रमण का चुनाव है। एक तरफ 'सुशासन बाबू' की थकान और सत्ता के स्थायित्व की कहानी है, दूसरी ओर नई पीढ़ी की उम्मीदें और बदलाव की मांग। बीच में प्रशांत किशोर जैसा तीसरा विकल्प है, जो राजनीति के पुराने समीकरणों को चुनौती दे रहा है। यह चुनाव बताएगा कि बिहार अब भी परंपरागत जातीय राजनीति में बंधा है या वह सामाजिक-आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रखकर नई दिशा चुनने को तैयार है। 14 नवंबर को जब नतीजे आएंगे तो केवल यह नहीं बताएंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा बल्कि यह भी उजागर करेंगे कि बिहार का जनमत अब भी बीस वर्षों पुराने भरोसे पर टिका है या नई सोच की ओर अग्रसर हो चुका है। मोकामा जैसी घटनाएं, बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार के आरोप, बेरोजगारी और पलायन की त्रासदी ने बिहार के मतदाताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इस चुनाव के नतीजे केवल सत्ता नहीं, बिहार की राजनीति की आत्मा को भी नया रूप देंगे। यह चुनाव बिहार के लिए वह मोड़ साबित हो सकता है, जहां से राज्य या तो भविष्य की ओर छलांग लगाएगा या फिर अतीत के साए में लौट जाएगा, जहां 'जंगल राज' और 'मंगल राज' के बीच केवल जनता की समझदारी की दीवार खड़ी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## अब बेचारगी के नाम पर वोट की दरकार

**विपक्ष खासकर कांग्रेस के पास भी मोदी व अन्य भाजपा नेताओं द्वारा की गई बदजुबानियों की लंबी सूची है परन्तु कांग्रेस कम से कम वोट भुनाने के लिए जनसभाओं में उन शब्दावलियों को नहीं दोहराती कि कब मोदी ने 50 करोड़ की गर्ल फ्रेंड कहा तो कब श्कांग्रेस की विधवाश जैसा अशोभनीय शब्द इस्तेमाल किया। न ही कांग्रेस कभी इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की शहादत पर वोट मांगती है। न ही वोट की खातिर जनता को बार बार यह याद दिलाती है। परन्तु आज भी भाजपा की ओर से इसी तरह की अपमानजनक बातें की जा रही हैं। जैसे कि गत 30 अक्टूबर को ही इसी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान लखीसराय की एक रैली में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इतने गुस्से से बटन दबाना कि करंट इटली तक पहुंचे यही बात इसी अंदाज में अमित शाह पहले भी असम व छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों की चुनावी सभाओं में करते रहे हैं।**



**तनवीर जाफरी**

बिहार चुनाव की तिथि जैसे जैसे करीब आती जा रही है, वैसे वैसे बिहार में हो रहे चुनाव प्रचार में भी तरह तरह के रंग भरते देखे जा रहे हैं। बिहार की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नीतीश सरकार ने सत्ता का पूरा लाभ उठाते हुए आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ ही मिनट पहले कई ऐसी महत्वपूर्ण घोषणाएं और धन वितरण किए जिनसे वहां के मतदाताओं के एक वर्ग विशेषकर महिलाओं को लाभ पहुंचा। जैसे महिला उद्यमी योजना के तहत 10,000 रूपए की पहली किस्त 6 अक्टूबर 2025 यानी चुनाव की तारीख की घोषणा होने से कुछ ही मिनट पहले हस्तांतरित की गई । नितीश सरकार द्वारा यह दावा किया गया कि इससे 21 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि, मासिक पेंशन रुपये 400 से बढ़ाकर रुपये 1,100 करने की आदि की घोषणा गई। इसी तरह विपक्षी महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी लोकलुभावन योजनाओं का पिटारा खोल कर रख दिया है। राज्य के हर परिवार को एक सरकारी नौकरी सहित महिलाओं को लुभाने तक के लिए बड़ा ऐलान किया। उन्होंने वादा किया है कि सत्ता में आने पर जीविका दीदियों को 30,000 रूपए मासिक वेतन वाली सरकारी नौकरी मिलेगी। साथ ही, ब्याज -मुक्त लोन और अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। ऐसी और भी कई लोकलुभावन घोषणाएं विपक्षी गठबंधन की ओर से की गई हैं। बेशक ऐसी घोषणाएं मतदाताओं को आकर्षित करने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा हैं।

परन्तु सत्तारूढ़ राजग के बिहार विधानसभा के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा चुनाव प्रचार में कुछ अलग ही रंग भरने की कोशिशें की जा रही हैं। बड़ा आश्चर्य है कि लगभग दो दशक से सत्ता में रहने वाला राजग आज भी बिहार वासियों को लालू राज के दौर का कथित जंगल राज याद दिला रहा है? खासकर भाजपा के स्टार प्रचारक शोले फिल्म की तर्ज पर बिहार के मतदताओं को याद करा रहे हैं कि राजग गया तो प्रदेश में गुंडा राज स्थापित हो जाएगा। यह बात तब कही जा रही है जबकि आज भी बिहार में सरे आम अपहरण की घटनाएं हो रही हैं। इसी वर्तमान चुनाव में राजनैतिक लोगों की हत्याएं हो रही हैं। अस्पताल में अपराधियों द्वारा दिन दहाड़े भर्ती मरीज की हत्या की जा रही है। पूरे राज्य में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। शराब बंदी के बावजूद तीन चार गुने रेट पर शराब की होम डिलेवरी की जा रही है। परन्तु ऐसी अनेक नाकामियों के बाद भी वोट, लालू के 20 वर्ष पुराने कथित गुंडा राज को याद दिला कर मांगा जा रहा है ? क्या प्रधानमंत्री तो क्या गृह मंत्री जैसे भाजपाई स्टार प्रचारक, सभी अपनी पार्टी का वही सधा सधाया विद्वेषपूर्ण राग अलाप रहे हैं। महागठबंधन पर श्तुष्टिकरण श का आरोप लगा रहे हैं तो कभी उनपर श्घुसपैठियोंश को संरक्षण देने का इलजाम लगा रहे हैं। बिहार की सत्ता में सबसे बड़ी भागीदारी निभाने के बावजूद आज भी जिस भाजपा के पास अपना कोई भी राज्य स्तरीय नेता तक न हो जिसने आज तक साफ शब्दों में अपना मुख्य मंत्री का चेहरा घोषित न किया हो वह पार्टी कभी नेहरू को कोस कर तो कभी भावनात्मक बातें कर राज्य के लोगों की शिक्षा,बेरोजगारी,स्वास्थ्य व कानून व्यवस्था जैसे मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

स्वयं जिस पार्टी के प्रदेश के सबसे बड़े नेता व बिहार के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की नकली डिग्री,उनपर बार बार अपना नाम बदलने यहां तक कि उनपर सामूहिक हत्याएं करने जैसे आरोप विरोधियों द्वारा संवाददाता सम्मेलन में लगाए जा रहे हों उस भाजपा के मंच से स्वयं प्रधानमंत्री मोदी लोगों को यह बता रहे हैं कि राहुल व तेजस्वी जमानत पर घूम रहे हैं और अब चुनाव करीब आते आते तो प्रधानमंत्री मोदी ने अपना चिरपरिचित श्बेचारगी श दिखाने वाला कार्ड भी खेलना शुरु कर दिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान, दरभंगा में कांग्रेस के मंच से उनकी दिवंगत मां के विरुद्ध किसी व्यक्ति के द्वारा बेहद अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया। इसी बात को याद दिलाकर मोदी ने बिहार की एक सभा में भावुक होकर कहा कि जो गालियां उनकी मां को दी गई हैं, असल में वो देश की हर मां का अपमान है।ष उन्होंने बार-बार इस अपमान का जिक्र किया और इसे चुनावी मुद्दा बनाते हुए वोट मांगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## चुनावी मौसम में देश के पत्रकारों का कर्तव्य



**विनीत नारायण**

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी जनता है और इस जनता की आवाज बनने का दायित्व पत्रकारों पर है। चुनाव वह समय होता है जब यह शक्ति सबसे अधिक सक्रिय होती है, जब जनता अपने मत से आने वाले पांच वर्षों की दिशा तय करती है। ऐसे निर्णायक समय में मीडिया की भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह एक प्रहरी यानी 'वॉचडॉग' की भूमिका निभाता है। दुर्भाग्य से, आज के परि.श्य में कई बार यह प्रहरी सार्वजनिक हित का रक्षक बनने के बजाय सत्ता या किसी दल का प्रचारक बनता दिखता है। यही वह विमर्श है जिस पर विचार होना चाहिए, कि पत्रकारों और एंकरों को क्यों और कैसे अपनी मूल भूमिका निभानी चाहिए, न कि पीआर द्धपब्लिक रिलेशनत्रः पेशेवर बन जाना चाहिए।



पत्रकारिता का मूल उद्देश्य हमेशा सत्य का अन्वेषण रहा है। पत्रकार न तो किसी नेता के समर्थक होते हैं, न विरोधी, वे केवल जनता के प्रतिनिधि हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि प्रेस का काम जनता को सरकार की भूलों से सतर्क करना है, सरकार का मुखपत्र बनना नहीं। जब चुनाव आते हैं, तो यही भूमिका और भी संवेदनशील हो जाती है क्योंकि इस समय जनता को सूचित निर्णय लेने के लिए निष्पक्ष जानकारी चाहिए होती है। यदि मीडिया इस समय भ्रम फैलाए या किसी पक्ष के प्रचार का माध्यम बने, तो लोकतंत्र की आत्मा को आघात पहुंचता है। पत्रकारिता एक सार्वजनिक सेवा है, जबकि पीआर एक निजी हित का कारोबार। दोनों के स्वरूप में मूलभूत अंतर है। जहां पत्रकारिता का उद्देश्य सत्य और पारदर्शिता है, वहीं पीआर का उद्देश्य छवि निर्माण होता है, और वह भी किसी व्यक्ति या संगठन के हित में। जब कोई पत्रकार या एंकर अपने मंच का उपयोग किसी नेता की छवि चमकाने या विरोधी को बदनाम करने के लिए करता है, तो वह पत्रकार नहीं, पीआर एजेंट बन जाता है। यह स्थिति न केवल उसकी पेशेवर आचारसंहिता का उल्लंघन करती है, बल्कि जनता के साथ विश्वासघात भी है। चुनाव कवरेज अक्सर टीआरपी की होड़ में सनसनीखेज रूप ले लेता है। लेकिन वास्तविक पत्रकारिता की परीक्षा इसी समय होती है जब दबाव हो, आकर्षण हो और फिर भी कोई पत्रकार निष्पक्ष रह पाए। पत्रकारों को चाहिए कि वे चुनावी खबरों में तथ्यों की पुष्टि करें, उम्मीदवारों के वादों की जांच करें और जनता से जुड़े मुद्दों को केंद्र में रखें, न कि केवल रैलियों की भीड़ या विवादों की गहमागहमी को। एंकरों के लिए भी यह समय आत्म-संयम का होता है। उनसे अपेक्षा है कि वे मंच पर दोनों पक्षों को बराबर अवसर दें, तर्क पर तर्क से जवाब लें और चुनावी बहस को 'शोर' नहीं बल्कि 'संवाद' में बदलें। पत्रकारों व एंकरों का उद्देश्य दर्शकों को किसी दल की मनोवैज्ञानिक दिशा में मोड़ना नहीं, बल्कि उन्हें सोचने के लिए प्रेरित करना होना चाहिए। लोकतंत्र में पत्रकार सत्ता का संतुलन बनाए रखने वाले चौथे स्तंभ का प्रतिनिधि है। चुनाव काल में जब राजनीतिक दल वादों की बाढ़ लाते हैं, तब मीडिया का दायित्व है कि वह इन वादों की जांच करे। कौन से वादे व्यवहारिक हैं, कौन से केवल भाषणों की सजावट। इसके अलावा, मीडिया को यह भी देखना चाहिए कि क्या चुनावी प्रक्रिया पारदर्शी है? क्या प्रशासन और चुनाव आयोग निष्पक्ष हैं? क्या मतदाता को स्वतंत्र रूप से वोट डालने का अवसर मिल रहा है? यदि पत्रकार यह निगरानी न करें, तो सत्ता और धनबल का उपयोग करके जनमत को गुमराह करने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में पत्रकार ही वह दीवार है जो जनतंत्र को 'विज्ञापनतंत्र' बनने से बचा सकती है। सच्चा पत्रकार अपनी राय जरूर रख सकता है, लेकिन उसे तथ्यों की सत्यता से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। उसे चाहिए कि वह हर रिपोर्ट में स्रोत स्पष्ट करे, हर दावा परखे और किसी भी राजनीतिक संदेश को प्रसारित करने से पहले उसकी विश्वसनीयता सुनिश्चित करे।

पत्रकारिता में 'निष्पक्षता' का अर्थ यह नहीं कि सबकी बात एक समान मानी जाए, बल्कि यह कि सच्चाई के प्रति वफादारी रखी जाए, चाहे वह सत्ता के खिलाफ हो या विपक्ष के। एंकरों को भी समझना होगा कि उनका मंच और चौनल एक भरोसे का प्रतीक है। यदि वे उसी मंच से किसी विशेष पार्टी के प्रवक्ता बन जाएं, तो वह भरोसा टूट जाता है। ट्रोल्स के प्रभाव, कॉर्पोरेट दबाव और राजनीतिक समीकरणों के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन अवश्य है, पर यही कठिनाई पत्रकारिता को सम्मान दिलाती है। आज के युग में सोशल मीडिया ने सूचना का लोकतंत्रीकरण किया है, लेकिन अफवाहों और आधी सच्चाईयों के प्रसार का खतरा भी बढ़ा है। इस वातावरण में टीवी और प्रिंट मीडिया के पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्हें चाहिए कि वे त्वरित सुर्खियों से आगे बढ़कर पड़ताल करें, डेटा और दस्तावेजों पर आधारित रिपोर्ट तैयार करें और जनता को यह सिखाएं कि सच्ची खबर कैसे पहचानी जाए। यदि पत्रकार भी सिर्फ ट्रेंड या वायरल वीडियो के पीछे भागने लगे, तो वह समाज को जागरूक नहीं बल्कि भ्रमित करेगा। आज चुनाव के मौसम में पत्रकारों को आत्ममंथन की जरूरत है। क्या वे अपनी रिपोर्टों से जनता को सशक्त बना रहे हैं या किसी राजनीतिक पार्टी या कॉर्पोरेट घराने के एजेंडे को मजबूत कर रहे हैं? क्या उनके सवाल जनता के प्रश्न हैं या टीआरपी के लिए रचे गए नाटक?लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा जब पत्रकार अपने पेशे की आत्मा को जिंदा रखेंगे। जब वे सत्ता से नहीं, बल्कि जनता से डरेंगे।

'वॉचडॉग' बनने का अर्थ है सत्ता पर निगाह रखना, अन्याय पर सवाल करना और जनता के अधिकारों की रक्षा करना। चुनाव चाहे लोकसभा का हो या नगरपालिका का, मीडिया का धर्म एक ही हैरू सच दिखाना, पूरी ईमानदारी से, चाहे किसी को असुविधा ही क्यों न हो। पत्रकारिता केवल करियर नहीं, बल्कि लोकसेवा का माध्यम है। यदि पत्रकार और एंकर इस आत्मा को पहचान लें और चुनावी मौसम में पीआर के प्रभाव से ऊपर उठकर तटस्थ प्रहरी बनें, तो लोकतंत्र की नींव और अधिक मजबूत होगी। जनमत जागरूक होगा, सत्ता जवाबदेह बनेगी और भारत की लोकतांत्रिक परंपरा सच्चे अर्थों में सशक्त होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इज़रायली हवाई हमले में चार हिजबुल्लाह सदस्यों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी गांव कफर रूमाने पर इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने दी। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) के अनुसार, एक इजरायली ड्रोन ने शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात लगभग 10:20 बजे (2020 जीएमटी) हवाई हमला किया, जिसमें गांव के पूर्वी बाहरी इलाके में दोहा-कफर रूमाने रोड पर एक निर्देशित मिसाइल से चार पहिया वाहन को निशाना बनाया गया।

### ईरान में स्वैच्छिक बल के दो सदस्यों की हत्या

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर ने शनिवार को कहा कि दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में हुए आतंकवादी हमलों में उसके बासिज स्वैच्छिक बल के दो सदस्य मारे गए। पीड़ितों की पहचान एस्माईल शावरज़ी और मोख्तार शाहौज़ेही के रूप में हुई है। शुक्रवार को खाश काउंटी से ज़ाहेदान की ओर गश्ती अभियान के दौरान आतंकवादियों ने उन पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ के माध्यम से कहा कि अस्पताल में उनकी मौत हो गई, हालांकि हमलावरों का संगठन स्पष्ट नहीं किया गया।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 350 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाले एक जहाज पर लदी 350 किलोग्राम से अधिक क्रिस्टल मेथामफेटामाइन और हेरोइन बरामद की है। इनकी कीमत लगभग पांच अरब रुपये है। मेथामफेटामाइन को आमतौर पर 'आइस' के रूप में जाना जाता है। उप रक्षा मंत्री मेजर जनरल अरुणा जयशेखर ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि 16 बैगों में पैक ये मादक पदार्थ मछली पकड़ने वाले एक जहाज के अंदर पाए गए। , जिसे नौसेना ने शनिवार को देश के पश्चिमी तट के पास समुद्र में रोका था।

### अफगान सुरक्षा बलों ने घुसपैठ करने की कोशिश में 144 को गिरफ्तार किया

**काबुल।** अफगानिस्तानी सुरक्षा बलों ने सीमा पार कर पड़ोसी देश ईरान में अवैध रूप से घुसपैठ करने की कोशिश करने के आरोप में 144 लोगों को गिरफ्तार किया है। सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में तैनात सैन्य कर्मियों द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों में दो संदिग्ध मानव तस्कर भी शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और सीमाओं के पार अवैध आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से सुरक्षा बल इस तरह के अभियान जारी रखेंगे।

# ट्रम्प 2.0 में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम 91% बढ़ा

## एच-1बी वीजा पर धमकियां भी मिल रहीं, मंदिरों पर हमले व भारतीयों को देश से निकालो जैसे नारे बढ़े

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले बढ़े हैं। बाइडन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही। अक्टूबर 2024 तक 46000 ट्रोलिंग और 884 धमकियां दर्ज हुईं, लेकिन ट्रम्प के लौटते ही हालात बिगड़ गए। अक्टूबर 2025 तक ट्रोलिंग बढ़कर 88000 तक पहुंची, यानी इसमें 91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। दिसम्बर में वीजा और माइग्रेंट मामले में ट्रम्प- मस्क-रामास्वामी बहस के बाद 76 प्रतिशत धमकियां 'नौकरियां छीनने' से जुड़ी रहीं। ट्रम्प सरकार के एच-1बी वीजा फीस बढ़ाने और 104 भारतीयों को डिपोर्ट करने के फैसले ने माहौल भड़काया। इससे टेक्सास, वर्जीनिया व कैलिफोर्निया में गोलीबारी और मंदिर पर हमलों के मामले में उछाल आया। थिंक टैंक 'सेंटर फार द स्टडी ऑफ आर्गनाइज्ड हेट' के अनुसार बीते कुछ महीनों में नस्लभेदी पोस्ट्स में भी तेजी आई है। कैलिफोर्निया में पूरे साल मंदिरों पर हमले और



बाइडन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही

ऑनलाइन नफरती अभियानों के संगठित प्रयास जारी रहे। नवम्बर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच अमेरिका के शहरों में भारतीय समुदाय को निशाना बनाते हुए हिंसक वारदातों की एक शृंखला सामने आई। फरवरी 2025 में वर्जीनिया में एक भारतीय-अमेरिकी कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मार्च 2025 में एक किराना स्टोर पर हुए हमले में पिता-पुत्री की जान चली गई। सितम्बर 2025 में टेक्सास के डलास में दो छात्रों और श्रमिकों की हत्या कर दी गई। इसी महीने चंद्रमौली नागमल्लैया की सिर काटकर हत्या ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया। अक्टूबर 2025 में पेंसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग में एक मोटेल पर गोलीबारी में भारतीय मूल के मालिक और कर्मचारियों को निशाना बनाया गया। वहीं ओहायो, इलिनाय और इंडियाना राज्यों में छात्रों से हेट क्राइम के मामले सामने आए। रिपोर्ट के मुताबिक, बढ़ते नस्लभेद का यह ट्रेंड सिर्फ भारतीयों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बना रहा है। इसमें धर्म, नागरिकता या जातीय पहचान का कोई फर्क नहीं किया जा रहा। रिपोर्ट में इसके चार प्रमुख कारण बताए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका, यूरोप और आस्ट्रेलिया में प्रवासियों के खिलाफ जो वैश्विक नाराजगी बढ़ी है, वह इस नस्लभेदी ट्रेंड का पहला बड़ा कारण है। यह भावना दुनियाभर में उभर रही दक्षिणपंथी राजनीति का अहम हिस्सा बन चुकी है। एच-1बी पर अमेरिकी हैं गुस्सा अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर गुस्सा भी इस ट्रेंड को बढ़ा रहा है। दक्षिणपंथी समूहों का आरोप है कि भारतीय 'कम योग्य' होते हुए भी अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। इससे सोशल मीडिया पर 'भारतीयों को देश से निकालो' जैसे नारों में इजाफा हुआ। भारतीयों के खिलाफ नस्लभेद एशियाई समुदायों के खिलाफ व्यापक भेदभाव का हिस्सा है। ट्रम्प की जीत के बाद श्वेत वर्चस्ववादी गतिविधियां चरम पर पहुंच जाती हैं। जबकि, चुनावी दौर में हेट क्राइम में करीब 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जाती है। ट्रेड डील पर तनाव का भी असर भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर तनाव से नफरत को हवा मिली है। फ्लोरिडा में एक सिख ट्रक ड्राइवर की वजह से हुए एक्सीडेंट में तीन लोगों की मौत जैसे मामलों को कुछ लोग बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि उनके खिलाफ नफरत फैलाई जा सके।



श्रीनगर। कश्मीर मैराथन 2025 के दूसरे संस्करण में भाग लेते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

### दक्षिण सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 12 की मौत

**खार्तूम।** दक्षिण सूडान के कोर्डोफन राज्य में अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा दो विस्थापन केंद्रों को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 12 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्वयंसेवी समूहों ने शनिवार को दी। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार शाम को आरएसएफ ने कडुगली शहर में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के परिसर में एक आश्रय केंद्र पर ड्रोन हमला किया, जिसमें पांच बच्चों की मौत हो गई। इसने कहा कि एक अन्य ड्रोन हमले में अल-अब्बासिया तगाली क्षेत्र में एक विस्थापन शिविर को निशाना बनाया गया।

### कैरेबियाई सागर में जहाज पर अमेरिका ने किया हमला, तीन मरे

**नई दिल्ली।** कैरेबियाई सागर में एक और जहाज़ पर अमेरिका के हवाई हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी पुष्टि की।

उन्होंने कहा कि यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर किया गया और इसका निशाना एक ऐसा जहाज था जो अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के अनुसार अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था। हेगसेथ ने बताया कि हमले में तीन व्यक्ति मारे गए। यह हमला अंतर्राष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुआ और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग इन लोगों को उसी तरह से निशाना बनाएगा जैसे उसने अल-कायदा के आतंकवादियों को बनाया था। उन्होंने इन मारे लोगों को 'नार्को आतंकी' की संज्ञा दी। यह हमला पिछले सप्ताह किए गए तीन हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है। सितम्बर से शुरू हुए इस अमेरिकी 'ऑपरेशन' में अब तक वेनेज़ुएला और कोलंबिया के नागरिक सहित 62 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इस दौरान 14 जहाज और एक पनडुब्बी नष्ट हुई है। अमेरिका का दावा है कि ये सभी अभियान ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए हैं। आलोचकों का कहना है कि ये हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं।

# मेक्सिको के सुपरमार्केट में धमाके, 23 की मौत

## घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया

**मेक्सिको।** मेक्सिको के उत्तर-पश्चिमी राज्य सोनारा की राजधानी हर्मोसिल्लो में एक स्टोर में भीषण आग और विस्फोट की घटना हुई, जिसमें कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 12 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

यह हादसा शहर के डाउनटाउन इलाके में स्थित वाल्डोज स्टोर में हुआ। सोनारा के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए एक वीडियो में इस घटना की पुष्टि की और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। राज्य के अटार्नी जनरल गुस्तावो सालास चावेज ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि मौतें विषाक्त गैसों के सांस द्वारा सेवन


मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ: शीनबाम

के कारण हुई हैं। उन्होंने कहा फिलहाल ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है जिससे लगे कि आग जानबूझकर लगाई गई थी, हालांकि किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना के बाद 12 घायलों को हर्मोसिल्लो के छह अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक्सपर पोस्ट कर कहा मेरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं जिन्होंने इस भयावह हादसे में अपने प्रियजनों को खोया है। सरकार की राहत टीमें मौके पर पहुंच चुकी हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि स्टोर पूरी तरह आग की लपटों में घिरा हुआ था। एक वीडियो में एक झुलसे व्यक्ति को स्टोर के बाहर गिरते हुए देखा गया, जिससे हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।

# नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या से ट्रम्प नाराज

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमले की धमकी दी, 8 महीने के दौरान 7000 से ज्यादा ईसाई मारे गए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नाइजीरिया को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या और हमले बंद नहीं हुए, तो अमेरिका तुरंत नाइजीरियाई सरकार को दी जाने वाली सभी आर्थिक और सैन्य सहायता रोक देगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि अगर जरूरत पड़ी, तो अमेरिका 'गन के साथ' नाइजीरिया में कार्रवाई करेगा और उन आतंकियों को खत्म करेगा जो ईसाइयों पर हमला कर रहे हैं।

ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने अपने डिपार्टमेंट ऑफ वार को संभावित सैन्य कार्रवाई की तैयारी के आदेश दे दिए हैं। इंटरनेशनल सोसाइटी फार सिविल लिबर्टीज एंड द रूल ऑफ ला की एक रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7000 से अधिक ईसाइयों की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे


इन हत्याओं के बीच बोको हरम और फुलानी एक्सट्रीमिस्ट जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं

आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं। नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने कहा कि देश को धार्मिक रूप से असहिष्णु कहना गलत है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की पहचान ही धार्मिक स्वतंत्रता और समान सम्मान पर आधारित है। नाइजीरिया किसी भी धार्मिक उत्पीड़न को बढ़ावा नहीं देता। संविधान सभी धर्मों की सुरक्षा की गारंटी देता है। सरकार सभी नागरिकों की रक्षा करेगी, चाहे उनका धर्म, जाति या नस्ल कुछ भी हो। जैसे अमेरिका अपनी विविधता को ताकत मानता है, वैसे ही नाइजीरिया भी इसे अपनी शक्ति मानता है। कुछ हफ्ते पहले अमेरिकी सीनेटर टेड क्रूज ने भी कांग्रेस से अपील की थी कि नाइजीरिया को धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाला देश घोषित किया जाए। ट्रम्प ने भी कहा था कि नाइजीरिया में ईसाई अस्तित्व के संकट से गुजर रहे हैं और 'रैडिकल इस्लामिस्ट' इन हत्याओं के जिम्मेदार हैं। नाइजीरिया की 22 करोड़ की आबादी लगभग बराबरी से मुस्लिम और ईसाई समुदाय में बंटी है। देश में बोको हराम जैसे कट्टरपंथी इस्लामी संगठन लंबे समय से हिंसा कर रहे हैं। खासकर देश के उत्तरी हिस्सों में होनी वाली हिंसा का शिकार ईसाई के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय भी होता आ रहा है। कई जगह ये हमले धार्मिक कारणों से, तो कई जगह जमीन, जातीय संघर्ष, या आतंकवादी नेटवर्क की वजह से होते हैं।

# मिस्र में दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम खुला

## 3000 साल पुरानी तूतनखामेन की कब्र रखी गई, खोजने वाले 5 लोग रहस्यमयी मौत मरे

**काहिरा।** मिस्र में गीजा के पिरामिडों के पास दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम ग्रैंड इजिप्शियन आम जनता के लिए खोल दिया है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सीसी के साथ दुनिया के कई देशों के नेता उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसे बनाने में करीब 1 अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है। ग्रैंड इजिप्शियन म्यूजियम (जीईएम) की सबसे बड़ी खासियत बाय किंग तूतनखामेन की कब्र है। 1922 में ब्रिटिश पुरातत्वविद हावर्ड कार्टर ने यह कब्र खोजी थी। इसमें 5500 से अधिक वस्तुएं मिली थीं।

अब पहली बार यह सब एक ही स्थान पर आम दर्शकों के लिए रखी जा रही हैं। तूतनखामेन सिर्फ 9 साल की उम्र में मिस्र की सत्ता पर काबिज हो गया था और 18-19 वर्ष की आयु में उसकी मृत्यु हो गई थी। उसका शासनकाल 1332/1323 ईसा पूर्व था। यह

इसे बनाने में करीब एक अरब डॉलर से ज्यादा की लागत आई है

कब्र लगभग 3,000 वर्षों तक छिपी रही क्योंकि इसे चट्टानों और मलबे से ढक दिया गया था। नए म्यूजियम में हावर्ड कार्टर और उनकी टीम द्वारा तूतनखामुन के मकबरे में खोजी गई सभी कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। तूतनखामेन की कब्र का ताला 26 नवम्बर 1922 को हावर्ड कार्टर ने तोड़ा था। ब्रिटिश लार्ड कार्नार्वन ने 3000 साल पुरानी इस कब्र खोजने में लाखों पाउंड खर्च किए थे। ताला टूटने के बाद सबसे पहले वे ही अंदर गए। कब्र के प्रवेश द्वार पर कोई शिलालेख नहीं मिला, लेकिन स्थानीय मजदूरों ने फुसफुसाया कि जो राजा की नींद तोड़ेगा, मौत उसके पंखों से आएगी। लगभग 5 महीने बाद 5 अप्रैल 1923 को लार्ड कार्नार्वन की रहस्यमयी मौत हो गई। करीब सुबह 6 बजे लार्ड कार्नार्वन की चीखें होटल के हाल में गूंजीं। उसी रात 1:55 बजे काहिरा शहर में अचानक बिजली गुल हो गई थी।, लेकिन सबसे चौंकाने वाली खबर इंग्लैंड से आई। हैम्पशायर में लार्ड की पालतू कुत्ती 'सूसी' ने तीन बार भौंका और मर गई। कार्नार्वन के अलावा 4 लोग और मारे गए। इनमें शामिल था। ममी का एक्स-रे करने वाले- आर्चिबाल्ड डगलस रीड, अज्ञात बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। कब्र की खुदाई में शामिल पुरातत्वविद्-ह्यू एवेलिन व्हाइट, आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने खून से दीवार पर लिखा था कि मैं श्राप के अधीन हूं और मुझे मरना ही होगा। हावर्ड कार्टर की टीम के सदस्य-आर्थर माचेन्थ, कब्र की खोज के दो साल बाद अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से मौत हो गई।

### पाक ने अफगान शरणार्थियों की वापसी के लिए तोरखम सीमा फिर से खोली

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अफ़ग़ान शरणार्थियों की स्वदेश वापसी के लिए उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तोरखम सीमा को फिर से खोल दिया है। यह जानकारी अधिकारियों ने शनिवार को दी। प्रांत के खैबर जिले के डिप्टी कमिश्नर बिलाल राव ने मीडिया से शनिवार को कहा कि आज सुबह सीमा पार से परिचालन फिर से शुरू किया गया जिससे उन अफगान परिवारों को वापस भेजा जा सके जो हफ्तों से पाकिस्तान में इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों अफगान नागरिक आव्रजन केंद्र पर पहुंच चुके हैं।

### अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता संभव: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि तेहरान, अमेरिका के साथ सीधी बातचीत में दिलचस्पी नहीं रखता है लेकिन अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता किया जा सकता है।


अराघची ने शनिवार को कतर के अल जजीरा को दिए गए साक्षात्कार में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित चिंताओं का समाधान करने के लिए वार्ता की तत्परता दिखाई। उन्होंने कहा कि हम वाशिंगटन के साथ प्रत्यक्ष वार्ता करने के इच्छुक नहीं हैं लेकिन हम अप्रत्यक्ष वार्ता के माध्यम से समझौता कर सकते हैं। अपने परमाणु कार्यक्रम की शांतिपूर्ण प्रकृति को दोहराते हुए अराघची ने कहा कि ईरान के यूरेनियम संवर्धन को रोका नहीं जा सकता है और जो युद्ध से प्राप्त नहीं किया जा सकता है वह राजनीति के माध्यम से भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश का 400 किलोग्राम भंडार, जिसमें 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम है, अभी भी ईरान के बमबारी वाले परमाणु संयंत्रों के मलबे के नीचे दबा हुआ है और उसे किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे परमाणु सुविधाओं में संरचनाओं एवं उपकरणों दोनों मामले में हमें बहुत नुकसान हुआ है लेकिन हमारी तकनीक बरकरार है।

# रूस ने लॉन्च की 'खाबरोवस्क' पनडुब्बी

## पनडुब्बी पोसेइडान नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, तटीय शहरों को एक झटके में कर सकती है खाक

**मास्को।** रूस ने एक और शक्तिशाली हथियार के रूप में अपनी नई परमाणु पनडुब्बी 'खाबरोवस्क' लॉन्च की है। यह पनडुब्बी पोसेइडान नामक परमाणु ड्रोन से लैस होगी, जिसे 'डूम्सडे मिसाइल' भी कहा जाता है क्योंकि यह तटीय देशों को पूरी तरह नष्ट करने की क्षमता रखती है। इस ऐतिहासिक लॉन्चिंग समारोह में रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोउसव और नौसेना प्रमुख एडमिरल अलेक्जेंडर मोइसयेव मौजूद थे।

सेवरोडविंस्क के सेवमाश शिपयार्ड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बेलोउसव ने कहा आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है भारी परमाणु-संचालित मिसाइल क्रूजर 'खाबरोवस्क' लॉन्च किया जा रहा है। सेवमाश शिपयार्ड वही स्थान है जहां भारत के आईएनएस विक्रमादित्य एयरक्राफ्ट कैरियर का भी निर्माण और पुनर्निर्माण किया गया था। रूस के रक्षा


इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है

मंत्रालय के अनुसार, यह पनडुब्बी अत्याधुनिक अंडरवाटर हथियारों और रोबोटिक सिस्टम्स से लैस है, जो रूस की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और वैश्विक जलक्षेत्रों में उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगी। रूसी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, 'खाबरोवस्क' का डिजाइन रूबिन डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और यह आधुनिक नौसेना अभियानों के लिए विकसित की गई है। यह एक परमाणु-संचालित अंडरवाटर ड्रोन है, जो अत्यधिक गहराई और लंबी दूरी तक जा सकता है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में घोषणा की थी कि पोसेइडान का सफल परीक्षण किया गया है। इस ड्रोन में लगाया गया न्यूक्लियर पावर प्लांट पारंपरिक सबमरीन रिएक्टर से 100 गुना छोटा है। रूस की सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने इस हथियार को डूम्सडे मिसाइल करार दिया, जबकि रूसी संसद की रक्षा समिति के प्रमुख अंद्रेई कार्तापोलोव ने कहा कि यह ड्रोन पूरे तटीय देशों को खत्म करने में सक्षम है। विशेषज्ञों का कहना है, इस लॉन्च के साथ रूस ने संकेत दिया है कि वह भविष्य की अंडरवाटर युद्ध तकनीक में दुनिया से कई कदम आगे बढ़ चुका है।

# रूसी संपत्तियां जब्त करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**बेलग्रेड।** रूस में सोशलिस्ट पार्टी आंदोलन के संस्थापक, सर्बियागास के पर्यवेक्षी बोर्ड के अध्यक्ष और सर्बिया में रूसी ऐतिहासिक सोसायटी शाखा के प्रमुख अलेक्जेंडर वुलिन ने कहा कि यूरोपीय संघ उस स्थिति में रूसी संपत्तियों को जब्त करने की हिम्मत नहीं करेगा जब उसे कड़ी प्रतिक्रिया मिलने की आशंका होगी।

उन्होंने ए बातें आरआईए नोवोस्ती एक साक्षात्कार में कही। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने सितम्बर में रूस की ज़ब्त संपत्तियों का उपयोग करके यूक्रेन को एक नया ऋण आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था। सुलेएन के अनुसार, यूक्रेन तभी ऋण चुकाएगा जब रूस हर्जाना भरेगा। हालांकि यूरोपीय संघ में इस ऋण पर आम सहमति नहीं है। अक्टूबर में, रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा कि रूस द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए यूरोपीय संघ के प्रस्ताव वास्तविकता से परे हैं और उन्होंने जर्मनी पर लंबे समय से रूसी संपत्तियों को ज़ब्त करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर मास्को की फ्रीज संपत्ति जब्त की गई तो वह निश्चित रूप से बहुत ही कठोर जवाब देगा। सर्बिया के पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे वुलिन ने कहा कि अगर वे पूरे इतिहास में रूसी उपनिवेशों को लूटते रहे हैं तो उन्होंने रूस की संपत्ति क्यों नहीं ज़ब्त की? जो लोग उनसे कमज़ोर थे, वे भी रूस को लूटेंगे अगर उन्हें लगता है कि उन्हें इसकी सज़ा नहीं मिलेगी। वे रूसी संपत्ति ज़ब्त करेंगे या नहीं यह सिर्फ़ जवाबी शक्ति पर निर्भर करता है।

